RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 178 | ग्वालियर शनिवार 8 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## स्थानीय निवासियों के सड़क के मुद्दे को प्राथमिकता से किया था प्रकाशन खबर का हुआ असर मंत्री कमल पटेल ने भेजा सड़क का मंजूरी लेटर क्षेत्रवासियो में खुशी की लहर

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**


राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पटेल के द्वारा प्रसिद्ध देव क्षेत्र आदोल्या मेला पक्की सड़क के आश्वासन दिखा हवा हवाई

खबर का हुआ असर

**दमोह** - दमोह विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मडला आदोलिया देव स्थल क्षेत्र एवं मेला नाम से प्रचलित मकर संक्रांति के पावन त्यौहार के शुभ अवसर पर देव स्थल क्षेत्र में दर्शनार्थी भारी संख्या में पहुंचते हैं। एक दिन पूर्व वहां से निकल रहे ,दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अखबार जिला प्रतिनिधि को आस-पास के लोगों के द्वारा मिली जानकारी अनुसार पक्की सड़क न होने से हो रही परेशानियों के चलते खबर को प्रकाशित किया गया था। फिर अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल के वहां से खबर को संज्ञान में लेते हुए। दैनिक केसरिया हिंदुस्तान के जिला प्रमुख को जानकारी देते हुए, अवगत कराया कि ग्राम खैरी से ग्राम मडला- आदोलिया पक्की सड़क मार्ग कुछ माह पहले मंजूर हो गई है जोकि जल्दी ही कार्य प्रगति पर होगा ताकि आवागमन में हो रही लोगों को परेशानियों से निजात मिलेगी।

## फर्जी शपथ पत्र के सहारे ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन की भूमि का मुआवजा राशि हड़पने का आरोप

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**




**सिंगरौली/देवसर**- ललितपुर सिंगरौली रेल परियोजना का मामला ठंडा पड़ने का नाम ही नहीं ले रहा है।ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है जहां पीड़ित रामनिवास सिंह ने पत्राचार के माध्यम से फर्जी शपथ पत्र के आधार पर मुआवजा राशि दूसरों के खाते में देने का आरोप लगाया है।

**रामनिवास 10 फरवरी से बैठेंगे एसडीएम कार्यालय के सामने आमरण अनसन :** ललितपुर सिंगरौली रेल परियोजना में प्रभावित एक किसान की भूमि का मुआवजा राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।पीड़ित रामनिवास ने स्थानीय प्रशासन से असंतुष्ट होकर न्याय पाने के लिए 10 फरवरी 2025 से देवसर उपखंड कार्यालय के सामने आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा की है।

**एक नज़र गंभीर आरोप पर :** पीड़ित के अनुसार ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन से जुड़े याचिका क्रमांक 9139/2023 में उच्च न्यायालय,जबलपुर द्वारा 28 जनवरी 2025 को आदेश जारी किया गया था,जिसमें अवार्डधारी भूमि स्वामी के नाम से ही राशि आहरण किए जाने के निर्देश दिये गये थे।वहीं शिकायतकर्ता ने 11 दिसंबर को देवसर उपखंड कार्यालय में शिकायती पत्र देकर गलत तरीके से किए गए भुगतान को भूमि स्वामी के नाम किए जाने की मांग की थी।किंतु शिकायत के बावजूद भी पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई,जबकि फर्जी शपथ पत्र प्रमाणित हो चुका है,वहीं उपखंड अधिकारी ने थाना जियावन को पत्र लिखा,लेकिन थाना प्रभारी ने अब तक जांच शुरू नहीं की।

**शिकायतकर्ता का आरोप :** शिकायतकर्ता ने अपने शिकायती पत्र में यह भी लेख किया है कि हमारे द्वारा उपखंड कार्यालय में दिए गए आवेदन पर मात्र पत्राचार की कार्रवाई सामने आई है,जबकि दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।वहीं शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि हमें परेशान करने के लिए निजी कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य व्यक्तियों के द्वारा दबाव भी डाला जा रहा है।

**शिकायतकर्ता की प्रमुख मांग :** फर्जी शपथ पत्र की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया जाए।तथा अवैध रूप से आहरित राशि को वापस किया जाए।प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जा रही लापरवाही पर उचित कार्रवाई की जाए।

## प्रसव के दौरान महिला की मौत के बाद पठेड में अवैध नर्सिंग होमो पर छापेमारी

### पठेड में अवैध जच्चा बच्चा केंद्र व अवैध क्लिनिकों को किया जाएगा सील- डा.धर्मवीर सिंह

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरों जाती राम**




**पठेड-** प्रसव के दौरान महिला की मौत होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहारनपुर ने एक टीम बनाकर कस्बा पठेड में भेजी।चिलकाना के समीप कस्बा पठेड में पुलिस चौकी रॉड पर तमन्ना लाईफ हैल्थ केयर सेंटर व बस स्टेंड के समीप संगीता नर्सिंग होम पर छापेमारी कर दोनों नर्सिंग होम सील कर कानूनी कार्यवाही की।चिलकाना क्षेत्र के कस्बा पठेड में तीन दिन पूर्व प्रसव के दौरान अंशुमन पत्नी आदित्य शर्मा निवासी दूधगढ़ की मौत हो गई थी जिसमें मृतक के मायकेवालों ने नर्सिंग होम में हंगामा काट दिया और महिला चिकित्सक के खिलाफ तहरीर देकर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की थी।

जिसमें बृहस्पतिवार को शाम छ- बजे मृतक महिला अंशुमन का पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया था और मृतक महिला अंशुमन के भाई विवेक शर्मा निवासी जगाधरी हरियाणा ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन को चिकित्सक द्वारा सही इलाज नहीं दिया गया जिससे प्रसव के दौरान उसकी मौत हो गई ओर मैडिकल स्टोर की आड़ में ही डा.संगीता महिलाओं के प्रसव करा रही है जिस कारण उसकी बहन की मौत हो गई । वही परिवार के लोग व रिश्तेदारों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहारनपुर को बताते हुए कहा कि डाक्टर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए और झोलाछाप डॉक्टर को सजा दी जाए। जिसको लेकर चिकित्सा अधिकारी ए.सी.एम.ओ. डा. धर्मवीर सिंह शुक्रवार दोपहर को पठेड में पहुंचकर पुलिस चौकी रॉड पर चल रहे अवैध तमन्ना लाईफ केयर सेंटर पर गए लेकिन वह कोई कागजात नहीं दिखा सकी और तमन्ना हैल्थ केयर सेंटर को सीज कर दिया गया। वही दूसरी ओर जहां पर महिला अंशुमन पत्नी आदित्य शर्मा की प्रसव के दौरान मौत हुई थी संगीता नर्सिंग होम व ओम मैडिकल स्टोर को भी ए सी एम ओ ने सील कर दिया है और अन्य डाक्टरों को भी नोटिस देकर जवाब देही की बात कही है । ए.सी.एम.ओ डा. धर्मवीर सिंह का कहना है कि यदि कोई भी चिकित्सक अवैध तरीके से जच्चा बच्चा सेंटर चलाते हुए पाया गया तो उस पर भी कानूनी कार्यवाही कर क्लिनिक को सील किया जाएगा और उसके ऊपर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने पंचायत निधि से किया 30 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण

### आप हमें काम बताए, काम कराना हमारी जिम्मेदारी - किशन चौधरी

### इच्छा शक्ति होनी चाहिए काम कराने की

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**



**मथुरा।** पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत विकास खंड नौहझील के ग्राम मुसमुना पुराना शिवचरन जाटव के घर से मुसमुना मार्ग की ओर सीसी सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण पंचायत निधि से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने किया। वहीं उन्होंने मनीगढ़ी में ईंट खरंजा एवं नाली खडंजा का शिलान्यास किया है, जिनकी अनुमानित लागत 30 लाख रूपये है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष का गणमान्य नागरिकों ने चांदी का मुकुट, पटुका, फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रसिद्ध गायकों ने अच्छी अच्छी प्रस्तुतियां देकर जिपं अध्यक्ष को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। शिलान्यास/लोकार्पण कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां और विकास कार्यों से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कहा कि मैंने ऐसा कोई गांव नहीं छोड़ा है जिसमें पांच साल में विकास नहीं कराया हो। मेरे ब्रज की बहिन बेटी (मातृशक्ति) को पहले कीचड़ व जलभराव में से निकलना पड़ता था, अब उन्हें एक गांव से दूसरे गांव में जाने पर कीचड़ का सामना नही करना पड़ रहा है। पूरे जिले में ऐसा कोई गांव, जहां विकास कार्य नहीं हुआ, उसे हमें बताएं, काम कराने की जिम्मेदारी हमारी है, सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है, बस आप काम बताए मैं कराकर दूंगा। काम कराने की कमी है, इच्छा शक्ति होनी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधानों, गणमान्य नागरिकों सहित प्रताप सिंह राणा उर्फ पप्पू प्रधान आदि के अलावा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## डॉ. ओबराय ने सरबत का भला ट्रस्ट के माध्यम से शुरू की नई सेवा

### हवाई अड्डे पर आने वाले मृतक शवों और बीमारों को घर तक पहुँचाने की उठाई जिम्मेदारी

### पंजाब के अलावा अन्य राज्यों के लोगों के लिए भी होगी फ्री एंबुलेंस सेवा- डॉ. ओबराय

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**



**अमृतसर।** - अपने मिसाली सेवा कार्य के कारण पूरी दुनिया में जाने जाते दुबई के प्रसिद्ध कारोबारी और सरबत का भला चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख डॉक्टर एस.पी सिंह ओबरॉय ने एक बार फिर निवेकली पहल करते हुए श्री गुरु रामदास अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर में किसी भी देश से पहुंचने वाले मृतक शवों और बीमार व्यक्तियों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत आज डॉक्टर ओबेरॉय की तरफ से मुफ्त एंबुलेंस को ट्रस्ट की अमृतसर इकाई को सौंपा गया है। डॉक्टर ओबेरॉय द्वारा यह मुफ्त एंबुलेंस सेवा तीसरी पातशाही गुरु अमर दास जी की 400 वर्षीय गुरतागद्दी को समर्पित की गई है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉक्टर ओबराय ने बताया कि उनके द्वारा पिछले लंबे समय से अरब देशों सहित अन्य देशों में अपनी जान खोने वाले बदनसीब लोगों के मृतक शव परिजनों तक पहुंचाने की सेवा निभाते देखने में आया था कि बहुत से जरूरतमंद परिवार अपने लड़के लड़कियों के मृतक शरीर घर लेकर जाने के लिए एंबुलेंस का प्रबंध भी नहीं कर सकते थे, जिसको देखते हुए उनके द्वारा आज से हवाई अड्डा अमृतसर में किसी भी देश से पहुंचने वाले मृतक शरीर और आम गाड़ी में सफर करने से समर्थ ना होने वाले व्यक्तियों को मुफ्त एंबुलेंस सेवा दी जाएगी। उन्होंने जहां यह भी स्पष्ट किया है कि यह सेवा पंजाब के अलावा अन्य राज्यों के लोगों के लिए भी होगी। डॉक्टर ओबराय ने युवाओं के माता-पिता को अपील करते कहा कि वह अपने बच्चों को अगर विदेश में भेजना चाहते हैं तो उनको पहले उच्च शिक्षा और कित्ता मुखी शिक्षा दिलाने के अलावा सही दस्तावेजों और जायज तरीके के साथ ही भेजे।

इस मौके ट्रस्ट के पंजाब अध्यक्ष सुखजिंदर सिंह हेर, मीडिया एडवाइजर रविंद्र रॉबिन, सलाहकार सुखदीप सिद्धू, जिला अध्यक्ष शीशपाल सिंह लाडी, महासचिव मनप्रीत सिंह संधू, वित्त सचिव नवजीत सिंह घई, मनप्रीत सिंह अन्य भी मौजूद थे। कैप्शन - ट्रस्ट की अमृतसर इकाई को एंबुलेंस की चाबियां सौंपने मौके ट्रस्ट के प्रमुख डॉक्टर एसपी सिंह ओबराय, उनके साथ अध्यक्ष सुखजिंदर सिंह हेर और अन्य।

## अमेरिका से प्रवासी भारतीयों के अन्याय पूर्ण निष्कासन के खिलाफ कांग्रेस ने ट्रंप और मोदी का पुतला फूंका

### जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन कहा मोदी सरकार अपने देश से मौजूद अमेरिका के नागरिकों को बाहर निकाले

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**




**मथुरा।** अमेरिका के द्वारा हाल ही में प्रवासी भारतीयों को अमानवीय तरीके से निष्कासन किए जाने के मामले को लेकर के कांग्रेस ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। उनके द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने भारत सरकार से मांग की है कि अपने देश में मौजूद अमेरिका के सभी नागरिकों को निकाल कर बाहर करें और अमेरिका में मौजूद भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही विश्व पटल पर भारत की जो छवि खराब हुई है उसके लिए सार्वजनिक वक्तव्य जारी होना चाहिए। शुक्रवार को सभी कांग्रेसी जिला कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए और वहां से निकलकर होली गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। उनके द्वारा इस दौरान अमेरिका के द्वारा प्रवासी भारतीयों को अमानवीय तरीके से अपमानजनक तरीके से देश से बाहर निकाले जाने के मामले को लेकर के जोरदार प्रदर्शन किया और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। उन्होंने ट्रंप और मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उनके साथ यह नेता अशोक शर्मा पृकाश शर्मा महेश चोबे दुर्गेश बघेल विजय सिंह लोधी गिर्राज सिंह छोकर सचेन्द गोतम कन्हैया शर्मा नन्द किशोर बच्चू सिंह सलीम अब्बासी राहुल शर्मा पुनीत बघेल पार्षद अबरार पार्षद मनोज शर्मा एडवोकेट बृजेश शर्मा एडवोकेट राजेन्द्र बशिष्ठ एडवोकेट डॉ विजय नारायणन मनोज गौड नीलेश जादौन एड मौजूद रहे।

## अपार आईडी को लेकर सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य में आक्रोश

**केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता**

राम सनेही घाट ।बाराबंकी छात्रों की अपार आईडी को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग के नोडल व उच्च शिक्षा अधिकारी बेसिक विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य व बेसिक विभाग के निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों आईडी न बनने के कारण मान्यता प्रत्याहारन की धमकी देते हैं। जिससे सभी प्रधानाचार्य में आक्रोश व्याप्त है वित्तविहीन शिक्षक महासभा भी छात्रों की अपार आईडी बनने के पक्षधर है लेकिन छात्रों के विद्यालय अभिलेख अनुसार एवं आधार कार्ड में भिन्नता के कारण कुछ छात्रों की अपार आईडी नहीं बन पा रही यह जानकारी वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने विज्ञप्ति जारी कर दी है उन्होंने कहा यदि शिक्षा विभाग की अधिकारी प्रधानाध्यापक को और प्रधानाचार्य को नाजायज उत्पीड़न करेंगे तो शिक्षक महासभा इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मर्यादा का उल्लंघन न करें अन्यथा की स्थिति वित्तविहीन शिक्षक महासभा भी मर्यादा का उल्लंघन करने के लिए बाध्य होगी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नहीं मालूम की नेटवर्किंग व्यवस्था फेल होने के कारण छात्रों का आधार कार्ड मैं माता-पिता का नाम तथा छात्र की जन्मतिथि और पता गलत होने के कारण आधार में सुधार करवाने के लिए बैंकों जनसेवा केंद्रों पर भीड़ हो रही है।

# खाटू श्याम कथा से मिलती है मुक्ति : पंडित घनश्याम शास्त्री जी महाराज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101





**ग्वालियर।** माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम में चल रही श्री खाटू श्याम कथा सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने तीसरे दिन की कथा सुनाते हुए कहा कि भीष्म पितामह का जन्म राजा शांतनु और गंगा के घर हुआ था। गंगा ने भीष्म पितामह को जन्म देने के बाद उन्हें नदी में बहा दिया था. शांतनु ने गंगा से पूछा कि उन्होंने अपने बेटे को क्यों नदी में बहा दिया, तो गंगा ने कहा कि राजा आपने मेरी शर्त तोड़ी है।

शांतनु ने गंगा की शर्त मान ली और देवव्रत को बचा लिया. भीष्म पितामह ने अपने पिता के लिए आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करने की प्रतिज्ञा ली थी उन्होंने राजा बनने के बावजूद हस्तिनापुर के सिंहासन का त्याग कर दिया था. भीष्म पितामह महाभारत युद्ध में कौरवों की तरफ़ से लड़े थे शास्त्री जी ने बताया कि हस्तिनापुर के राजा शान्तनु और उनकी रानी सत्यवती से दो पुत्र हुए चित्रांगद और विचित्रवीर्य। बच्चे छोटे ही थे, जब शान्तनु स्वर्ग सिधार गए। इन बच्चों का पालन पोषण भीष्म (गंगा तथा शान्तनु के पुत्र) ने किया। फिर चित्रांगद का राज्याभिषेक किया गया, लेकिन गंधर्वों के साथ युद्ध में उनकी भी जान चली गई। फिर राजगद्दी विचित्रवीर्य को मिली। उधर काशीराज ने अपनी तीन कन्याओं अम्बा, अम्बिका और अम्बालिका के लिए स्वयंवर का आयोजन किया था। भीष्म ने सभी राजाओं को परास्त किया और तीनों को वह हस्तिनापुर ले आए। बाद में पता चला कि बड़ी कन्या अम्बा राजा शाल्व के लिए समर्पित हैं तो उन्हें उनके पास भिजवाया गया और बाकी दोनों कन्याओं की शादी विचित्रवीर्य के साथ करवाई गई इस अवसर पर अध्यक्ष पवन भटनागर ,चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव ,रजनी कुशवाह ,धर्मेश भटनागर ,हरिओम शर्मा ने आरती की।

# मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की तैयारियां जारी

## 10 फरवरी को होगा कवि सम्मेलन




**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की तैयारियां जारी हैं। इस कवि सम्मेलन में देश एवं दुनियाभर में विख्यात वीर रस, श्रृंगार एवं हास्य-व्यंग के कवियों का काव्य पाठ सुनने का सुअवसर ग्वालियरवासियों को मिलने जा रहा है। मेला अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह ने बताया कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में 10 फरवरी को आयोजित होने जा रहे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में काव्य पाठ के लिये अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वीर रस के वरिष्ठ कवि डॉ. हरिओम पवार मेरठ सहित अन्य सुविख्यात कविगण काव्य पाठ करने आ रहे हैं। इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अंतराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिनाम हास्य-व्यंग कवि डॉ. सुरेश अवस्थी कानपुर, व्यंगकार श्री राजेश चेतन नई दिल्ली, हास्य कवि श्री जोनी बैरागी धार, पैरोडी के लिये प्रसिद्ध श्री सुदीप भोला जबलपुर एवं श्रृंगार की कवियत्री डॉ. रुचि चतुर्वेदी का काव्य पाठ प्रस्तावित है। देश भर में राम गीत से प्रसिद्ध हुए इंदौर के कवि श्री अमन अक्षर के काव्य पाठ का आनंद भी इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में साहित्य प्रेमी उठा सकेंगे। इनके अलावा वीर रस के युवा कवि श्री राम भदावर इटावा और प्रयागराज से पधार रहे डॉ. विनम्र सिंह सेन की श्रृंगार रस से ओतप्रोत कविताएं भी सुनने को मिलेंगीं। ग्वालियर के जाने-माने कवि एवं मंच संचालक डॉ. रामकिशोर उपाध्याय अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के सूत्रधार होंगे।

# अनिरुद्ध शर्मा ने करवाया गौ भंडारा भुखी गायों को खिलाया गया हरा चारा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान



ग्राम असवार के निवासी पूर्व सरपंच रामबाबू शर्मा के पुत्र गौसेवक अनिरुद्ध शर्मा ने लहार नगर में गौरक्षक संतोष चौहान द्वारा प्रतिदिन किये जाने वाले गौ भडारे में के सेवा कार्य में सहभागी वन कर स्वैच्छिक सहयोग राशि दी जिससे रोड पर भटकने वाली भुखी बेसहारा गायों के खाने के लिए हरा चारा डलवाया गया गौरक्षक संतोष चौहान ने यूवा गौभक्त अनिरुद्ध शर्मा के उज्जवल भविष्य दीर्घायु के लिए गौमाता से प्राथना की

# सायबर अपराधों से बचाव की भिंड पुलिस ने की अपील

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान




श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ असित यादव जी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव पाठक जी के निर्देशन में चल रहा है भिंड पुलिस का सेफ क्लिक अभियान स्त्रश्श्न लहार से प्रवीण त्रिपाठी जी तथा थाना प्रभारी लहार रविन्द्र शर्मा द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को किया सायबर अपराधों के प्रति जागरूक महिला और पुलिस खिलाड़ियों ने की आमजन से अपील

- अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करे
- अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करें
- किसी भी तरह के लॉटरी या अन्य प्रलोभन में नहीं आए
- किसी भी व्यक्ति को फोन पर किसी भी तरह की ओटीपी नहीं दें
- फोन पर या इंटरनेट के माध्यम से कोई भी अधिकारी बनकर फोन करता है तो उसके दबाव में नहीं आए डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता
- आपका पहचान वाला बनकर कोई आपको वाट्सअप या अन्य माध्यम से रुपए पैसों की मांग करता है तो पहले संतुष्ट हो उसके बाद ही मदद करे ।

**सतर्क रहे , जागरूक रहे सतर्कता ही सायबर अपराधों से बचाव का तरीका है भिंड पुलिस सदैव आपके साथ**

# रेत माफियाओं पर प्रशाशन का कहर जारी ज़ोरदार कार्यवाही

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर



चम्बल नदी के नगरा घाट पर अवैध परिवहन कर हजारों ट्राली रेत डंप कर चम्बल के बीहड़ में रखकर कई पंचायतों मै सरकारी कार्यों मै किया जा रहा रेत का उपयोग प्रशासन को खबर मिली कि नगरा घाट के बीहड़ में मरघटा के पास हजारों ट्राली रेत डंप रखा है तो बन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर रेत को जमीदोज किया । चंबल नदी का रेत सरकारी निर्माणों में इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन जनता के लिए इस रेत पर प्रतिबंध है। पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका, पुलिस विभाग व प्रशासनिक स्तर से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में चंबल के रेत को मनमानी छूट मिली हुई है। वहीं शहर से कस्बों तक यदि कोई मकान, दुकान या अन्य निर्माण के लिए चंबल का रेत ले जाता पकड़ा जाता है तो उसे अवैध माना जाता है। मजबूरी में लोगों को चोरी छिपे महंगे दामों पर रेत खरीदना पड़ रहा है इस सम्बन्ध में बन विभाग के अधिकारी रेंजर दीपक शर्मा जी से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी जब तक रेत डंप पूरी तरह से नष्ट ना हो जाए।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत स्पेशल ट्रेन से मुरैना जिले के 279 तीर्थ यात्री रवाना एसडीएम मुरैना ने स्पेशल ट्रेन को रवाना किया



**मुरैना।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी ''मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन'' योजना उन गरीब वृद्धों के लिये लाभकारी सिद्ध हो रही है, जो वृद्ध पूरी उम्र में तीर्थ दर्शन के लिये नहीं पहुंच पाये थे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत मुरैना जिले से शुक्रवार को प्रातः 8 बजे 279 वृद्धों को स्पेशल ट्रेन द्वारा रामेश्वरम् के लिये रवाना किया गया है, सभी वृद्धजनों की यात्रा सकुशल पूर्ण हो। उनके साथ 6 अनुरक्षक और 05 सुरक्षा बल भी भेजे गये है, ताकि उन्हें दर्शन कराकर लाये। एसडीएम मुरैना श्री बीएस कुशवाह ने स्पेशल ट्रेन को मुरैना रेलवे स्टेशन से रवाना किया। मौके पर एसडीएम ने तीर्थ यात्रियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर कहा कि सभी दर्शन करके आयें और धर्म लाभ प्राप्त करें। उन्होंने रामेश्वरम् जाने के लिये बधाई एवं शुभकामनायें दी। ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार गरीब वृद्धजनों को तीर्थ दर्शन करा रही है, कोई भी वृद्ध इस योजना से वंचित नहीं रहे। यात्रा में शासन द्वारा सभी सुविधायें वृद्धजनों को कराई जायेगी, यात्रा के दौरान खाने की सुविधा से लेकर अन्य रूकना, दर्शन कराना सभी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में निःशुल्क शामिल है। इस अवसर पर तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# आज विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी



**मुरैना।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंधक ने बताया है कि सिमेचेल इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा लाइन मेंटेनेश के कार्य किये जाने के कारण 08 फरवरी को पूर्वान्ह 11 से सायं 05 बजे तक सिटी फीडर और कब्रिस्तान फीडर की विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी। प्रबंधक ने बताया कि सिटी फीडर से संबंधित क्षेत्र प्यारा होटल, गांधी औषधालय रोड़, गर्ल्स कॉलेज, जिला पंचायत के सामने वाला क्षेत्र, गोपीनाथ की पुलिया, पंचायती धर्मशाला, मिल एरिया रोड़, माहौर कॉलोनी, सब्जी मंडी और कब्रिस्तान फीडर से संबंधित क्षेत्र मॉडल स्कूल, नाला नंबर 02, नाउपुरा, कब्रिस्तान रोड़, आयशा मस्जिद, हीरामन मंदिर वाला क्षेत्र एवं नेकाड़ी डी.पी. वाले क्षेत्र की विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरकलां में आयोजित स्क्रीनिंग कैम्प में 1183 मरीजों ने कराये पंजीयन



**मुरैना।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत स्वास्थ्य कैम्प जिला प्रशासन के सहयोग से 26 मार्च से 02 अप्रैल तक जिला मुख्यालय मुरैना पर लगाया जा रहा है। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के नेतृत्व में 19 स्थानों पर स्क्रीनिंग कैम्प लगाये जाने के लिये कैलेण्डर जारी किया गया है। सबलगढ़ एसडीएम श्री अरविन्द माहौर के मार्गदर्शन में 07 फरवरी, शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरकलां में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किया गया। स्क्रीनिंग कैम्प में 1 हजार 183 लोगों ने पंजीयन कराये, जिनमें से 99 मरीज गंभीर रेफरल हायर सेन्टर, ऑपरेशन के लिये चिन्हित किये गये। कैम्प में जनरल ओपीडी के 184, मेडीसन के 188, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ के 55, शिशु रोग 94, दंत रोग 46, सर्जरी विशेषज्ञ 43, हड्डी एवं जोड़ रोग के 165, स्त्री रोग 117, मनोरोग विशेषज्ञ 12, त्वचा रोग के 65 और नेत्र रोग 214 मरीजों ने पंजीयन कराये। इस अवसर पर तहसीलदार, जनपद सीईओ, रोटरी क्लब मुरैना से श्री संजीव अग्रवाल, श्री जलेश सरिन, श्री अशोक भदौरिया सहित खंड स्तर के स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 10 फरवरी को



**मुरैना।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रति माह 09 एवं 25 तारीख को किया जाता है। इस माह 09 फरवरी को रविवार होने के कारण इस शिविर का आयोजन 10 फरवरी को नवीन जिला चिकित्सालय के ओपीडी में किया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया जायेगा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व स्वास्थ्य शिविरमें इन्चार्ज ऊषा तोमर, डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर, हेल्प डेस्क सुमन द्वारा जांच भी जायेगी। आरएमओ डॉ. डीएस यादव ने आमजन से अपील की है कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को जांच परीक्षण के लिये अवश्य भेंजे, जिससे जच्चा और बच्चा के होने वाले खतरे का पता कर इलाज दिया जा सके।

# साइबर ठगी से बचाने स्कूलों में विशेष अभियान पुलिस ने छात्रों को दी साइबर क्राइम की जानकारी



**श्योपुर।** जिला पुलिस की ओर से साइबर अपराधों से बचाव के लिए स्कूलों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशानुसार में शुक्रवार को कराहल, बड़ोदा, ढोढर और मानपुर क्षेत्र के स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के गुर महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। कराहल थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो खुद को बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज या किसी सरकारी विभाग का कर्मचारी बताए और निजी जानकारी मांगे, तो उसे कभी भी कोई जानकारी नहीं देनी चाहिए। महिला थाना प्रभारी यास्मीन खान ने साइबर ठगों के नए तरीकों से आगाह किया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर लोगों से दोस्ती करते हैं और धीरे-धीरे उनकी निजी जानकारी, फोटो और बैंक खातों की डिटेल्स हासिल कर लेते हैं। इसके बाद वे इन सूचनाओं का दुरुपयोग कर पीड़ितों के खातों से पैसे निकाल लेते हैं। पुलिस टीम ने बताया कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपना रहे हैं, जिनसे लोगों की प्रतिष्ठा और वित्तीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसलिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय सतर्क रहना बेहद जरूरी है। विशेषकर इंटरनेट बैंकिंग और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# चंबल को मिले 20 नए मेहमान देवरी प्रजनन केंद्र से लाए गए 12 नर और 8 मादा घड़ियाल



**मुरैना।** मुरैना में वन विभाग ने गुरुवार को चंबल नदी की जैव विविधता को बचाने के लिए 20 घड़ियालों को नदी में छोड़ा गया है। देवरी स्थित घड़ियाल प्रजनन केंद्र में पले इन घड़ियालों में 12 नर और 8 मादाएं शामिल हैं। सभी की उम्र दो वर्ष से अधिक है। इस पुनर्वास कार्यक्रम के तहत इन घड़ियालों को विशेष बक्सों में रखकर दांतरदा घाट लाया गया और वहां सावधानीपूर्वक चंबल नदी में छोड़ दिया गया। बता दें कि, चंबल नदी देश में घड़ियालों के प्राकृतिक आवासों में से एक है, लेकिन बीते कुछ सालों में इनके अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था। इसी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने घड़ियालों के संरक्षण और उनकी संख्या बढ़ाने के लिए यह प्रयास किया। अधिकारियों ने बताया कि इन घड़ियालों को चंबल नदी के उन स्थानों पर छोड़ा गया है, जहां पानी गहरा है और मानवीय दखल कम से कम हो, ताकि वे आसानी से प्राकृतिक माहौल में ढल सकें।

देवरी स्थित घड़ियाल प्रजनन केंद्र में जन्मे और पले-बढ़े इन घड़ियालों को लंबे लकड़ी के बक्सों में सुरक्षित रूप से रखकर दांतरदा घाट तक लाया गया। जब इन्हें नदी किनारे ले जाकर बक्सों के मुंह खोले गए, तो घड़ियाल तेजी से बाहर निकले और सीधे नदी में बह गए। कुछ घड़ियाल तुरंत पानी में गोता लगाकर दूर चले गए, जबकि कुछ कुछ देर तक किनारे पर रुके और फिर धीरे-धीरे आगे बढ़े। घड़ियालों को नदी में छोड़ने की इस प्रक्रिया के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी और वन विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। इस मौके पर उप मंडल अधिकारी योगेंद्र कुमार पारधे, उपवनमंडल अधिकारी करहाल संजीव कुमार और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चंबल नदी घड़ियालों के लिए देश के कुछ बचे हुए प्राकृतिक आवासों में से एक है। लेकिन अवैध रेत खनन, जल प्रदूषण और भोजन की कमी के कारण इनकी संख्या में लगातार गिरावट देखी जा रही है। इसी कारण देवरी स्थित घड़ियाल संरक्षण केंद्र में इनका प्रजनन कराया जाता है और एक सुरक्षित उम्र तक पहुंचने के बाद इन्हें नदी में छोड़ दिया जाता है, ताकि इनकी आबादी को बढ़ाया जा सके।

# आचार्य बोले- जीवन को समुन्नत बनाने का मूलाधार है सत्संग

## आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम



**श्योपुर।** सोईकलां में आर्य समाज युवा समिति की ओर से आयोजित पांच दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह के तीसरे दिन आध्यात्मिक माहौल में कार्यक्रम हुआ। इसकी शुरुआत रिशिका आर्य ने प्रस्तुत भजन माया को तू छोड़ दे प्राणी मत कर तेरा मेरा से हुई।

आचार्यों ने वैदिक सत्संग के माध्यम से ग्रामीणों को वैदिक सभ्यता और संस्कृति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संसार में ईश्वर, जीव और प्रकृति ही सत्य हैं और इन तीनों के बारे में विस्तृत जानकारी देना ही सत्संग कहलाता है। आचार्यों ने यजमानों को संबोधित करते हुए विशेष रूप से जोर दिया कि जीवन को उन्नत बनाने और सुधारने में सत्संग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

कार्यक्रम में वैदिक संस्कृति के प्रख्यात विद्वान गौतम खट्टर, आचार्या निकिता आर्य, संदीप आर्य गिल, स्वामी सोमानंद सरस्वती, जयदेव शास्त्री और संदीप आचार्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

थाना रामपुर नैकिन की बड़ी कार्रवाई

# खड्डी पुलिस ने गांजा विक्रेताओं को धर दबोचा, 70 लाख की बनाई जप्ती




**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में चौकी खड्डी पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 12.670 किलोग्राम गांजा मय परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं मोबाइल जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार। चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विक्रय परिवहन एवं भण्डारण के ऊपर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में 7 फरवरी 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति काली रंग की अपाची मोटर सायकल के बीच में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे विक्री हेतु पोड़ी सेमरिया से रतरवार तरफ आने वाले है। चौकी प्रभारी खड्डी द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर सूचना की तस्दीक एवं रेड कार्यवाही हेतु स्वयं के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मुखविर के बताये स्थान पर रवाना होकर रतरवार में संदेहियो का इंतजार किये। जो एक मोटर सायकल से मोहनी मगरोहर तरफसे आती हुई दिखाई दी जिसे हमराह स्टाफ के माध्यम से रोका जाकर उनके नाम पता पूछा गया जो मोटर सायकल चलाने वाला व्यक्ति अपना नाम सत्येंद्र कुशवाहा पिता विनोद कुशवाहा उम्र 27 वर्ष ग्राम सांडा थाना चुरहट एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम आकाश जायसवाल पिता के गेदेलाल जायसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी चुरहट वार्ड नंबर 11 थाना चुरहट का होना बताये। तत्पश्चात तलासी के दौरान बोरी में मादक पदार्थ गांजा पाया गया। जिसका वजन कराने पर 12.670 किलो ग्राम गॉजा अनुमानित कीमत 1 लाख 90 हजार रूपये होना पाया गया। आरोपियों से उक्त गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल तथा मोबाइल फोन कुल कीमती × लाख 70 हजार समक्ष गवाहों के जप्त किया गया। उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर मामल पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**इनका रहा सराहनीय योगदान :-**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, चौकी प्रभारी सेमरिया अतर सिंह, चक्रधर सिंह, चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत, महेन्द्र विश्वकर्मा, प्रकाश सिंह, लकी सिंह, रविंद्र, लेखराज पटेल एवं सायबर सेल से प्रदीप मिश्रा, कृष्णमुरारी द्विवेदी, विकास सिंह, विक्की सिंह, सचिन शुक्ला व शिवकुमार नामदेव की अहम भूमिका रही।

# 9 सौ छात्राओं को परीक्षा में मिला जीरो नंबर, प्रबंधन पर लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन



**सीधी।** वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा घोषित हुए परीक्षा परिणाम में कन्या महाविद्यालय का रिजल्ट बेहद निराशाजनक आया है। जिसमें कुल बारह सौ छात्राओ में से नौ सौ छात्राओ को प्रमोटेड घोषित कर दिया गया है। रिजल्ट आते ही छात्राओ में बड़ा आक्रोश व्याप्त हो गया है। शुक्रवार को छात्र नेता शिवम शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों आक्रोशित छात्राओ ने कॉलेज से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचें जहॉ जमकर नारेवाजी करते हुए शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्रबंधन पर घोर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। छात्राओं ने बताया कि घंटो विरोध प्रदर्शन के बाद अपर कलेक्टर ने उनकी समस्याओ को सुनकर जल्द ही निराकरण कराने का आश्वासन दिया। छात्र नेता शिवम शुक्ला ने जिला प्रशासन से मांग की है कि परीक्षा परिणाम का पुनः मूल्याकन कराया जाए और सीसीई प्रेडिकल का नम्बर चड़बाया जाए क्योंकि जो परीक्षा परिणाम आया है उसमे तक़रीबन एक ही विषय में सात सौ छात्राओं को जीरो नम्बर दिया गया है। छात्राओं ने कहा कि पूर्व में भी छात्राओं के परीक्षा परिणाम को लेकर कई बार शासन प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है परंतु कॉलेज प्रशासन द्वारा पठन पाठन सम्धित व्यवस्था में हीलाहवाली की जाती रही है जबकि कन्या महाविद्यालय परीक्षा परिणाम 50 से 55 प्रतिशत है जो की जिले के लिए गम्भीर एवम चिंताजनक परीक्षा परिणाम माना जाता है। कॉलेज प्रशासन के लचर व्यवस्थाओं के चलते विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय प्रतीत हो रहा है। ज्ञापन सौंपने बालो में प्रमुख रूप से अंचल अगरिया, रोशनी मिश्रा, महिमा शुक्ला, कोमल सिंह, रीना साहू, शिवानी बघेल, आरती साकेत, प्रीति कुशवाहा, पूजा केवट, शालिनी गुप्ता, प्रांजलि पटेल, त्रिकुटा रावत, मनीषा तिवारी, सुमन सिंह, अंचल गुप्ता, प्रियंका साकेत सहित काफी संख्या अन्य छात्राए उपस्थित रहीं।

## चुरहट प्रीमियम लीग टूर्नामेंट का हुआ समापन



**सीधी।** चुरहट विधानसभा के विधायक अजय सिंह राहुल के मुख्य आतिथ्य में चुरहट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मोहनीदेवी स्टेडियम में चुरहट प्रीमियम लीग सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट सीज़न .1 का फाइनल मुकाबला नौढ़िया एवं चुरहट के बीच खेला गया। इस दिलचस्प मुकाबले में चुरहट कि टीम विजेता एवं नौढिया कि टीम उपविजेता रही। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया एवं विजेता उपविजेता टीम सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नगद राशि एवं शील्ड से पुरस्कृत किया गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा की खेलकूद से आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ता है। आयोजकों को साधुवाद है कि आपने सीमित संसाधनों में ये आयोजन किया।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के संबंध मे बैठक आयोजित

## बोर्ड के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराएं- कलेक्टर

**सीधी।** कक्षा 10वीं तथा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 25 फरवरी 2025 से प्रारंभ होगी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं के लिए नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढ़ंग से बोर्ड की परीक्षाएं सम्पन्न कराये। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए है। उन निर्देशों के अनुसार ही परीक्षाएं संचालित की जाए। किसी भी स्थिति में पेपर लीक, समुहिक नकल जैसी घटनाएं जिले में नही हों। परीक्षा केन्द्रों में मोबाइल का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल विहित प्राधिकारी रिपोर्टिंग के लिए मोबाइल का उपयोग कर



सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि वर्चुअल माध्यमों से, तकनीकी के उपयोग से पेपर लीक की घटनाएं होती है। वर्चुअल माध्यमों पर भी कड़ी निगरानी रखनी होगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी कलेक्टर प्रतिनिधि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर लें तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन कर लें। कलेक्टर ने कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने सभी अधिकारियों को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार तथा विहित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए बोर्ड की परीक्षा संपादित करने के निर्देश दिए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों में उड़न दस्ता दलों द्वारा निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### 7 अतिसंवेदन शील एवम 1× संवेदनशील केन्द्र चिंहित - डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पीएल मिश्रा ने बताया कि जिले के 66 परीक्षा केन्द्रों में 25 फरवरी 2025 से कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जावेगी। 7 परीक्षा केन्द्रों को अतिसंवेदनशील तथा 1× को संवेदनशील के रूप् में चिन्हांकित किया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा द्वारा प्रेजेन्टेशन के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। बैठक में उपखण्ड अधिकारी कुसमी प्रिया पाठक, प्रभारी सहायक आयुक्त एसएन द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# कुसमी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते वाहन को किया जप्त

**सीधी।** कुसमी पुलिस द्वारा रेत के अवैध उत्खनन एवम परिवहन करते ट्रैक्टर को प्रतिबंधित क्षेत्र से गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया है। वाहन चालक को हिरासत में लेकर वाहन स्वामी की खोजबीन जारी है। कुसमी थाना प्रभारी भूपेश वैश ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुडुआधार में उक्त कार्रवाई की गयी है। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर छापेमार कार्रवाई की गई। इस दौरान रेत से भरे ट्रैक्टर को रेत का अवैध परिवहन करते जब्त करते हुए चालक रजनीश साकेत पिता अयोध्या प्रसाद साकेत उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया



है। वहीं वाहन चालक एवम वाहन स्वामी के विरूद्ध प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्यवाही में भूपेश वैश थाना प्रभारी कुसमी, पधान आरक्षक कमलेश सिहं, दिनेश सिहं, पंकज सिंह, दिनकर द्विवेदी की अहम भूमिका रही।

# कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र प्रभारी को कारण बताओ सूचना पत्र किया जारी



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने उपार्जन नीति वर्ष 2024-25 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर केन्द्र प्रभारी धान उपार्जन केन्द्र गुजरेड़, अमरपुर, खड्डी गुजरेड़ क्रमांक 2, पटेहरा, टिकटकला केन्द्र क्रमांक 01 बघउ के साथ उनके अधीनस्थ कम्प्यूटर आपरेटरो को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। इसके साथ ही शाखा प्रबंधक डब्ल्यूएलसी रामपुर नैकिन, प्रदाय केन्द्र प्रभारी एमपीएससीएससी रामपुर नैकिन एवं गोदाम मालिक कमल फूड प्रोडक्ट कोष्टा चुरहट को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तीन दिवस के अन्दर संतोषजनक जबाव प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## 09 फरवरी को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित



**सीधी।** अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि ××/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जमोड़ी सीधी में एसटीएम टीम द्वारा व्ही.सी.वी. कराने हेतु दिनांक 09.02.2025 को सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होने बताया कि दिनांक 09 फरवरी 2025 को ××/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जमोड़ी फीडर से संबंधित कॉलेज, गोपालदास, हाउसिंग वोर्ड एवं नौगमा फिड्डर में विद्युत बंद रहेगी। कार्य की अधिकता के आधार पर समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

## उकरहा से अतिक्रमण हटाने दो दिन का समय

**सीधी।** उपखण्ड



अधिकारी चुरहट शैलेश द्विवेदी ने बताया कि ग्राम उकरहा में शासकीय भूमि में अतिक्रमण के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। नायब तहसीलदार चुरहट द्वारा मौका निरीक्षण कर शिकायत की जांच की गई। शिकायत सही पाए जाने पर दो दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए है अन्यथा की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।



# जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी : कलेक्टर

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

नवागत कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा शुक्रवार को सिलवानी और बेगमगंज जनपद के ग्राम चांदबड़ तथा ध्वाज का भ्रमण कर शासकीय स्कूल तथा पंचायत कार्यालय आदि का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिव सहित मैदानी अमले से योजनाओं के क्रियान्वयन तथा निर्माण कार्यो की जानकारी ली और ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने अधिकारियों तथा मैदानी अमले को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक सुगमता से और समय पर पहुंचे। आमजन को योजनाओं के लाभ के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर ना लगाना पड़े। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने शासकीय हाईस्कूल चांदबड़ तथा एकीकृत विद्यालय ध्वाज के निरीक्षण के दौरान बच्चों से संवाद कर शैक्षणिक जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से समय पर स्कूल खुलने, सभी शिक्षकों के प्रतिदिन स्कूल आने, नियमित कक्षाएं लगने और किस-किस विषय में कहां तक पढ़ाई हो गई है, इसकी जानकारी लेते हुए बच्चों को पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हम जितना अधिक मन लगाकर पढ़ेंगे, कठिन परिश्रम करेंगे, भविष्य में उतने ही सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। कलेक्टर द्वारा शिक्षकों से भी कक्षावार बच्चों की संख्या, प्रतिदिन कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति आदि के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने ग्राम पंचायत चॉदबड़ में पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण कर ग्राम पंचायत की जनसंख्या, पीएम आवास योजना के हितग्राहियों की संख्या और आवास निर्माण की स्थिति, आयुष्मान कार्ड, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, संबल कार्ड आदि के हितग्राहियों की जानकारी ली। साथ ही विगत वर्षो में ग्राम पंचायत में कौन-कौन से निर्माण कार्य स्वीकृत हुए, उनमें कितने कार्य पूर्ण हो गए हैं तथा कितने प्रगतिरत हैं, इसकी भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने ग्रामीणों से भी संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति जानी। कलेक्टर श्री अरूण विश्वकर्मा ने स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। उन्होंने बच्चों से प्रतिदिन मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, मीनू अनुसार भोजन वितरण होने के बारे में भी जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया द्वारा भी बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम सौरभ मिश्रा, जनपद सीईओ आशीष जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## बोर्ड पैटर्न पर चल रही हैं नवमी एवं ग्यारहवीं की परीक्षाएं

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा लोक शिक्षण संचनालय के निर्देशानुसार सभी शासकीय स्कूलों में कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा चल रहीं हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी से कक्षा 11वीं एवं 5 फरवरी से कक्षा 9वी की हिंदी विषय की परचे के साथ शुरू हो गई हैं। कक्षा 9वीं की परीक्षा सुबह 10 बजे से 1 तक और कक्षा ग्यारहवीं की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक स्कूल में ही संचालित हो रही है। इस बार परीक्षा में प्राचार्य को ही केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है। परीक्षा उपरांत मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल शासकीय स्कूलों में बनाए गए केन्द्रों पर एकत्रित हो रहे हैं। बोर्ड परीक्षाओं की वजह से इस बार यह परीक्षाएं बहुत पहले आयोजित हो रही है ।बुधवार को हिंदी का देकर बाहर आए छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस बार हिंदी का पर्चा बहुत सरल आया था और आगामी पेपर भी इसी प्रकार से रहे जिससे उनका हल करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। स्मरण रहे कि फरवरी माह के अंतिम सप्ताह से ही बोर्ड परीक्षाएं भी आयोजित होने वाली है । वहीं माध्यमिक स्तर पर कक्षा 8 एवं पांचवी की परीक्षाएं भी 24 फरवरी से प्रारंभ हो जाएगी।

# ऊन क्षेत्र एवं जिले के अन्य संवेदनशील पॉकेट्स में कार्यवाही

## जिला खरगोन मे विशेष अभियान के अंतर्गत अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही कर 3,35,000 की अवैध मदिरा व मदिरा बनाने की सामग्री व वाहन जप्त

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**खरगोन।** अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा विशेष अभियान के तहत खरगोन जिले में *कलेक्टर महोदय, सुश्री भव्या मित्तल के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वृत्त खरगोन अ, खरगोन ब तथा महेश्वर में आज दिनांक 06.02.2025 को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष, सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रेताओं पर कार्रवाई कर जुलवानिया रोड खरगोन पर 01 आरोपी को मोटरसाइकिल से 25 लीटर अवैध मदिरा परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया। पश्चात ग्राम ऊन, डाटापूरा अचलवाढी, चीजगढ़, धमस्या, गवला एवं महेश्वर के ग्राम सलीपुरा मोहना, टेकुआ, मक्सी, करौली आशापुर कतरगाव, बोथियापुरा आदि में अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही कर वृत्त प्रभारी मुकेश गौर मोहन लाल भायल तथा देवराज नगीना आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क,च के तहत 23 प्रकरण दर्ज कर 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आज की कार्यवाही में कुल 145 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,38 लीटर देशी विदेशी मदिरा तथा 2450 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया।महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई में जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य रु.3,35,000/-(तीन लाख पैंतीस हजार रुपए)है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक अशोक शिंदे एवं वृत खरगोन अ, ब, स तथा महेश्वर, कसरावद और बड़वाह के आबकारी आरक्षक मुख्य आरक्षक का योगदान रहा।



## छात्राओं को सिखाये जा रहे आत्मरक्षा के तौर तरीके

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा आज के समय में युवतियों के साथ हो रहीं विभिन्न प्रकार की छेड़खानी जैसी घटनाओं और मजनुओं को मुंहतोड़ जवाब देने की मंशा से छात्राओं को आत्मरक्षा को लेकर स्वयं सक्षम बनाने आवश्यक तौर तरीके बताये जा रहे हैं।इसी सिलसिले में तेंदूखेड़ा के शासकीय कन्या विद्यालय में छात्राओं को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। छात्राओं को प्रशिक्षण के माध्यम से बताया जा रहा है कि हमें स्वयं सजग रहने की आवश्यकता है।यदि मौका आ भी जाये तो डरने की बजाय स्वयं मुंहतोड़ जबाव दो जिससे सामने वाला परास्त होकर भाग जाये। कन्या विद्यालय परिसर में चल रहे इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल हो ही रहीं हैं वहीं विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा भी आवश्यक तौर तरीकों पर प्रकाश डाल रहीं हैं।

# बेगम गंज आबकारी की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

**राजेन्द्र सिंह यादव रायसेन.**

कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में श्रीमती वंदना पाण्डेय सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश से कंट्रोलर श्री सुदीप तोमर के निर्देशन में सहायक जिला आबकारी बेगमगंज वृत्त प्रभारी श्री रविन्द्र अहिरवार द्वारा मुखबिर सूचना कीरतपुर, रमपुरा,पटना, मझगवा, सीतापार, पडरिया स्थानों पर दबिश दी गयी जिसमे 05 प्रकरण दर्ज हुए 02 लोगो को मोके पर गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही मे 35 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जब्त की गई एवं लगभग 200 द्वद्द महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया। साथ ही 15 पाव देशी मसाला मदिरा, बीयर एवं अंग्रेज़ी मदिरा पाव भी जप्त किए गए जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 30000/- रुपये आंका गया है। कार्यवाही मे आबकारी मुख्य आरक्षक निज़ाम खान एवं नगर सैनिकों का योगदान रहा। कार्यवाही से शराब का अवैध व्यवसाय करने वालो में हड़कंप है। पूर्व मे भी आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा समय समय पर अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा चुकी है। इस प्रकार की बड़ी कार्यवाही से अवैध शराब के निर्माण विक्रय संग्रहण एवं परिवहन पर लगाम लगाने की आबकारी विभाग की लगातार कोशिश जारी है। सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती वंदना पाण्डेय द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी



# अधर्म से दूर रह कर धर्म पथ पर अग्रसर होने से जीवन निर्मल होता है : आत्मानंदजी

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

**सिलवानी।** व्यक्ति अहम वहम को जीवन का हिस्सा ना बनावे, अहम वहम में रहने वाला व्यक्ति अपना ही अहित करता हैं। व्यक्ति को सदा ही धर्म पथ पर अग्रसर रहना चाहिए। अधर्म मार्ग पर चलना वाला व्यक्ति ना केवल अपना अहित करता है साथ ही आस पास रहने वालो का भी अहित करता जाता हैं। अधर्म से दूर रह कर धर्म पथ पर अग्रसर होने से जीवन निर्मल होता हैं। माॅ जिनवाणी की नित स्वाध्याय करो, साधना, उपासना करो। यह उद्गार बाल ब्रम्हचारी आत्मानंदजी ने व्यक्त किए। वह श्री जिनवाणी जी अस्थाप, कलषा रोहण, वेदी प्रतिष्ठा, तिलक महा महोत्सव के समवषरण मंडप में उपस्थित समाजजनो को संबोधित कर रहे थे। वेदी प्रतिष्ठा महा महोत्सव के प्रथम दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में समाजजनो ने सहभागिता की। श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय के वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन के प्रथम दिवस शुक्रवार को समवशरण मंडप में ध्वजारोहण के साथ त्रिदिवसीय महोत्सव का आगाज हुआ। प्रतिष्ठाचार्यों के मार्गदर्शन में प्रभात फेरी, ध्यान, सामयिक मंत्र जप एवं श्री तारण त्रिवेणी जी का पाठ किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालुओं की आस्था इतनी अधिक थी कि कड़कड़ाती ठंड में भी सैकड़ों लोग समवशरण मंडप में धर्म लाभ लेने पहुंचे। इस आयोजन में नगर के साथ प्रदेश व देश से समाज के लोग शामिल होने के लिए आए। समारोह 09 फरवरी तक चलेगा। इसमें विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। समवशरण मंडप में वृहद मंदिर विधि का आयोजन हुआ। इसके बाद सभी लोग मां जिनवाणी को सिर पर धारण कर धर्म ध्वज लहलहा कर, जयकारा लगाते हुए गाजे बाजे के साथ चैत्यालय पहुंचे। जहां पूरे विधि विधान से वेदी जी में मां जिनवाणी को विराजमान किया गया। छत्र चढ़ाए गए। समवषरण मंडप में कार्यक्रम के तहत मंडप परिसर में मुख्य ध्वज को स्थापित करने का सौभाग्य जया किषोरी लाल जैन,सेठ संजय कुमार जैन, ओम प्रकाष जैन, अभिषेक जैन, अंषुल जैन को प्राप्त हुआ। यहां पर विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर रात्रि में महाआरती तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । कई जन्मों तक शुभ कर्म करने के बाद हमें मनुष्य पर्याय मिली है। इसे हमें व्यर्थ नहीं गवाना है। उक्त विचार बाल ब्रम्हचारी शांतानंदजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिंदगी बहुत छोटी है, हमारे अरमान बड़े.बड़े हैं। यह संपत्ति, गाड़ी, बंगला जिन्हें आप अपना मान रहे हैं, वे आपके नहीं हैं। हमें कषाय और पापों से बचना चाहिए और अपना मन धर्म में लगाना चाहिए तभी हमारा कल्याण हो सकता है। हमने अनंत बार जन्म लिया लेकिन हमारा अब तक कल्याण नहीं हुआ। यह जीवन कल्याण करने का मौका है। उन्होंने दृष्टांतों के माध्यम से मन को वश में करने की बात कही।



# पुलिस ने नवोदय विद्यालय में साइबर सुरक्षा अभियान के तहत बच्चों को किया जागरूक

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**घट्टिया।** पुलिस थाना घट्टिया द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद पाराशर के मार्गदर्शन में आमजनों एवं विद्यार्थियों के लिए सायबर सुरक्षा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय घट्टिया में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया, उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंहसिंह अलावा ने विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टॉफ को सायबर क्राइम से जुड़े अपराधों के संबंध में पुलिस पाठशाला का आयोजन किया पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को डिजिटल युग में साइबर अपराधियों से सतर्क रहना बेहद जरूरी है विशेष रूप से अंजान नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल्स को रिसीव न करें और वन टाइम पासवर्ड किसी से भी साझा ना करें। पुलिस थाना प्रभारी डी एल दसोरिया ने उपस्थित छात्र छात्रों एवं शिक्षकगणों को बताया कि आज की दुनिया पूरी तहत इंटरनेट पर निर्भर है ऐसे में टेक्नोलॉजी के साथ कदम से करम मिलाकर चलना और सतर्क भी रहना बेहद आवश्यक है भारत की कोई भी जांच एजेंसी किसी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है इसीलिए ठगी करने वालों से पूरी तरह सावधान रहे। थाना प्रभारी ने विस्तार से सायबर सुरक्षा अभियान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया,उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंह अलावा ,उपप्राचार्य कमलापदम, पत्रकार गोविन्द शर्मा,वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति सुनीता गोयल,श्रीमति दीप्ति जोशी,कार्यालय अधीक्षक सुनिल राठौर सहित शिक्षकगण,छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# विकासखंड स्तरीय दिव्यांग चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन

**दैनिक केसरिया से गोपाल राठौड़**

**गंधवानी।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार आज दिनांक 7 जनवरी 2025 को विकासखंड स्तरीय विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र गंधवानी में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से प्रारंभ किया गया साथ ही जिला शिक्षा केंद्र धार की टीम जिसमें श्री प्रवीण शर्मा एपीसी आईडी जिला धार कमलेश यदुवंशी आईडी प्रभारी, श्रीमती स्मृति सिंह ,पवन सोनी, श्रीमती भारती सोनी एम आर सी एवं डॉक्टर की टीम का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया इसके पश्चात गंधवानी विकासखंड अंतर्गत कक्षा पहली से आठवीं में अध्यनरत लगभग 264 दिव्यांग बच्चों में से 116 दिव्यांग बच्चों का मूल्यांकन डॉक्टर की टीम द्वारा किया गया जिसमे आलिमको जबलपुर के डॉक्टर टीम द्वारा बच्चों को सर्टिफाइड किया गया चिकित्सा के मूल्यांकन शिविर में जबलपुर की डॉक्टर की टीम के साथ-साथ डॉ श्री अभिषेक रावत अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ सौरभ बौरासी नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय धार, डॉ अजय पाटीदार नाक कान गला रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय धार, डॉ रुपेश पटेल मानसिक रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय धार, डॉ एम एल जैन मेडिसिन विशेषज्ञ सरदारपुर द्वारा बच्चों का परीक्षण किया परीक्षण के पश्चात आलिमको की डॉक्टर टीम द्वारा एवं जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा ऑनलाइन दिव्यांग बच्चों के दिव्यंका प्रमाण पत्र बनाए गए पंजीयन एवं परीक्षण के पश्चात समस्त बच्चों एवं पालकों को भोजन कराया गया विकास खंड स्तरीय चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का डॉ शिंदे साहब जिला चिकित्सा अधिकारी एवं बलवीर सिंह मंडलोई विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी टीम द्वारा किया गया विकासखंड स्तरीय दिव्यांग चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर आयोजन में रमेशचंद्र मोलेश्वर बीआरसी गंधवानी, गंभीर सिंह मौर्य (आईडी प्रभारी) श्रीमती यशोदा परमार, गोरेलाल मंडलोई, मांगीलाल सूर्यवंशी, श्रीमती आशा जामोद बी ए सी जनपद शिक्षा केंद्र गंधवानी ,देवेंद्र साहू,किशोर गोयल, प्रमिला नागर लेखपाल गिरधारी लाल चौहान ,लाखन सिंह दांगी,रमेश चंद जर्मन, प्रवीण आमले ,सरदार चौहान ,पर्वत सिंह बघेल, माधव सिंह अलावा जन शिक्षक नागर शोभाराम सोलंकी, सखाराम सोलंकी, बसंती बाई जमरा, का सराहनी सहयोग रहा।



## एमपी में फरवरी में पहली बार 22 डिग्री से नीचे पारा

**भोपाल।** उत्तर भारत में बर्फबारी होने से मध्यप्रदेश एक बार फिर सर्द हवाओं की चपेट में है। गुरुवार को इंदौर समेत कई शहरों में हवा 34 से 36 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली, जो आम दिनों की तुलना में 3-4 गुना अधिक रही। वहीं, फरवरी में पहली बार दिन का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी पारा लुढ़का। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। शनिवार को तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया- बुधवार से ही हवा की दिशा उत्तरी हो गई। उत्तर भारत में बर्फबारी होने से हवा की रफ्तार बढ़ गई। गुरुवार को भोपाल में 18 से 20 किमी और इंदौर एयरपोर्ट पर 34 से 35 किमी प्रतिघंटे की स्पीड से हवा चली। अमूमन यह 6 से 8 किमी प्रतिघंटा रहती है। शुक्रवार को भी हवा की गति तेज रहेगी। इससे ठिठुरन बनी रहेगी।

# अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है भारत,इक़बाल सिंह लालपुरा ने कहा - लेकिन अब 5 प्रतिशत से ज्यादा आबादी

**श्योपुर।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन श्री इक़बाल सिंह लालपुरा ने कहा है कि भारत अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है - उन्होंने कुछ उदाहरण दिए इस विषय में - 1951 में अल्पसंख्यकों की आबादी 16त्न थी जबकि बहुसंख्यकों की 84त्न - तब से 4 अल्पसंख्यक राष्ट्रपति बने और एक प्रधानमंत्री बना - आज केंद्रीय सेवाओं में 62 अधिकारी मुस्लिम हैं और 11 जैन समुदाय के हैं, जो भी सक्षम है वह जहां चाहे पहुंच सकता है - लेकिन कुछ अल्पसंख्यक समुदाय ऐसे भी हैं जो बहुसंख्यक समुदाय को अपने त्योहार भी नहीं मनाने देते, उनके हर पर्व की शोभा यात्राओं पर पत्थरबाजी करते हैं - जी हां, मैं मुस्लिम समुदाय की बात कर रहा हूं जो 15 से 20त्न होने के बाद भी अल्पसंख्यक हैं और जिस पर सरकार का करोड़ों रुपया खर्च होता है परंतु केंद्रीय सरकार के राजस्व में उनका योगदान न के बराबर है लेकिन वक्फ बोर्ड के जरिए करोड़ों की संपत्ति हड़पी हुई है - इतना ही नहीं सभी केंद्रीय योजनाओं का लाभ लेने के बाद भी मुस्लिम समुदाय के लोग मोदी को हटाने के लिए आमादा रहते हैं - कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति ने उन्हें देश के संसाधनों पर पहला अधिकार दिया - वक्फ बोर्ड बना दिया और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बनाया, दूसरी तरफ मुस्लिमों के विश्वविद्यालयों में स्ष्ट/स्ञ्ज के लिए कोई आरक्षण न देने की इजाजत दी - संविधान में ऐसे प्रावधान हैं जो केवल मुस्लिमों के लिए हैं वह समुदाय और ईसाई समुदाय धर्मान्तरण का सबसे भयानक खेल खेलते हैं - मुस्लिमों का 100 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर प्रभाव रहता है - आज दिल्ली के हुए चुनाव में 7 सीट पर उनका वर्चस्व है - वे विधानसभा सीटें हैं मुस्तफाबाद, चांदनी चौक, मटिया महल, बाबरपुर, सीलमपुर, ओखला और बल्लीमारान - बंगाल विधानसभा की 294 सीटों में से 120 सीटों को मुस्लिम प्रभावित करते हैं - ऐसे ही कई राज्यों में उनका ही खेल चलता है और चुनाव के समय मुस्लिम समुदाय सौदेबाजी के लिए सेक्युलर दलों से हिंदू विरोधी मांगे मंगवाते हैं और ऋस्स् को बैन करने की मांग करते हैं - इतना ही नहीं मुस्लिम समुदाय के लोग खाने पीने की चीज़ों में थूकते हैं और पेशाब मिलवाया जाता हैं - डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच मध्यप्रदेश अध्यक्ष नरेश धाकड़ ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय बहुसंख्यक समुदाय पर इस तरह हावी होगा तो उसे किसी तरह अल्पसंख्यक नहीं माना जाना चाहिए - जबकि ऐसे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अक्सर दंगों और आतंकी हमलों में शामिल पाए जाते हैं - 2047 तक भारत में गज़वा-ए-हिंद का प्रयास मुस्लिम ही कर रहे हैं - सेकुलर दलों के अलावा देश की अदालतें भी मुस्लिमों की तरफ जरूरत से ज्यादा झुकी रहती हैं - मुस्लिमों के संगठन आमतौर पर दंगाइयों और आतंकियों को कानूनी मदद करने आगे आते हैं - सोचने का विषय है कि डॉक्टर भी क्या किसी खास समुदाय के लिए इलाज कर सकता है लेकिन मुस्लिम समुदाय ने केवल मुस्लिम डॉक्टरों की संस्था बनाई हुई है जो केवल मुस्लिमों का इलाज करने की कोशिश करते हैं, परंतु कोई कोर्ट इस पर संज्ञान नहीं लेता - अगर हिंदू ऐसा करने लगें तो सुप्रीम कोर्ट तांडव कर देगा - अब अल्पसंख्यकों की परिभाषा तय होनी चाहिए - जिस समुदाय की आबादी देश की जनसंख्या के 5त्न से अधिक है, उसे अल्पसंख्यक न माना जाए और न उसे अल्पसंख्यकों के निमित्त कोई लाभ मिले - इसके लिए संसद में कानून पारित हो सकता है और यह कोई संविधान संशोधन भी नहीं होगा जबकि इसके पारित होने से संविधान में मुस्लिमों के लिए आर्टिकल स्वतः ही निष्क्रिय हो जाएंगे।



# चोली रोड पर नाले में घायल मिला था मृतक राजू उपचार के दौरान मौत

## कल ससुराल वालों ने की थी मारपीट, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ

**मंडलेश्वर।** गुरुवार की रात 11 बजे मंडलेश्वर महू मार्ग पर चोली पेट्रोल पंप के पास एक युवक घायल अवस्था में मिला जिसे उसका छोटा भाई मंडलेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा जहां उसकी हालत गंभीर होने से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था।लेकिन परिजन उसे लेकर बड़वाह के एक निजी अस्पताल जा रहे थे घायल राजू ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक राजू का पी एम बड़वाह सिविल अस्पताल में हुआ । परिजन शुक्रवार दोपहर 12 बजे बाद शव को लेकर मंडलेश्वर पहुंचे और अम्बेडकर चौराहे से शव को वाहन में रखकर रैली बनाकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मंडलेश्वर पुलिस थाने के सामने सड़क पर बैठ गए। मंडलेश्वर एस डी ओ पी मनोहर सिंह गवली कसरावद टी आई राजेंद्र बर्मन महेश्वर टी आई जगदीश गोयल ने समझाइश देकर यातायात चालू करवाया और परिजनों को थाने ले जाकर उनकी ओर से एफ आई आर दर्ज की।

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप :-**

मृतक राजू देवले की शादी ग्राम गुलवाड़ में हुई थी जिससे उसकी एक ढाई साल की बालिका भी है राजू और उसकी पत्नी के बीच काफी अनबन थी और अभी कुछ माह पहले ही वो पत्नी को ले गया था ।06 तारीख को वह अपनी पत्नी की चचेरी बहन की शादी में गुलवाड़ आया था जहां किसी मामूली बात पर उसके साथ सास ससुर सालों साडुभाई एवं साली ने मारपीट की थी मारपीट के बाद राजू भागकर पहले करही थाने गया फिर वहां से मंडलेश्वर थाने आया था जहां मंडलेश्वर पुलिस ने राजू के साथ गुलावड़ पहुंचकर समझौता करवाकर उसे वहां से बाइक दिला कर रवाना किया था। राजू के माता पिता भी मंडलेश्वर थाने आ चुके थे लेकिन पुलिस ने उन्हें थाने पर रुकने को कहा था इसलिए परिजन थाने पर इंतजार करते रहे। जब राजू ने अपने छोटे भाई को काल कर कहा कि मैने 200 रुपए का पेट्रोल चोली के पास वाले पम्प से डलवा लिया है और अब मैं घर आ रहा हूँ। लेकिन काफी इंतजार के बाद राजू नहीं आया जब भाई ने फोन लगाया तो रिसीव नहीं हुआ बाद में स्विच ऑफ आने लगा।तब पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस ने कहा तुम खुद ढूंढो तो छोटा भाई अपने दोस्त के साथ उसे ढूंढता हुआ पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो राजू नाले में घायल अवस्था में मिला जो बेहोश था उसे मंडलेश्वर हॉस्पिटल लाया गया।



मृतक के पिता सोमा मानसिंग देवले ने बताया कि मेरे लड़के का ससुराल पक्ष से विवाद था उसके साथ तीन महीने पहले भी मारपीट की गई थी उसकी षड्यंत्र पूर्वक हत्या की गई है उसकी बाइक का एक्सीडेंट हुआ नहीं दिख रहा है उसकी सिर्फ टंकी तोड़ी गई है सामने का हिस्सा एकदम सही हालत में है जो संदिग्ध लग रहा है।इस घटना की निष्पक्ष जांच होना चाहिए।

**कुछ देर किया चक्का जाम और नारेबाजी :-**

मृतक राजू का शव लेकर पहुंचे लोगों ने पुलिस थाने के सामने बड़वाह धामनोद मार्ग जाम किया लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रदर्शनकारियों को बातचीत के माध्यम से समझाइश देकर एफ आई आर लिखवाने थाने में बुला कर यातायात बहाल करवा दिया। पुलिस को लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति की सूचना थी इसलिए कसरावद महेश्वर से अतिरिक्त बल के साथ एस डी ओ पी मनोहर सिंह गवली एस डी एम अनिल जैन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट प्रदीप सिंगलू भी पहुंच गए थे।

**एफ आई आर की दर्ज :-**

एस डी ओ पी मंडलेश्वर मनोहर सिंह गवली ने बताया कि मृतक राजू के पिता सोमा देवले की शिकायत पर थाना मंडलेश्वर में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं 296, 115(2) ,351(3) , 3(5)के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।जिसे जांच में लेकर कार्यवाही की जा रही है।

## 9 दिन का बजट सत्र, राज्यपाल से मिले कांग्रेस विधायक

# नेता प्रतिपक्ष बोले- लोकतंत्र नहीं चाहते तो एमपी को केंद्र शासित बनाने का प्रस्ताव भेज दें

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 10 मार्च से 24 मार्च तक बजट सत्र बुलाया गया है। इस सत्र में मात्र 9 दिन ही बैठकें होंगी। सत्र की अवधि कम होने को लेकर कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति जताई है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की। नेता प्रतिपक्ष के साथ उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक आरिफ मसूद और सुरेश राजे ने राज्यपाल को कांग्रेस विधायकों की ओर से ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल से मुलाकात के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि, सामान्यतः पिछले सालों के बजट सत्र पूरे एक महीने चलते थे और हर विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा होती थी। लेकिन अब तो यह आपातकाल जैसी स्थिति बन गई है मध्य प्रदेश में। हमने राज्यपाल जी से अनुरोध किया है कि वे इसमें हस्तक्षेप करें। राज्यपाल ने हमसे पूछा कि ÷आपकी सरकार से इस विषय पर कोई चर्चा हुई है क्या? इस पर हमने कहा कि पहले परंपराएं थीं, लेकिन अब उन्हें बदल दिया गया है। राज्यपाल जी ने आश्वासन दिया है कि वे इस विषय में सरकार से बात करेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, हमने राज्यपाल से कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है और आपको इसमें हस्तक्षेप करना पड़ेगा। अगर आप लोकतंत्र नहीं चाहते हैं तो बता दें और यहां से एमपी को केंद्र शासित करने का प्रस्ताव भेज दें। उमंग सिंघार ने आगे कहा, ÷मैं पूछना चाहता हूं कि मोहन यादव की सरकार चर्चा से क्यों डरती है? क्या सरकार इतनी डरपोक और नपुंसक हो गई है कि आज जनता और विपक्ष के सवालों से घबरा रही है?




÷अगर आपकी सरकार समाज, युवाओं और लाड़ली बहना के लिए काम कर रही है तो सामने आए। आप विधानसभा से क्यों भाग रहे हैं? यह लोग सिर्फ मंत्री और मुख्यमंत्री बनने के लिए सरकार बनाते हैं। इन्हें जनता की आवाज और समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। इसीलिए ये विधानसभा में चर्चा नहीं करना चाहते और लाइव टेलीकास्ट से बचते हैं। जब जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की बात उठाता है तो सरकार के पास कोई जवाब नहीं होता। यह सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार और घोटालों की सरकार है, बंद कमरों में काम करने वाली डरपोक और नपुंसक सरकार है। यह मध्य प्रदेश की जनता के लिए दुख की बात है कि बीजेपी जिन मुद्दों को लेकर आई थी, उनसे अब दूर भाग रही है।

# जिला इकाई में महिदपुर से सम्मिलित पदाधिकारियों को लेकर हर्ष



केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**महिदपुर।** म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ उज्जैन जिला अध्यक्ष राजेश जोशी द्वारा जिला इकाई में महिदपुर ब्लाक से पत्रकार साथी अरुण बुरड़ को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही जिला सचिव पद पर नरेश शर्मा (महिदपुर रोड़), जिला संयुक्त सचिव संजय राय (झारड़ा), जिला कार्यकारिणी सदस्य कमल बोहरा (खेड़ा खजुरिया), संदीप वर्मा (घोंसला) के मनोनयन पर पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, संभाग अध्यक्ष राजेन्द्र राठौर व जिला अध्यक्ष राजेश जोशी के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी ब्लाक अध्यक्ष अर्जुन ठाकुर ने दी। घोंसला से कपिल वर्मा राहुल कुमावत दिनेश कुमार जी डाबी अब्दुल माजिद मंसूरी आदि मित्रों ने बधाई दी।



## विधानसभा की लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर कोर्ट जाएगी कांग्रेस

# नेता प्रतिपक्ष बोले- विधायकों में भेदभाव ठीक नहीं

**भोपाल।** चाहे पक्ष हो या विपक्ष, चुने हुए जनप्रतिनिधि सदन के अंदर क्या कर रहे हैं, क्या बोल रहे हैं और जनता के लिए क्या बात कर रहे हैं, यह जानना सबका समान अधिकार है। विधानसभा में जनसमस्याओं पर होने वाली बहस का लाइव टेलीकास्ट भाजपा सरकार क्यों नहीं दिखाना चाहती? जब दूसरे राज्यों में यह संभव है, तो मध्यप्रदेश में क्यों नहीं हो रहा ? इसे लेकर हम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही। ऐसे में विधानसभा की लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर कांग्रेस जल्द हाईकोर्ट का रुख करेगी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस की ओर से सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल और कसरावद विधायक और पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। याचिका में विधानसभा की कार्यवाही के लाइव टेलीकास्ट की मांग की जाएगी। कांग्रेस विधि विशेषज्ञों की मदद से अगले हफ्ते इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर करने की तैयारी है।



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को पत्र लिखकर यह मांग कर रहे हैं कि विधानसभा की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट किया जाए। उनका कहना है कि जब लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट होती है, संसद का अपना टीवी चैनल है। यूपी, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों की विधानसभाओं की कार्यवाही भी लाइव दिखाई जाती है, तो मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही का टेलीकास्ट क्यों नहीं किया जाता?

सिंघार ने कहा कि बजट सत्र के दौरान राज्यपाल का अभिभाषण और मुख्यमंत्री का वक्तव्य लाइव दिखाने के लिए सरकारी तंत्र के कैमरे लगाए जाते हैं और न्यूज चैनलों पर प्रसारित किए जाते हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा को ई-विधान में तब्दील करने की तैयारी अंतिम चरण में है। ई-विधान लागू होने के बाद नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर तीन साल तक इसका संचालन करेगा। तब तक विधानसभा को अपनी व्यवस्था विकसित करनी होगी। जिला स्तर पर एनआईसी विधायकों को प्रशिक्षण देने में सहयोग करेगा। सदन के भीतर हर टेबल पर 9 या 10 इंच का टैबलेट लगाया जाएगा।

# सही जानकारी, जागरूकता और सकारात्मक चिंतन से कैंसर का निदान संभव

**इंदौर,।** कैंसर के लक्षणों को पहचानकर प्रथम स्टेज में उसका इलाज करने से 90त्न मरीजों की बचने की संभावना बढ़ जाती है। बीमारी होने पर कभी भी अपने भाग्य को कोसने व परमात्मा पर दोषारोपण करने के बजाय तत्क्षण विशेषज्ञ से संपर्क कर इलाज शुरू करना चाहिए। हरी सब्जियां, सलाद, फलों, आदि के सेवन से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है जिससे कोई भी बीमारी होने की संभावना कम हो जाती है। उक्त विचार सुप्रसिद्ध कैंसर सर्जन डॉ. संजय देसाई ने ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उच्चारे।इस अवसर पर कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश तारण ने कहा कि देश को कैंसर मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अति आवश्यक है। कैंसर से बचाव के लिए समय प्रति समय स्व निरीक्षण करते रहें। शरीर में थोड़ा भी बदलाव हो, किसी भी हिस्से में गांठ आदि महसूस हो तो उसे साधारण रूप में न लेकर उसकी जांच करायें क्योंकि आजकल ऐसी दवाइयां उपलब्ध है जिससे कैंसर के किसी भी स्टेज के मरीज को बचाया जा सकता है। एच.सी.जी. कैंसर हॉस्पिटल के सर्जन डॉ. नयन गुप्ता ने कहा कि जब भी किसी कैंसर पीड़ित से मिले तो उनका मनोबल बढ़ाते हुए सकारात्मक बातचीत ही करें जिससे उनके ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है। सही समय पर सही इलाज के साथ उन्हें जीवन जीने के प्रति उत्साहित कर मानसिक संबल प्रदान करना हमारा परमकर्तव्य हो। इंदौर जोन की क्षेत्रीय निर्देशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि वर्तमान समय कैंसर की बीमारी बहुत तीव्रता से बढ़ती जा रही है जिसका कारण भोज्य पदार्थों में मिलावट, चिंता, तनाव, गुस्सा तथा व्यसन है।

## सौरभ के जवाबों के पर शरद-चेतन से हो रही पूछताछ

# पूछताछ जारी; तीनों को आमने-सामने बैठाकर भी कर रहे सवाल

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम लगातार तीसरे दिन भोपाल की केंद्रीय जेल में न्यायिक हिरासत में कैद आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा से पूछताछ कर रही है। इस दौरान सौरभ से प्राप्त जानकारी के आधार पर जेल में ही अलग बैरक में रखे गए शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर को भी बुलाकर पूछताछ की जा रही है। ईडी की टीम सौरभ के जवाबों की कड़ियां जोड़कर उसकी काली कमाई के स्रोतों और सहयोगियों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। अब तक की पूछताछ में कुछ नए नाम भी सामने आए हैं। मेंडोरी में एक इनोवा गाड़ी से मिले 11 करोड़ रुपये नकद और 52 किलो सोने के मामले की कड़ियां जोड़ने में ईडी के अधिकारियों को अभी पूरी सफलता नहीं मिली है। हालांकि, पूछताछ के दौरान नए लिंक मिलने से राह आसान हो रही है और काली कमाई में शामिल नए नाम सामने आ रहे हैं। फिलहाल इस संबंध में अधिकारी कोई आधिकारिक जानकारी साझा करने से बच रहे हैं, लेकिन संभावना है कि जल्द ही कुछ नए लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। लोकायुक्त पुलिस की रिमांड खत्म होने के बाद 17 फरवरी तक के लिए केंद्रीय जेल भेजे गए सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल से 5 फरवरी से लगातार तीसरे दिन पूछताछ चल रही है। यह पूछताछ तब तक जारी रहने की उम्मीद है जब तक कि तथ्यों के आधार पर स्पष्ट निष्कर्ष नहीं निकलते। सूत्रों के मुताबिक, तीनों से जरूरत के अनुसार कभी अलग-अलग तो कभी आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है। इसमें सौरभ की कंपनियों में भागीदारी, लेन-देन, नकद लेन-देन और मेंडोरी में इनोवा से मिले 52 किलो सोने व 11 करोड़ रुपये नकद से संबंधित सवाल प्रमुख हैं। सौरभ की कई ऑडिट रिपोर्ट फर्जी पाई गई हैं।



## सीएम ने किया आईपीएस सर्विस मीट का शुभारंभ

# डीजीपी से बोले- जिला,संभाग, प्रदेश स्तर पर हो थानों की रैंकिंग, ग्रेडिंग के पैरामीटर तय करें

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को दो दिनी आईपीएस सर्विस मीट का शुभारंभ किया। इस सर्विस मीट के दौरान एक्सपर्ट्स के प्रजेंटेशन के साथ मॉडर्न टेक्नलॉजी से क्राइम कंट्रोल करने पर दो पुलिस अधीक्षकों और एक सब इंस्पेक्ट के प्रजेंटेशन होंगे। इसके बाद शुक्रवार और शनिवार को दिन भर व देर रात तक स्पोर्ट्स और कल्चरल प्रोग्राम के जरिए पुलिस अधिकारी कानूनी दाव पेंच से दूर रहकर परिवार के साथ एंजॉय करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि थानों का प्रदेश स्तरीय, संभाग और जिला स्तरीय ग्रेडेशन होना चाहिए। इन्वेस्टिगेशन से लेकर हर तरह के विषयों पर इसकी रैंकिंग की जानी चाहिए। डीजीपी से कहा है कि पैरामीटर बनाकर इसे लागू करें। उन्होंने कहा कि आईपीएस सर्विस मीट से पुलिस के जूनियर और सीनियर अफसरों को एक दूसरे को समझने का मौका मिलेगा और उनकी कार्य दक्षता में वृद्धि होगी।

**सीएम बोले- जब सभी सीमाएं बंद हो जाती हैं तो लोग पुलिस के पास भागते हैं :-**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि संगठन बनाना और उसे चलाना दोनों ही बहुत ही कठिन काम हैं। यह मीट कार्यशाला की तरह है। यहां हम अपने पुलिस परिवार के साथ मिलते हैं। प्रशिक्षण का काम भी चलता है।

आपकी प्रशिक्षण की पद्धति भी बहुत अच्छी है।

मुख्यमंत्री ने आईपीएस अफसर से पूछा कि मीट को हिंदी में लिखना हो तो क्या लिखेंगे? जवाब मिला मीट में दिल मिलता है।

उन्होंने कहा कि कई बार लोग यह कहते हैं कि मेरा पुलिस वालों से ज्यादा प्रेम है और यह सही भी है। पुलिस के लोग बहुत काम करते हैं। इसलिए मैं पुलिस से प्रेम करता हूं।




पुलिस को तुरंत एक्शन लेना होता है। तुलनात्मक रूप से पुलिस को ज्यादा काम करना पड़ता है। इसीलिए समाज में पुलिस पर अलग प्रकार का भरोसा है।

जब सभी सीमाएं बंद हो जाती हैं तो लोग पुलिस के पास भागते हैं।

आजकल कितने प्रकार की बातें होने लगी हैं। पुलिस के लेकर भी संकट की स्थिति बनने लगी है। लेकिन पुलिस को हर स्थिति में हालात को संभालना होता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आपस में भले ही झगड़ा हो लेकिन बाहर के लोगों को झगड़े का एहसास नहीं होना चाहिए यही हमारे संस्कार का भाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई जातियों को हमने क्रिमिनल जाति घोषित कर दिया है। ऐसा करने के पीछे बड़ा योगदान उनका है जिन्होंने हमें गुलाम बनाकर ऐसी स्थिति में छोड़ा है। वास्तव में ऐसी जाति के लोग भी बहुत ही कर्मठ होते हैं। नट बंजारा समाज का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दूत के रूप में काम करते थे। यह जो आपको पावर मिला है इसका सही उपयोग किया जाना चाहिए। दक्षता में संवेदनशीलता भी होना चाहिए। अच्छे काम करने के लिए मन स्थिति अच्छी होनी चाहिए और यह शक्ति अगर किसी के पास है तो वह आईपीएस अफसर के पास होती है।

मध्य प्रदेश पुलिस पर पूरे देश को गर्व है। पुलिस की शुरुआत मनोविज्ञान और मन स्थिति से होती है। सलामी लेते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

सलामी लेते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव। इस मौके पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा, इस आयोजन के लिए आयोजकों को भी बधाई देता हूं। उन्होंने कहा देर रात को हुई वारदातों के मामलों में जब भी तेज कार्रवाई होती है, तो वह यह कोशिश करते हैं कि अच्छा परफॉर्म करने वाले अफसर को सम्मानित किया जाए।

पहले दिन एमपी पुलिस के मॉडल इन्वेस्टिगेशन और मॉडल पुलिस वर्किंग का प्रजेंटेशन होगा। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में रतलाम एसपी अमित कुमार और रेल एसपी राहुल लोढा प्रजेंटेशन देंगे। इसमें मॉडर्न टेक्नोलॉजी के जरिए क्राइम कंट्रोल कैसे किया जाए, इसको लेकर पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग देने का प्रोग्राम है।

## सर्वधर्म, रोहितनगर में आज बिजली कटौती



**भोपाल।** राजधानी भोपाल के करीब 20 इलाकों में शुक्रवार को 2 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें रोहित नगर, सर्वधर्म, जेके टाउन, पीपलनेर, रुद्राक्ष पार्क कॉलोनी जैसे कई बड़े इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, इसलिए वे समय से पहले अपने जरूरी काम निपटा दें। ताकि, उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सर्वधर्म सी सेक्टर, प्रियंका होम्स, गुड शेफर्ड कॉलोनी, कांवेरी कॉलोनी, जेके टाउन एवं आसपास के इलाके। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक रोहित नगर, स्पायर, रुद्राक्ष पार्क कॉलोनी, आकृति इन्क्लेव एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक प्रभातम हाइट्स, प्रभातम कॉलोनी, आदित्य एवेन्यू, गार्डन स्टेट, सुविधा विहार, सूरज नगर, पीपलनेर एवं आसपास के इलाके।

# ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल ने चिकित्सा क्षेत्र में रचा इतिहास

बुरहानपुर/विकास ठाकुर ~

ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल ने हाल ही में चिकित्सा के क्षेत्र में कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सफल ऑपरेशन कर मरीजों को नया जीवन प्रदान किया है।

1.पहली बार कोहनी का सफल प्रत्यारोपण

ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल में पहली बार जोड़ों के प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. सोनिक ने 40 वर्षीय व्यक्ति की कोहनी का प्रत्यारोपण कर उसे पूर्ण गतिशीलता प्रदान की। यह उपलब्धि बुरहानपुर जिले में पहली बार हासिल की गई है।

2.गुर्दे की पथरी के बढ़ते मामले

अस्पताल में गुर्दे की पथरी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रमुख मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत हर महीने 100 से अधिक सफल सर्जरी कर रहे हैं और बड़ी पथरियों से पीड़ित मरीजों को राहत दे रहे हैं!

3. गंभीर संक्रमण से जूझ रही गर्भवती महिला को नया जीवन

24 वर्षीय गर्भवती महिला को फेफड़ों में गंभीर संक्रमण के कारण अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक एल.एस.सी.एस. किया, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। डॉ. हबीबा और डॉ. जयेश के प्रयासों से महिला को स्वस्थ कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

4. रीढ़ की हड्डी के कैंसर से पीड़ित बच्ची को नया जीवन

ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के न्यूरो और स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. प्रणीव बोर्डे ने 9 वर्षीय बच्ची की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की, जिससे उसे स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्राप्त हुआ।

5. एक दिन में 16 मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन

नेत्र रोग विभाग में एक ही दिन में 16 मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की गईं। इन



ऑपरेशनों से मरीजों को नई दृष्टि और उज्ज्वल भविष्य मिला।

बुरहानपुर~ ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल ने हाल ही में चिकित्सा के क्षेत्र में कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सफल ऑपरेशन कर मरीजों को नया जीवन प्रदान किया है।

1.पहली बार कोहनी का सफल प्रत्यारोप ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल में पहली बार जोड़ों के प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. सोनिक ने 40 वर्षीय व्यक्ति की कोहनी का प्रत्यारोपण कर उसे पूर्ण गतिशीलता प्रदान की। यह उपलब्धि बुरहानपुर जिले में पहली बार हासिल की गई है द्य

2.गुर्दे की पथरी के बढ़ते मामले

अस्पताल में गुर्दे की पथरी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रमुख मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत हर महीने 100 से अधिक सफल सर्जरी कर रहे हैं और बड़ी पथरियों से पीड़ित मरीजों को राहत दे रहे हैं।

3. गंभीर संक्रमण से जूझ रही गर्भवती महिला को नया जीवन 24 वर्षीय गर्भवती महिला को फेफड़ों में गंभीर संक्रमण के कारण अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक एल.एस.सी.एस. किया, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। डॉ. हबीबा और डॉ. जयेश के प्रयासों से महिला को स्वस्थ कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

4. रीढ़ की हड्डी के कैंसर से पीड़ित बच्ची को नया जीवन

ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के न्यूरो और स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. प्रणीव बोर्डे ने 9 वर्षीय बच्ची की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की, जिससे उसे स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्राप्त हुआ द्यऑल इज़ वेल हॉस्पिटल अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों की बदौलत लगातार चिकित्सा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।

## भूतड़ा दंपति की पुण्यतिथि पर मरीजों को फल वितरित किए



ओमप्रकाश परमार,

देवास। शुक्रवार को कन्नौद के सिविल अस्पताल में पत्रकार विनोद कुमार भूतड़ा ने उनके माता-पिता स्व. श्रीमति कौशल्यादेवी एवं बाबुलाल भूतडा की पुण्यतिथी पर मरीजों को फल वितरित कर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

बीएमओ परवेज अहमद शेख ने कहा कि मरीजो को फल वितरित करने पूनित कार्य है। फलो का सेवन करने से मरीज को जल्दी स्वास्थ्य लाभ होता है। इस अवसर पर समाजसेवी प्रेमनारायण भूतड़ा, पत्रकार ओमप्रकाश परमार, अतुल गुप्ता, मेहबूब खान, गणेश जायसवाल, यूसूफ खान, अक्षत तापडिया, नरेन्द्र साहू, मांगीलाल मालवीय, हरिश दूबे, विवेक गुप्ता, बीएमओ परवेज अहमद शेख सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## सीहोर जिले के अहमदपुर में फर्जी झोला छाप डॉक्टर बंगाली स्वास्थ्य के नाम पर कर रहे थे जान जोखिम बाला इलाज स्वास्थ्य विभाग की टीम को चकमा देकर भाग रहे हैं

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी का कहना जल्द की जाएगी झोला छाप डाक्टरो पर कड़ी कार्यवाही

केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा.9425727854

**सीहोर।।** सीहोर जिले के सटे अहमदपुर में के .के. विश्वास सुजीत विश्वास बंगाली डॉक्टरो का बताया जा रहा था यह मरीजों का कर रहे थे जान जोखिम बाला इलाज अखबारों और न्यूज़ चैनलों मैं प्रकाशित खबर को इनको प्रमुखताओं से दिखाया जा रहा है सचेत हुए बंगाली डॉक्टर अब बताया जा रहा है सुजीत नाथ भागा कलकत्ता के.के.विश्वस अभी चलते फिरते कर रहा है मरीजों के साथ जान



जोखिम बाला इलाज स्वास्थ्य विभाग की टीम झोला छाप डॉक्टरो के पीछे लगी हुई है कोशिश की जा रही है इनको इलाज करते हुए पकड़ने की कोशिश की जा रही है ताकि यह भाविष्य में ऐसे फर्जी डॉक्टर एम बी बी एस बनकर न करें इलाज ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे आपको बता दे सीहोर जिले के अहमदपुर में चल रहा था राशन की दुकान की तरह दुकान में कई प्रकार की दवाईयां इंजेक्शन रखें हुए हैं चंद रुपए के लालच में मरीजों के साथ चल रहा था जान जोखिम वाला इलाज कभी भी घट सकती थी बड़ी दुर्घटना जब हमने क्लीनिक संचालक से बात की गई यहां पर क्या-क्या इलाज करते हैं उन्होंने कहा यहां पर सभी प्रकार का इलाज़ किया जाता है बाबासीर पीलिया दमा निमोनिया टाइफाइड जैसे घातक बीमारियों का यह क्लीनिक संचालक एमबीबीएस की तरह कर रहे थे मरीजों का इलाज आपको बता दे की यह झोलाछा डॉक्टर मरीज के साथ जान से खिलवाड़ कर रहे हैं ऐसे में कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते थे ग्रामीण क्षेत्रों में बैठे हैं ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही देखने को मिल रही थी इन डॉक्टरों की जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे आखिर बड़ा सवाल इन पर अभी तक क्यों नहीं हो पा रही थी एफआईआर स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिली भगत से चल रहा था यह मौत का खेल आखिर कौन है वह अधिकारी जल्द खुलासा करेंगे उस अधिकारी का नाम जो चलवा रहा था चंद रुपए के चक्कर मे जान जोखिम वाला इलाज।

## शराब के अवैध संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी : कलेक्टर

ओमप्रकाश परमार,



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले में शराब के अवैध संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके पालन में जिले में अलग-अलग स्थानों पर अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर 10 प्रकरण दर्ज किये। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 62 हजार 940 रुपए है।

सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित ने बताया कि कलेक्टर ने अवैध शराब के संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के परिपालन में जिले में आबकारी विभाग द्वारा सख्ती से लगातार कार्रवाईयां की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में आबकारी दल ने देवास शहर में वृत (अ) एवं व्रत सोनकच्छ एवं कन्नौद, खातेगांव एवं टोंकखुर्द में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध की गई। कार्रवाई ग्राम नागूखेड़ी, बांगर, टोंकखुर्द के ग्राम चौबारा, सोनकच्छ में ईट भट्टा रोड राजपूत ढाबा, वृत खातेगांव में ग्राम तिवडिया गोपालपुर एवं कन्नौद में संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग की कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई में कुल 3 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, देसी मदिरा प्लेन के 154 पाव 12 बीयर केन एवं 500 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ तथा लाहन को विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में 10 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 62 हजार 940 रुपए है।

कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक, डी पी सिंह, निधि शर्मा, उमेश स्वर्णकार, विजय कुचेरिया एवं कैलाश जामोद आबकारी मुख्य आरक्षक विकास गौतम, दीपक, निहाल खत्री, परते गोविंद निकिता आरक्षक सैनिक केदार चौधरी सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## वादे पूरे करने का सामर्थ भाजपा में है,,मोदी की गारंटी और सुशासन की सरकार में कांग्रेस का घोषणा पत्र काठ की हांडी जैसा - मंत्री राम विचार नेताम

### विष्णुदेव सरकार में पटना के स्वर्णिम विकास के लिए पटनावासी भागीदारी करें दर्ज - विधायक भईया लाल, पटना न. पं. अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन रैली में पहुंचे थे कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)



**कोरिया।** पटना नगर पंचायत चुनाव अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन रैली में कोरिया जिले के पटना पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम व क्षेत्र के विधायक भईया लाल राजवाड़े बड़े और प्रभावी चेहरे के रूप में पटना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के रोड शो रैली में रहे शामिल। हजारों कार्यकर्ता,नेता और समर्थकों से भरी रैली पटना आदर्श चौक से इमली चौक सभा स्थल तक रही आयोजित। आमजन को संबोधित करते हुए विधायक राजवाड़े ने कहा की कांग्रेस के घोषणा पत्र के भुलावे में पटना की जनता को नहीं आना है क्यों की केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और घोषणा पत्र के वादों को केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार दोनों ही सरकारें पूरी करती आई हैं। और उसी तरह आगे भी पूरी होती रहेगी।संबोधन में विधायक राजवाड़े ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को कभी पूरा नहीं होने वाला घोषणा पत्र बताते हुए कहा की सरकार भाजपा की है तो वादे कांग्रेस कैसे पूरा करेगी । इसलिए कांग्रेस का घोषणा पत्र औचित्यहीन है, भैयालाल राजवाड़े ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के उपलब्धियों को पटनावासियों के समक्ष अवगत कराते हुए भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह को पटना नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में विजयी बनाने समर्थन का अपील किया ।

कांग्रेस का घोषणा पत्र काठ की हांडी जैसा: 6 फरवरी को पटना में आयोजित नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन रैली के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल प्रदेश के कृषि मंत्री माननीय रामविचार सिंह नेताम ने आमसभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह और 15 सभी भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को मंच पर बुलाकर बारी बारी से आम जनता से परिचय कराया और उन्हें आगामी चुनाव के लिए सफलता की बधाई दी। मंच से आमजनों को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार आपकी अपनी सरकार है। संबोधन की कड़ी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा की नगर पंचायत पटना को भाजपा ने बनाया भाजपा ही संवारेगी और पटना नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रत्याशी गायत्री सिंह जिन्होंने आपके पटना क्षेत्र के विकास के लिए बीते 10 वर्षों तक सरपंच के रूप आपके साथ सहज सरल स्वभाव सहित मिलनसार महिला के रूप में रहकर कार्य किया है। इसलिए मेरी आप सभी पटना वासियों से अपील है की गायत्री सिंह सहित सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को आप सभी अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए समर्थन दें और पटना नगर पंचायत सहित पूरे क्षेत्र को भाजपामय बनावें। रैली में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम,विधायक भईया लाल राजवाड़े सहित जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,जवाहर गुप्ता,रविशंकर शर्मा,उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े,महामंत्री पंकज गुप्ता,नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह,बैकुंठपुर नगरपालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे,नगर पालिका चरचा के अध्यक्ष अरुण जायसवाल सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## सभी तहसीलदार बडे बकायदारों को चिन्हित कर, एक माह में राजस्व वसूली करें : कलेक्टर

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**राजगढ** - कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि सभी तहसीलदार बडे बकायादारों को चिन्हित कर एक माह में राजस्व वसूली करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री शिवप्रसाद मण्डराह उपस्थित रहें।



बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार राजस्व वसूली की समीक्षा कर सभी तहसीलदारों को एक माह में एक-एक करोड़ राजस्व वसूली का टारगेट दिया। साथ ही क्रेशर मशीनों, वेयर हाऊसों की बकाया राजस्व वसूली भी करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिलचीपुर, सांरगपुर, राजगढ़ को निर्देशित किया कि भू-अर्जन के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा, तरमीम जैसे कार्य के लिए लोग कार्यालयों के चक्कर ना लगाएं, यह सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें। बैठक में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा के दौरान किसान सम्मान निधी, नामांतरण, खसरा अपडेशन की शिकायतें तहसीलदार स्वयं देख कर निराकरण करें। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ रत्नेश श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिलचीपुर अंकिता जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगपुर रोहित बम्होर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरसिंहगढ़/ब्यावरा सुशील कुमार उपस्थित रहें।

## एमपीईडिस्ट्रिक पोर्टल की सभी सेवांए 14 तक बंद रहेगी

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**राजगढ** -जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार लोक सेवा केन्?द्रों पर एमपीईडिस्ट्रिक पोर्टल के माध्?यम से दी जाने वाली सभी सेवांए शासन के निर्णय अनुसार 14 फरवरी, 2025 की रात्रि तक पूर्णत~ बंद रहेगी। जानकारी देते हुए बताया गया कि तकनीकी सुधार और सिस्?टम अपग्रेडेशन के कारण यह निर्णय लिया गया है। जिससे नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें। उक?त अवधि में लोक सेवा केन्?द्रों पर एमपीईडिस्ट्रिक पोर्टल की सभी प्रकार की ऑनलाईन सेवाएं जैसे कि आया प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र में संशोधन आदि सेवाएं पूर्णत~ बंद रहेगी।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए 62 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

### गेहूँ उपार्जन के लिये 31 मार्च तक होगा पंजीयन खाद्य मंत्री

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 62 हजार 77 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की विक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिला बुरहानपुर में 2, बड़वानी में 17, खरगोन में 189, खंडवा में 339, अलीराजपुर में 13, झाबुआ में 776, धार में 4202, इंदौर में 9381, नीमच 134, मंदसौर 362, आगर-मालवा में 823, शाजापुर में 3710, देवास में 4035, रतलाम में 2211, उज्जैन में 11344, ग्वालियर में 55, शिवपुरी में 23, गुना में 23, दतिया में 142, अशोकनगर में 6, भिंड में 4, मुरैना में 96, श्योपुर में 43, छिंदवाड़ा में 157, सिवनी में 61, डिंडौरी में 21, कटनी में 14, नरसिंहपुर में 215, मंडला में 353, हरदा में 173, बैतूल में 362, नर्मदापुरम में 1793, विदिशा में 1563, राजगढ़ में 1096, रायसेन में 1969, भोपाल में 1975, सीहोर में 12596, सतना में 48, सीधी में 75, रीवा में 44, सिंगरौली में 19, मैहर में 3, उमरिया में 64, अनूपपुर में 9, शहडोल में 239, पन्ना में 37, सागर में 419, दमोह में 124, छतरपुर में 289, निवाड़ी में 88 और टीकमगढ़ में 341 किसानों ने पंजीयन कराया है।

# उड़नखटोला से चिरमिरी पहुंचे सीएम साय, भाजपा प्रत्याशी राम नरेश राय सहित 40 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से की वोट की अपील

## सभा के मंच से 13 माह के कार्यों को आमजन के सामने रखे स्वास्थ्य मंत्री श्याम, युवा मोर्चा व चिरमिरी मंडल द्वारा महामाला से किया गया मुख्यमंत्री का स्वागत

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

**चिरमिरी।** आज नगर पालिक निगम चिरमिरी के अमरकुंज क्रीड़ा स्थल डोमनहिल में छत्तीसगढ़ के मुखिया व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उड़नखटोला से चिरमिरी पहुंचे और विजय संकल्प रैली 2025 की सभा को संबोधित किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, एनआर आई चन्द्रकांत पटेल, एमसीबी जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केशवानी, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, महापौर प्रत्याशी रामनरेश राय, चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, रघुनंदन यादव मंच पर आसीन रहे। संकल्प विजय रैली में मुख्यमंत्री का स्वागत महामाला से किया गया वही नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा जारी चुनावी संकल्प पत्र का विमोचन भी मुख्यमंत्री के हाथों संपन्न हुआ। दरअसल भाजपा महापौर प्रत्याशी रामनरेश राय सहित 40 वार्ड पार्षद भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आम जनता से वोट की अपील करने चिरमिरी पहुंचे सीएम साय हाथ हिलाकर उपस्थित जनों का अभिवादन किया और आम जनता से सुशासन के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने अपील की। इस दौरान संकल्प सभा को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है, आप








लोगों के आशीर्वाद से मात्र 13 महीने हुए और 13 महीने के अल्पकाल में चिरमिरी नगर निगम के लिए और इस क्षेत्र के लिए जो भी सरकार के तरफ से काम हुए हैं, विधायक श्याम ने सब का वर्णन किया है। रेलवे के लिए 241 करोड़, घर में पानी पहुंचे उसके लिए 184 करोड़, यहां पर बिजली एसईसीएल की आती थी, अब हमारा बिजली विभाग आपको बिजली प्रदान करेगा, उसके भी कार्यवाही चल रही है। हमारी सरकार में उसका निर्माण हुआ लेकिन 5 सालों में कांग्रेस के कार्यकाल में एक भी उसमें काम नहीं हुआ, उसको भी मुख्यमंत्री जी ने 41 करोड रुपए देकर चिरमिरी को डबल लाइन सड़क देने का काम किया है इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारे कोयलांचल शहर कोयले की ऊपर बसा हुआ यह हमारा शहर है। यहां स्वास्थ्य के लिए जो चिरमिरी का रीजनल हॉस्पिटल होता था वहां स्वास्थ्य सुविधा को लेकर लोग इलाज करते थे लेकिन धीरे-धीरे कालरी बंद होने के कारण रीजनल में भी डॉक्टर बैठना बंद कर दिए। इससे हमारे चिरमिरी क्षेत्र में भी पर्यटन के अवसर पढ़ेंगे, यहां कई पर्यटन के लिए अवसर है, यहां पर तमाम जो विकास के काम है उसको करने का काम मिलेगा। मैं आज आप सब लोग से अपील करता हूं कि पिछले समय किस प्रकार से भ्रष्टाचार हुआ, जिस प्रकार से लूटने का काम हुआ। चिरमिरी नगर निगम में बिना काम कराये करोडो रूपए का घोटाला करने का काम किया गया। स्टंट बाजी करके चुनाव जीतने का प्रयास करने का काम किया गया, उन सबको सबक सिखाने का समय आ गया है। 11 तारीख कमल के बटन पर दो बार, महापौर और पार्षद के बटन पर कमल का बटन दबा कर उन लोगों को जवाब देने का समय आ गया है और 11 तारीख को कमल का बटन दबेगा और 15 तारीख को 40 के 40 सीट जीतकर व महापौर के प्रत्याशी भाई रामनरेश जी को जिताकर हम लोग माननीय मुख्यमंत्री जी को गिफ्ट देंगे। माननीय मुख्यमंत्री जी हम सब लोगों को विकास के द्वार खोल देंगे तो आप सब लोग एक बार दोनों हाथ उठाकर भारतीय जनता पार्टी के हक में समर्थन देने का काम करे।

# रीवा में मेला घुमाने के बहाने किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश पर्यटन स्थल रानी तालाब में हुई वारदात, आरोपी गिरफ्तार

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




रीवा में किशोरी को मेला घुमाने के बहाने लेकर आए युवक ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। उसके इरादों को भांपकर किशोरी ने शोर मचाया, इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई।

4 फरवरी को आरोपी मनीष कुशवाहा पिता बैजनाथ कुशवाहा (19 वर्ष) निवासी करहिया थाना चोरहटा किशोरी को लेकर मेला घुमाने के लिए किला लेकर आया था। यहां से वह उसको रानी तालाब पार्क में ले गया, जहां उसके साथ बुरी नीयत से अश्लील हरकत करने लगा। उसके इरादों को भांपकर पीड़िता ने वहां से जाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसे रोकने की कोशिश भी की।

लेकिन पीड़िता ने शोर मचा दिया, जिसे सुनकर स्थानीय लोग पहुंच गए। पकड़े जाने के डर से आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी, जो उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को घेराबंदी करके पुलिस ने पकड़ लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद राठौर ने बताया कि आरोपी किशोरी का परिचित था और वह उसे मेला घुमाने लाया था। जहां उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# नशामुक्ति अभियान शुरू : गांव-गांव जाकर जागएंगे व्यसन मुक्ति की अलख

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान मो. 9977365001

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विजयपुर के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत गांव-गांव जाकर व्यसन मुक्ति की अलख जगाने का कार्य किया जायेगा। नशे के प्रति सामाजिक जागरूकता के इस अभियान का शुभारंभ विजयपुर थाना प्रभारी श्री राकेश कुमार शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।




इस अवसर पर श्री राकेश शर्मा ने कहा कि नशा किसी भी प्रकार का हो वह नुकसान करता है इसलिए नशे से दूर रहना चाहिए तथा अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी, अभियान प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि बहन ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान शिवरात्रि से पूर्व 15 दिन तक विजयपुर क्षेत्र के ग्रामों में तथा शिवरात्रि के बाद 15 दिन तक वीरपुर क्षेत्र के ग्रामों में आयोजित किया जायेगा तथा गांव-गांव में लोगों को नशे से होने वाले आर्थिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशा छोडने का संकल्प दिलाया जायेगा। नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता लाने का कार्य ब्रह्माकुमारी की मेडिकल विंग की टीम के द्वारा किया जा रहा है। इनके द्वारा प्रोजेक्टर शो एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर आधारित कार्यक्रम भी दिखाये जायेगे तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर अभियान संयोजक एडवोकेट श्री चंद्र प्रताप शर्मा, श्री विजय कुमार शर्मा, संतोष बहन, मीना बहन, राधा बहन, राजलक्ष्मी वंदना बहन, श्री भारत लाल गर्ग, श्री प्रवीण मित्तल आदि उपस्थित रहें।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत छिंदवाड़ा में स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन

मारुति लाल विश्वकर्मा

**छिंदवाड़ा** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में स्वच्छता जागरूकता और कचरा प्रबंधन से संबंधित अभियान चलाए गए। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को गीले, सूखे, हानिकारक एवं सेनेटरी कचरे के सही निपटान के बारे में जागरूक करना था, जिससे शहर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके।



अभियानों की मुख्य झलकियां-

1. हर घर दस्तक अभियान (वार्ड 12, बसंत कॉलोनी)

स्वच्छता टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों को कचरा अलग करने, गीले-सूखे कचरे के सही निपटान और नगर निगम की गाड़ी में कचरा देने के लिए प्रोत्साहित किया। नागरिकों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लिया। 2. स्वच्छता जागरूकता अभियान (वार्ड 11 - गणेश कॉलोनी, वार्ड 13 - श्रीवास्तव कॉलोनी)नगर निगम की टीम ने स्थानीय निवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने और कचरे के उचित प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दी। अभियान के दौरान लोगों को प्लास्टिक मुक्त छिंदवाड़ा बनाने की शपथ भी दिलाई गई। 3. RRR (Reduce, Reuse, Recycle) गतिविधि (वार्ड 15, नई आबादी) नगर निगम ने पुराने कपड़ों का संग्रहण कर वार्ड 39 में जरूरतमंदों को वितरित किया। इस पहल का उद्देश्य कचरे में कमी, पुन: उपयोग को बढ़ावा देना और समाज में जागरूकता फैलाना था।

### जनता से अपील

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का उपयोग न करने और कचरा अलग-अलग करने की अपील की है। यह अभियान छिंदवाड़ा को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में शीर्ष स्थान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है!

**स्वच्छ छिंदवाड़ा सुंदर छिंदवाड़ा**

# सीहोर गुरु रविदास जयंती में शामिल होने का उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने दिया आश्वासन आर.के. बांगरे

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** सेवा निवृत सहायक संचालक शिक्षा एक्सेनलिंस प्राचार्य सीहोर रवींद्र कुमार बांगरे ने प्रतिनिधि मंडल के साथ संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती भव्यरूप से सीहोर जिले की आष्टा, सीहोर , नसरुल्लागंज , इछावर तहसील में मनाए जाने की जानकारी मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जी को दी तथा जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया श्री देवड़ा द्वारा रविदास जयंती के राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम में आने का आश्वाशन दिया । प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से रवींद्र कुमार बांगरे , जिला आजक्ष अध्यक्ष एच एश निमझे , नरेंद्र खंगाले , प्रदेश महामंत्री आजक्ष कल्याण परिषद आस्था गुरु रविदास जयंती समारोह अध्यक्ष बलवंत सिंह बगाना , मीडिया संग संरक्षक पत्रकार केजी बैरागी , मीडिया संग अध्यक्ष नितिन जौहरी , सक्षम पालीवाल , जिला पंचायत प्रतिनिधि अवंतिका सुनील फ़रेला , पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश बगाना, एम एल कराड़िया पूर्व प्राचार्य , पूर्व जयंती अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ठेकेदार , घनश्याम झंडा , चादर सिंह केठवाल, सरपंच गण गंगाराम , जितेंद्र खेलवाल , रोहित बामनिया , देवकरण सिंह , ओमप्रकाश सिरोलिया , आदि भरी संख्या में अनुसूचित जाति समाज भरी संख्या में उपस्थित था ।



# टीकमगढ़ में इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप की शुरुआत: 15 टीमें ले रही हिस्सा, अच्छा प्रदर्शन करने वालों को मिलेगी स्पेशल ट्रेनिंग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/मनोज सिंह

टीकमगढ़ में जिला क्रिकेट संघ युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने करने के लिए इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता करवा रही है। कॉम्पिटिशन में शहर के विभिन्न स्कूलों की 15 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच ग्वालियर पब्लिक स्कूल और न्यू विजन फाउंडेशन के बीच खेला गया। शुक्रवार सुबह सरोज कॉन्वेंट और महर्षि स्कूल की टीमें के बीच मुकाबला हुआ।



मैन ऑफ द मैच और सीरीज को किया जाएगा सम्मानित: जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रोहित वैद्य ने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीमों से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज से सम्मानित किया जाएगा। विजेता और उपविजेता टीमों को भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत और विवेक चतुर्वेदी ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विनोद राय, विनय प्रताप सिंह, हरि सिंह, मनीष श्रीवास्तव, अनिरुद्ध सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सरकार और उसकी विभिन्न योजनाएं जनता द्वारा दिए गए टैक्स के पैसे चलती है न किसी नेता या मंत्री की जेब से - राजीव गुजराती

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर** । आज दिनांक 07/02/2025 को जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा प्रदेश के राजस्व मंत्री और इछावर क्षेत्र के विधायक करण सिंह वर्मा द्वारा दिए गए मतदाता के संबंध में अपनी सोच पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इछावर विधायक मंत्री श्री करण सिंह वर्मा जी जो आपको वोट दे वो भक्त या जो वोट आपको नहीं मिले वो पाकिस्तान परस्त, क्या जो अनाज सरकार गरीबों को देती है वो उसकी जनता के प्रति ज़िम्मेदारी हे या आपकी सरकार केवल वोट के लिए अनाज वितरण करती है। रही बात अनाज वितरण की या कोई भी दूसरी सरकारी योजना की सरकार की सभी योजना आम जनता के द्वारा दिये सभी प्रकार के टेक्स के पैसे से चलती है ।जो पैसे देश के लोग सभी प्रकार के टैक्स से सरकार को देते है उससे सरकारी खजाना भरता है उसी से सरकारी चलती है , ना कोई नेता या प्रधानमंत्री के घर के पैसे से।

# समाजसेवी ने दी आत्मदाह की चेतावनी, लोगों ने किया प्रदर्शन: टीकमगढ़ की दो तहसीलों को निवाड़ी में मिलाने का हुआ विरोध

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/मनोज सिंह

**टीकमगढ़** जिले में परिसीमन आयोग के मोहनगढ़ और दिगौड़ा तहसील को निवाड़ी जिले में शामिल करने के फैसले के खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। शुक्रवार को दिगौड़ा के निवासियों ने अंबेडकर प्रतिमा के पास जमकर नारेबाजी की और धरना-प्रदर्शन के साथ भूख हड़ताल की शुरुआत




समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर ने चेतावनी दी है कि अगर शनिवार तक यह फैसला वापस नहीं लिया गया, तो मैं रविवार दोपहर 1 बजे धरना स्थल पर आत्मदाह कर लूंगा। जनहित में दोनों तहसीलों के गांवों को निवाड़ी जिले में नहीं जोड़ा जाना चाहिए। निवाड़ी जिले को टीकमगढ़ में शामिल करने की मांग: स्थानीय नेता विनोद सेन ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केवल एक सीट जीतने के लिए निवाड़ी को जिला बनाया था। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर विलय करना ही है, तो निवाड़ी जिले को टीकमगढ़ में शामिल किया जाए। इस प्रदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के प्रांतीय मुख्य सचिव रामरतन दीक्षित, भाजपा नेता रमन पस्तोर सहित कई स्थानीय लोग शामिल हुए।

# सड़कों पर निराश्रित गौवंश के घूमने की समस्या को समाप्त किया जायेगा:राज्यमंत्री श्री पटेल

**जिले के निराश्रित गौवंश को वन विहार बनने के बाद**

**शिफ्ट करने का कार्य किया जायेगा**

**सीतानगर पर लगभग 515 एकड़ में वन विहार में होगी**

**निराश्रित गौवंश के लिए सुविधाए उपलब्ध होगी**

**10 हजार या उससे भी अधिक गौवंश रहेंगे सुविधाजनक वन विहार में**



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने कहा बेसहारा निराश्रित गौवंश के लिए प्रदेश की सरकार बहुत चिंतित और गौवंश के साथ-साथ जो उससे होने वाली दुर्घटनाओं में जनहानि होती है, उसके लिए भी चिंता का विषय हैं। इस सबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में जो हम काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी का कहना हैं छोटी गौशालाओं से काम नहीं चलेगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा अब बड़े-बड़े विहार बना रहे हैं, इसमें 400-500 एकड़, देवल में लगभग 4000 एकड़ जमीन हैं, हाईटेक तरीके से बनाएंगे, इसमें लगभग 10 हजार या उससे भी अधिक गौवंश को रख करके, सड़कों पर निराश्रित गौवंश के घूमने की समस्या को समाप्त किया जायेगा। ऐसे हम लगभग 12 से 15 तक अभी शुरुआत कर रहे हैं, जिनकी योजना भी बन गई है, मार्च के अंत-अंत तक इसके कार्य प्रारंभ कर सकेंगे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा खुशी इस बात की है कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के अंदर सीतानगर पर लगभग 515 एकड़ में वन विहार बना लिया गया हैं, एक अच्छी जगह के लिए जो सुविधा होना चाहिए, वहां पर होगी, खास तौर से वहाँ पर शेड बनाए जाएंगे, करीब 30-40 शेड बनेंगे, सड़क होगी, पानी की व्यवस्था होगी, गौवंश को नहलाने के लिए फुहारे की व्यवस्था होगी, गेस्ट हॉउस भी होगा, पशु चिकित्सा के लिए हॉस्पिटल भी होगी और स्टोरेज सहित अन्य सब चीज़ बहुत अच्छे तरीके से होगी। उन्होंने कहा जब ये 6-8 महीने में तैयार होगी तो

# एक दिवसीय सफल धरना प्रदर्शन 51 सूत्री मांगों का दिया ज्ञापन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/ मनोज सिंह




**टीकमगढ़** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रदेश अवहन पर आज 7 फरवरी को संपूर्ण मध्य प्रदेश के जिलों में धरना प्रदर्शन किया जाना था आज मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा टीकमगढ़ के जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद अहिरवार व कार्यकारी अध्यक्ष जे.के. जैन के मार्गदर्शन में टीकमगढ़ कलेक्ट्रेड परिसर में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता की यह कार्यक्रम कर्मचारियों की 51सूत्री मांगों को लेकर चरणबद आंदोलन के तीसरे चरण का कार्यक्रम था संयुक्त मोर्चा के जिला मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शासन प्रशासन कर्मचारियों की अभी भी मांगा नहीं मानता है तो आगामी आंदोलन भोपाल में प्रदेशव्यापी आयोजित होगा भोपाल में 16 फरवरी को अंबेडकर पार्क में आयोजित किया जाएगा जिसमे टीकमगढ़ जिले से सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी अधिकारी पहुंचकर सहभागिता करेंगे आज की कार्यक्रम में मुख्य रूप से टीकमगढ़ में राज प्राथमिक सेवा संघ, मध्य प्रदेश राज्य पदाधिकारी संघ, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग राज्य कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश न्यायक कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ, लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस, मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन, पुरानी पेंशन वाली महासंघ आजाद अध्यापक संघ, एम यु एम शिक्षक संघ, मध्य प्रदेश आईटीआई कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ, मध्य प्रदेश वाहन चालक संघ, मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संघ, मध्य प्रदेश बंद कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ, सघो ने इस कार्यक्रम में अपनी पूर्ण सहयोगिता ही एवं आज के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाया धरना उपरांत कलेक्टर महोदय टीकमगढ़ प्रतिनिधिपी एस चौहान अपर कलेक्टर को माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं माननीय मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन दिया गया आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील कुमार खरे चंद्रभान समारी अमर शर्मा खेमराज माझी विनोद चौरसिया श्रीमती पार्वती यादव श्रीमती सरोज सुमन हरि बल्लभ अहिरवार भगवत अहिरवार खुशी लाल रैकवार हर्ष दीक्षित अमित साहू मनीराम अहिरवार संजय द्विवेदी हरचरण अहिरवार करंजी लाल अहिरवार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे

# भोपाल कमिश्नर संजीव सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी ने किया बैरसिया का निरीक्षण



केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

**भोपाल** कमिश्नर संजीव सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी ने बेरसिया का दौरा किया, जहां उन्होंने सिविल अस्पताल, जनपद पंचायत, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भोपाल कमिश्नर संजीव सिंह मीडिया से दूरी बनाए रखते हुए नजर आए। जब मीडिया प्रतिनिधियों ने उनसे प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया, तो उन्होंने संक्षेप में कहा कि वे मीडिया को बयान नहीं देते और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगे बढ़ गए।

**विधानसभा की लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर कोर्ट जाएगी कांग्रेस**

# नेता प्रतिपक्ष बोले- विधायकों में भेदभाव ठीक नहीं



**भोपाल।** चाहे पक्ष हो या विपक्ष, चुने हुए जनप्रतिनिधि सदन के अंदर क्या कर रहे हैं, क्या बोल रहे हैं और जनता के लिए क्या बात कर रहे हैं, यह जानना सबका समान अधिकार है। विधानसभा में जनसमस्याओं पर होने वाली बहस का लाइव टेलीकास्ट भाजपा सरकार क्यों नहीं दिखाना चाहती? जब दूसरे राज्यों में यह संभव है, तो मध्यप्रदेश में क्यों नहीं हो रहा ? इसे लेकर हम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही। ऐसे में विधानसभा की लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर कांग्रेस जल्द हाईकोर्ट का रुख करेगी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस की ओर से सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल और कसरावद विधायक और पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। याचिका में विधानसभा की कार्यवाही के लाइव टेलीकास्ट की मांग की जाएगी। कांग्रेस विधि विशेषज्ञों की मदद से अगले हफ्ते इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर करने की तैयारी है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को पत्र लिखकर यह मांग कर रहे हैं कि विधानसभा की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट किया जाए। उनका कहना है कि जब लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट होती है, संसद का अपना टीवी चैनल है। यूपी, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों की विधानसभाओं की कार्यवाही भी लाइव दिखाई जाती है, तो मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही का टेलीकास्ट क्यों नहीं किया जाता?

सिंघार ने कहा कि बजट सत्र के दौरान राज्यपाल का अभिभाषण और मुख्यमंत्री का वक्तव्य लाइव दिखाने के लिए सरकारी तंत्र के कैमरे लगाए जाते हैं और न्यूज चैनलों पर प्रसारित किए जाते हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा को ई-विधान में तब्दील करने की तैयारी अंतिम चरण में है। ई-विधान लागू होने के बाद नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर तीन साल तक इसका संचालन करेगा। तब तक विधानसभा को अपनी व्यवस्था विकसित करनी होगी। जिला स्तर पर एनआईसी विधायकों को प्रशिक्षण देने में सहयोग करेगा। सदन के भीतर हर टेबल पर 9 या 10 इंच का टैबलेट लगाया जाएगा। विधानसभा सूत्रों का कहना है कि ई-विधान लागू होने के बाद हर साल कागजों पर होने वाला 15 से 20 लाख रुपए का खर्च बचने लगेगा। अभी तक 20 राज्य केंद्र सरकार के साथ त्रिपक्षीय एमओयू कर चुके हैं। गुजरात, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में ई-विधान पहले ही शुरू हो चुका है।

# बैरागढ़ सिविल अस्पताल में नवजात की मौत

**भोपाल।** भोपाल के बैरागढ़ सिविल अस्पताल में नवजात की मौत का मामला सामने आया है। नवजात एक नाबालिग किशोरी का था। जिसके साथ उसके परिचित युवक ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं, नाबालिग किशोरी के खिलाफ भी नवजात को अस्पताल के बाथरूम में छोड़ने का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए बैरागढ़ पुलिस ने बताया कि, 31 जनवरी की सुबह अस्पताल के सर्जिकल वार्ड के बाथरूम में एक महिला मरीज की अटेंडेंट ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी। इसके बाद अस्पताल स्टाफ को सूचना दी गई। बाथरूम में पहुंची स्टाफ को एक प्रीमैच्योर नवजात मिला, जिसका तुरंत इलाज शुरू किया गया। हालांकि, बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच में पता चला कि, नवजात एक नाबालिग किशोरी का था। जिसे उसने अस्पताल के बाथरूम में छोड़ दिया था। पुलिस ने बताया कि, नाबालिग के साथ उसके परिचित युवक ने दुष्कर्म किया था, जिसके बाद वह गर्भवती हुई। आरोपी युवक की तलाश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एमपी में फरवरी में पहली बार 22 डिग्री से नीचे पारा

**भोपाल।** उत्तर भारत में बर्फबारी होने से मध्यप्रदेश एक बार फिर सर्द हवाओं की चपेट में है। गुरुवार को इंदौर समेत कई शहरों में हवा 34 से 36 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली, जो आम दिनों की तुलना में 3-4 गुना अधिक रही। वहीं, फरवरी में पहली बार दिन का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी पारा लुढ़का। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। शनिवार को तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया- बुधवार से ही हवा की दिशा उत्तरी हो गई। उत्तर भारत में बर्फबारी होने से हवा की रफ्तार बढ़ गई। गुरुवार को भोपाल में 18 से 20 किमी और इंदौर एयरपोर्ट पर 34 से 35 किमी प्रतिघंटे की स्पीड से हवा चली। अमूमन यह 6 से 8 किमी प्रतिघंटा रहती है। शुक्रवार को भी हवा की गति तेज रहेगी। इससे ठिठुरन बनी रहेगी।

# पशु क्रूरता करने वालो पर जल्द होगी कड़ी कार्यवाही नष्िगवा गांव में हुई पशु क्रूरता को पनवार पुलिस ने लिया संज्ञान में मामला






**सोशल मीडिया में चल रही थीं खबर खेल मैदान नष्टिगवा गांव का है मामला**

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा जिले के पनवार थाना अंतर्गत ग्राम नष्टिगवा के खेल मैदान के पास एक गाय को लाठी डंडे से पीट पीट कर हत्या करने की खबर सोसल मीडिया में चल रही थी जैसे ही ये खबर पनवार पुलिस के पास पहुंची पनवार पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करतें हुऐ कुछ संदेहियो को पकड़ कर पूछताछ कर रही है साथ ही बहुत जल्द पशु क्रूरता करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी वही पनवार थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय ने बताया कि अभी नष्टिगवा गांव से एक पशु क्रूरता का मामला सामने आया है जिस पर मामले को संज्ञान में लिया गया और ऐसे घृणित कार्य करने वालो पर उनकी पहचान कर कड़ी से कडी कार्यवही की जायेगी

**मोतीनगर बस्ती में खुद ही दुकानें खाली कर रहे लोग**

# बस्ती में 384 मकान-110 दुकानें; आज हटाने का अल्टीमेटम; कांग्रेस कर चुकी विरोध




भोपाल। भोपाल की मोतीनगर बस्ती में शुक्रवार को जेसीबी चलने से पहले ही दुकानदार अपनी दुकानें खाली करने लगे हैं। गुरुवार रात के बाद शुक्रवार को सुबह से ही लोगों ने दुकानें खाली करना शुरू कर दी। सुभाषनगर ब्रिज की थर्ड लेन के लिए यहां के कुल 384 मकान और 110 पक्की दुकानें हटाई जानी है। गुरुवार को पुलिस ने अनाउंसमेंट करके स्वेच्छा से सामान हटाने की समझाइश दी। इस मुद्दे पर कांग्रेस मैदान में है। रहवासियों के साथ कांग्रेस नेता भी बस्ती को हटाने का विरोध जता चुके हैं। डीसीपी जोन-1 प्रियंका शुक्ला ने पुलिस अफसरों के साथ गुरुवार को मुआयना भी किया। वहीं, एडीएम प्रकाश नायक और एमपी नगर एसडीएम एलके खरे ने निरीक्षण किया था। अफसरों की समझाइश के बाद कई दुकानदारों ने सामान हटाना भी शुरू कर दिया, लेकिन कई अभी भी अड़े हैं। ऐसे में शुक्रवार को प्रशासन इन्हें नगर निगम के अमले की मदद से हटाने की कार्रवाई करेगा। बता दें कि 4 फरवरी तक बस्ती खाली करने का समय था, लेकिन पुलिस फोर्स नहीं मिलने की वजह से कार्रवाई नहीं हो सकी। दो दिन तक कार्रवाई अटकी रही। मोतीनगर बस्ती में कुल 384 मकान हैं। यहां 110 पक्की दुकानें भी हैं। इन दुकानों को हटाने से कार्रवाई की शुरुआत होगी। नगर निगम, पुलिस और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे। मोतीनगर बस्ती को हटाने का विरोध भी किया जा रहा है। तीन दिन पहले कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला एक दुल्हन को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के पास पहुंच गए थे। शुक्ला ने कहा था, जिला प्रशासन की कार्रवाई के पहले मोतीनगर से कई मानवीय पहलू सामने आ रहे हैं। यदि प्रशासन मौजूद सैकड़ों परिवारों को मोहलत नहीं देता है तो उनके सामने आर्थिक संकट के अलावा नैतिक संकट भी खड़े हो रहे हैं।किसी के घर में बेटी के हाथ पीले होने हैं तो कहीं बेटे की शादी की तैयारी हो रही है। इस स्थिति में भी कार्रवाई होती है तो कई शादियां भी टालनी होंगी। दूसरी ओर, बच्चों की परीक्षाएं भी हैं।

# ग्वालियर में शादी समारोह से रुपए भरा बैग चोरी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शादी समारोह में दुल्हन के पिता का बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। वारदात राजबाग मैरिज गार्डन गोला का मंदिर में गुरुवार रात की है। दुल्हन के पिता ने बारातियों के स्वागत के दौरान सिर्फ पांच मिनट के लिए बैग कुर्सी पर रखा और उनके पलटते ही बैग गायब हो गया। बैग में तीन लाख रुपए के साथ कुछ उपहार व दस्तावेज रखे हुए थे। घटना का पता चलते ही शादी समारोह में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गार्डन में लगे कैमरे खंगाले तो उसमें एक संदेही सूट बूट में खड़ा दिख रहा है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर संदेही की तलाश शुरू कर दी है। शहर के शताब्दीपुरम निवासी अरविन्द सिंह तोमर रिटायर्ड फौजी हैं। छह फरवरी को उनकी बेटी दीप्ति तोमर की शादी का कार्यक्रम मेला ग्राउंड स्थित राजबाग मैरिज गार्डन में चल रहा था। मेहमानों की अगवानी के लिए दुल्हन के पिता अरविंद सिंह दरवाजे पर खड़े थे और उनके पास ही नकदी से भरा बैग था।

## 51 प्रतिशत स्कूलों ने ही किया मान्यता के लिए आवेदन

**भोपाल।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने मान्यता नियमों में बदलाव को लेकर 30 जनवरी को हड़ताल की थी। इसके बाद 4 फरवरी को स्कूल संचालकों ने बीजेपी ऑफिस के सामने भी धरना दिया। मगर उसके बाद भी मान्यता नियमों में बदलाव नहीं हुआ है। दूसरी तरफ मंगलवार तक करीब 51 प्रतिशत स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन कर दिया है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सिंह की माने तो प्रदेश भर में कुल 34 हजार स्कूल हैं। जिसमें से 15 हजार से अधिक ने मान्यता के लिए अप्लाई किया है। बाकी स्कूल अभी अप्लाई नहीं कर रहे हैं।

# सौरभ के जवाबों के पर शरद-चेतन से हो रही पूछताछ

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम लगातार तीसरे दिन भोपाल की केंद्रीय जेल में न्यायिक हिरासत में कैद आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा से पूछताछ कर रही है। इस दौरान सौरभ से प्राप्त जानकारी के आधार पर जेल में ही अलग बैरक में रखे गए शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर को भी बुलाकर पूछताछ की जा रही है। ईडी की टीम सौरभ के जवाबों की कड़ियां जोड़कर उसकी काली कमाई के स्रोतों और सहयोगियों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। अब तक की पूछताछ में कुछ नए नाम भी सामने आए हैं। मेंडोरी में एक इनोवा गाड़ी से मिले 11 करोड़ रुपये नकद और 52 किलो सोने के मामले की कड़ियां जोड़ने में ईडी के अधिकारियों को अभी पूरी सफलता नहीं मिली है। हालांकि, पूछताछ के दौरान नए लिंक मिलने से राह आसान हो रही है और काली कमाई में शामिल नए नाम सामने आ रहे हैं। फिलहाल इस संबंध में अधिकारी कोई आधिकारिक जानकारी साझा करने से बच रहे हैं, लेकिन संभावना है कि जल्द ही कुछ नए लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। लोकायुक्त पुलिस की रिमांड खत्म होने के बाद 17 फरवरी तक के लिए केंद्रीय जेल भेजे गए सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल से 5 फरवरी से लगातार तीसरे दिन पूछताछ चल रही है। यह पूछताछ तब तक जारी रहने की उम्मीद है जब तक कि तथ्यों के आधार पर स्पष्ट निष्कर्ष नहीं निकलते।

# जबलपुर में नर्मदा प्राकट्योत्सव पर जमकर आतिशबाजी

**जबलपुर।** मंगलवार 4 फरवरी को नर्मदा प्राकट्योत्सव के मौके पर गौरी घाट पर जमकर आतिशबाजी की गई, जबकि प्रशासन ने नर्मदा घाट के आसपास आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। आतिशबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आखिरकार कलेक्टर के निर्देश पर गौरीघाट थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस अब उन लोगों की तलाश में जुटी हुई है जिन लोगों ने घाट पर आतिशबाजी की थी। मंगलवार को नर्मदा जयंती के दौरान गौरीघाट पर हजारों लोग जुटे थे। शाम को जब महाआरती हुई तब घाट पर जमकर आतिशबाजी की गई। सोशल मीडिया में आतिशबाजी का वीडियो सामने आने पर कलेक्टर और एसपी संज्ञान लिया।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शनिवार 8 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# अशोक मिश्र की मनुआ भयो अधीर का लोकार्पण



**सीतापुर।** हिंदी सभा के तत्वावधान में कवि अशोक मिश्र की चैथी पुस्तक मनुआ भयो अधीर का लोकार्पण डॉ. अरुण त्रिवेदी एवं अन्य वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा किया गया। मंचासीन वरिष्ठ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं शिव प्रताप सिंह चैहान शौर्य द्वारा की गई वाणी वंदना के उपरान्त कार्यक्रम का प्रारम्भ इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव ने स्वयंरचित भारतमाता गान ॢशत शत वंदन भारतमाता धन्य हमारी माटी, सदाचार ही बने आचरण ऐसी हो परिपाटी से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. जयवीर सिंह ने कहा, यद्यपि पारंपरिक छंदों को बहुत ही सतर्क होकर रचना चाहिए तदपि इस कृति के लिए कवि को साधुवाद देने के साथ-साथ मैं आश्चर्यचकित भी हूं कि विज्ञान का एक विद्यार्थी एक ब्रह्मवादी कवि कैसे हो सकता है? मुख्य अतिथि डॉ. अरुण त्रिवेदी ने कहा, कवि यदि शब्द से अर्थ ले रहा है तो वह कवि नहीं है यदि वह शब्द को नया अर्थ दे रहा है तभी वह कवि कहा जा सकता है साथ-साथ भाषा एवं छंद की पवित्रता भी कविता के लिए अनिवार्य है। उपरोक्त कृति की समीक्षा करते हुए समीक्षक संदीप मिश्र सरस ने कहा, समाज को दिशा देना और सचेत करना लेखकीय कर्तव्य का प्रथम सोपान है। अशोक जी ने लेखकीय कर्तव्य के साथ-साथ अपने मानवीय सामाजिक उत्तरदायित्व का भी पूर्ण निर्वाहन इस दोहा संग्रह के माध्यम से किया है। डॉ. मनोज दीक्षित ने कहा, माता शारदा की कृपा दृष्टि यूं ही बनी रहे, लेखनी अशोक जी की सदा चलती रहे। आप हों शतायु सब कवियों की कामना है, ज्योति कविता की यूं ही सदा जलती रहे। कृतिकार अशोक मिश्र ने कहा, मैं तो खुली किताब हूं, जो चाहे पढ़ जाय। जाकी जैसी सोच है, उसको वह दिख जाय।। मुख्य वक्ता के रूप में अरुणेश मिश्र ने कहा, इस अवधी कृति का प्रथम दृष्ट्या अवलोकन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि अशोक मिश्र कबीर की राह पर चल पड़े हैं उनके दर्शन का सटीक प्रभाव इनके साहित्य में परिलक्षित हो रहा हैॱ। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ ओजकवि रजनीश मिश्र ने किया। उपरोक्त सभा को केदारनाथ शुक्ल, विभु पुरी, डॉ. ज्ञानवती दीक्षित आदि ने संबोधित किया। उदय प्रताप त्रिवेदी द्वारा किए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में सुधा मिश्रा, राजेश कुमार श्रीवास्तव, झंकारणाथ शुक्ल, सुमन मिश्रा, शांतिशरण मिश्र ॢव्यंग्यॢ, राम किशोर श्रीवास्तव, अरुण मिश्रा, ईश्वर चंद्र सक्सेना, कमलेश पांडेय, अवधेश शुक्ल, अर्पित मिश्र तेजस, सूरज अवस्थी सीतापुरी, जी. एल. गांधी, गीता श्रीवास्तव, भूपेंद्र दीक्षित, सुमन मिश्रा, हरीश शाह, शैलेंद्री, काली प्रकाश मिश्र, शुभेंदुजी आदि उपस्थित थे।

# नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान पर डीएसओ विभाग की सख्ती

**सीतापुर।** सूबे की सरकार ने इस समय नो हेलमेट व फ्यूल अभियान चलाया है। इस अभियान का पेट्रोल पम्प संचालक पालन नही कर रहे थे। प्रकाश पेट्रोल पम्प माल गोदाम के सामने का हाल तो यह है कि पम्प के एक तरफ लिखा लगा हुआ है कि नो हेलमेट नो फ्यूल इसके अलावा दूसरी तरफ बिना हेलमेट में पेट्रोला बिक रहा था। इस पर कुछ लोगों ने टीका टिप्पणी की तो एक ही जवाब मिला कि विगत दिनों इस पम्प पर अधिकारी आये थे जो व्यक्ति बिना हेलमेट पेट्रोल डलाने आ रहा था उसके चालान किये गये है। इसके अलावा बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा था। इसी तरह से अन्य पम्प चाहे वह लालबाग हो या फिर हरदोई चुंगी ट्रान्सपोर्ट करीब करीब भी पेट्रोल पम्पों का एक ही हाल रहा इसी क्रम में विगत दिवस डीएसओ द्वारा पांच पेट्रोल पंप संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। 26 जनवरी से जिले में नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान चल रहा है। इसके क्रियान्वयन को लेकर पेट्रोल पंप संचालकों की लापरवाही रही। इसके तहत डीएम द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों को बिना हेलमेट के बाइक सवारों को पेट्रोल न देने के निर्देश दिए गए हैं। इसका कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए डीएम द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद पेट्रोल पंपों पर अधिकतर बाइक सवार बिना हेलमेट के ही पेट्रोल भरवा रहे हैं। डीएसओ ने इसको लेकर पांच पेट्रोल पंप संचालकों को नोटिस भेजने की कार्रवाई की है। इस सम्बन्ध में जिलापूर्ति कार्यालय के आफाक ने बताया कि लालबाग पर स्थित मूसाराम भगवानदास पेट्रोल, सीतापुर ट्रेडिंग कम्पनी ट्रान्सपोर्ट चैराहा, प्रकाश सर्विस्टेशन मालगोदाम, जेपी केयर स्टेशन रोड, लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी प्लाइउड को नोटिस दी गई है।

## बार की बैठक में चुनाव की घोषणा


**सिधौली -सीतापुर ।** तहसील परिसर में बार एसोसिएशन कार्यकारिणी के चुनाव की घोषणा एसोसिएशन की बैठक के बाद कर दी गयी 25 फरवरी025 को कार्यकारिणी का चुनाव होगा। बार एसोसिएशन के महामंत्री शिव शंकर यादव ने बताया कि 19 फरवरी025 को नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी और उसी दिन नाम वापसी भी होगी चुनाव 25 फरवरी 025 को 11रू00 से लेकर 3रू00 तक संपन्न होंगे इस दौरान उन्होंने बताया की चुनाव संपन्न होने तक वर्तमान कार्यकारिणी अपने पद पर बनी रहेगी एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अजय पाल सिंह व सदस्य शिव शंकर गिरी, रामकुमार द्विवेदी ,अखिलेश शुक्ला, चित्रकेत सिंह ,संजय दीक्षित द्वारा समस्त चुनाव संपन्न करवाए जाएंगे चुनाव अधिकारी रामकुमार द्विवेदी वसंजय दीक्षित को बनाया गया है।

# पंचायत विभाग में बिना एनओसी के कराये जा रहे विकास कार्य

## कार्य स्वीकृति में जिम्मेदार नही दे रहे एनओसी पर ध्यान

**सीतापुर।** सूबे की सरकार जहां एक तरफ घोटालेबाजों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का फरमान जारी कर रही है जिससे प्रदेश में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया जा सके । सरकार की मंशा है कि जो भी योजना चलाई जा रही है उसका लाभ हर हाल में अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचे लेकिन जनपद सीतापुर जारी आदेशो के बाद भी पंचायत विभाग में जारी आदेशो का असर नही दिख रहा है । पंचायत विभाग के जिम्मेदार अफसरों द्वारा घोटालेबाजों को खुला संरक्षण दिया जा रहा है अगर आला अफसर पंचायत विभाग द्वारा सम्पन्न कराये जा रहे विकास कार्यो की केवल एनओसी का अवलोकन कर ले तो हकीकत से रूबरू हो जायेगे। पंचायत विभाग के अधिकांश विकास कार्य बिना एनओसी के सम्पन्न कराये जा रहे है जबकि नियम है कि जब फाइल किसी कार्य के लिये पास होनी होती है तो सबसे पहले फाइल अफसर के पास ही जाती है उसके बाद अफसर फाइल पर अपने हस्ताक्षर करता है और कार्य की स्वीकृति देता है यह फाइल एक दो नही बल्कि कई अफसरों के पटल से होकर गुजरती है इसके बाद भी एनओसी पर कोई ध्यान ही नही दिया जा रहा है यह अपने आपमें एक अहम सवाल है। उदाहरण के तौर पर अगर पंचायत द्वारा गावो से जुड़ी रोडो विद्यालय अस्पताल आदि में निर्माण कराया जा रहा है सम्बन्धित विभाग जिस विभाग की जमीन पड़ रही है उससे एनओसी लेना जरूरी है। इसी तरह अगर पीडब्लू डी या फिर किसी अन्य विभाग द्वारा बनवाई गई सड़क की पटरी पर कोई विकास कार्य हो रहा है तो जरूरी है कि पीडब्लू डी या फिर जिस विभाग की सड़क की पटरी पर कार्य हो रहा है उससे एनओसी लेना जरूरी है। अगर किसी विद्यालय में पंचायत निधि से कार्य हो रहा है तो स्टीमेट के साथ ही विभाग की एनओसी जरूरी है इसके बना विकास कार्य नही हो सकता। किसी भी विकास कार्य में अगर विकास दूसरे विभाग की सम्पत्ति पर हो रहा है तो तब तक विकास कार्य नही कराया जा सकता है तब तक उस विभाग की एनओसी नही मिल जाती हैं लेकिन सीतापुर में इस समय नियमों को ताख पर रखकर कार्य किया जा रहा है और बिना एनओसी ही अधिकांश विकास कार्य हो रहे है जो शासनादेश के विरूद्ध है और ऐसे ही विकास कार्यो में घोटालो के संकेत मिल रहे है ।

# सरायन के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू



**हरगांव-सीतापुर ।** महत्मागांधी ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत सरायन नदी का जीणोद्धार कार्यक्रम विकास खंड हरगांव में पड़ने वाले तालाबों एवं प्राकृतिक ड्रेनों के पुनरुत्थान हेतु कार्यक्रम विकास खण्ड की ग्राम पंचायत हैदरपुर में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यतिथि राज्य कारागार मंत्री सुरेश राही द्वारा भूमिपूजन शिलान्यास एवं फावड़ा चला कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में विकास खंड हरगांव के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा व खण्ड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी रहे।श्री रस्तोगी ने बताया कि विकास खण्ड की 14 ग्राम पंचायतों में नदी का कुल प्रवाह लगभग 30 किमी.का है। नदी का सीमांकन करते हुए वृहद वृक्षारोपण एवं नदी तटबंध कराकर अवैध कब्जा मुक्त कराया जाना है। उक्त अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत तकनीकी सहायक ऋतुराज, अवस्थी, अंशुमाली, अभिषेक सिंह, ग्राम प्रधान सावित्री देवी, धर्मेन्द्र कुमार सचिव, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# पंजाब नेशनल बैंक ने 21 करोड़ रूपये का ऋण किया स्वीकृत



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पंजाब नेशनल बैंक, मण्डल कार्यालय, सीतापुर में आयोजित दो दिवसीय होम लोन एक्सपो 2025 का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित स्टालों का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम के दौरान बैंक द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित महिलाओं, व्यवसायियों एवं उद्यमियों ने अपनी सफलता की कहानी एवं अनुभव बताकर सभी को योजनाओं का लाभ प्राप्त करते हुए सफल होने हेतु प्रेरित भी किया। कांसेप्ट कार के प्रमुख संजीव अग्रवाल को ऋण स्वीकृत चेक वितरित किया गया। इसके साथ ही 76 लोगों को लगभग 21 करोड़ से अधिक का होम लोन भी स्वीकृत कराया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित होम लोन एक्सपो 2025 की सराहना करते हुये कहा कि इससे निश्चित ही सीतापुर लाभान्वित होगा। जिलाधिकारी ने अपेक्षा की कि जनपद के सी0डी0 रेशियों में सुधार एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बैंक द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। उन्होंने स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं प्रदान करने हेतु भी बैंक को प्रेरित किया, जिससे सीतापुर विकास के पथ और अधिक तेजी से अग्रसर हो सके। पंजाब नेशनल बैंक के उप अंचल प्रबंधक ने बैंक द्वारा प्राप्त उपलब्धियों एवं संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुये सभी ग्राहकों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। ार्यक्रम के दौरान पंजाब नेशनल बैंक के मण्डल प्रमुख धीरेन्द्र कुमार झा तथा प्रधान कार्यालय के प्रतिनिधि संजय श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी ग्राहक व आम जनमानस उपस्थित रहे।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया




**सीतापुर ।** स्वामी विवेकानन्द इंटर कॉलेज मानपुर सीतापुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां के तत्वावधान में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया गया। यहां स्कूली बच्चों और अध्यापकों को जागरूकता के लिए संकल्प भी कराया गया। क्षेत्र के स्वामी विवेकानन्द इन्टर कालेज मानपुर में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मियों द्वारा छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को जानकारी देते हुए बताया गया कि यह अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जा रहा है, जिसमें कुष्ठ के प्रति भेदभाव को खत्म करने के बारे में जानकारी दी जा रही है। बताया गया कि कुष्ठ रोग संक्रामक नहीं होता और यह पूरी तरह इलाज योग्य है। इस अवसर पर बिसवां के एन एम ए सोहनलाल प्रधानाचार्य रहवर प्रतापगढ़ी, पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार मिश्र, भारतीय श्रमजीवी पत्रकार एशोसिएशन के संस्थाध्यक्ष शशि कान्त शुक्ला क्षेत्रीय आशा संगिनी सन्तोष कुमारी शुक्ला, आशा नीरज अवस्थी, ज्ञानवती, पिंकी देवी, जन्तरा देवी, तथा विद्यालय स्टाफ में माया तिवारी, ज्ञानेंद्र कुमार, देशराज यादव आदि उपस्थित रहे।

## अपनी 55वें पड़ाव पर पहुंची जन जागरण यात्रा

**गोंदलामऊ-सीतापुर।** ब्लांक के गोंदलामऊ क्षेत्र के संदना गांव में शाकाहार सदाचार, जन जागरण के 55वें पड़ाव में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक के राष्टीय अध्यक्ष पंकज जी महाराज पहुचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सत्य, दया, प्रेम करुणा मानव धर्म की नींव है। रामराज्य कोई भाषण देने से नहीं आयेगा। राम राज्य आन्दोलन तोड़फोड़ से भी नहीं आयेगा। रामराज्य आयेगा अच्छे विचारों से आयेगा। प्रेरणादायी सन्देशों के साथ जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्टीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज अपने 86 दिवसीय शाकाहार-सदाचार जनजागरण यात्रा के 55वें पड़ाव स्थल संदना पहुंचा। यह कलयुग है। हर युग की साधना भी अलग-अलग थी। सतयुग योगी सब विज्ञानी, त्रेता विविध यज्ञ नर करहीं, द्वापर करि रघुपति पद पूजा। लेकिन कलयुग में चूंकि प्राण अन्न पर ही आ टिका है। इसलिये अन्य युगों की साधना को सन्तों महात्माओं ने परिवर्तित करके सरल साधना का रास्ता खोल दिया। उन्होंने कहा कि ''सतयुग त्रेता द्वापर बीता, काहू न जानी शब्द की रीता। कलयुग में स्वामी दया विचारी, परगट करके शब्द पुकारी।' कलयुग में सुरत शब्द योग की सरल साधना संतों ने जारी किया। इसी शब्द को धुन, आवाज, कलमा और नाम कहते हैं। जीवात्मा के अन्तरी कान से ऊपरी मण्डलों की आवाजें सुनी जाती हैं। महाराज जी ने कहा कि गन्दे खानपान के कारण ही विश्व में तरह-तरह की बीमारियां आती हैं।

# लक्ष्य के अनुसार बैंकें स्वीकृत कराये ऋण-डीएम



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सी.एम.युवा) के सफल क्रियान्वयन हेतु स्टेक होल्डर विभागों एवं बैंकर्स की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा प्रेषित आवेदनों, बैंकों द्वारा स्वीकृत आवेदनों एवं स्वीकृत आवेदनों के सापेक्ष ऋण वितरण की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्रों के आवेदन प्रेषित कराते हुए उन्हें आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुसार ऋण स्वीकृत कराते हुए स्वीकृत ऋणों का समय से वितरण सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं की असीमित क्षमता को गति देने तथा मुख्यमंत्री के विजन को साकार करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा मिशन मोड मे संचालित अत्यन्त महत्वाकांक्षी योजना है, इसलिए इसमें कोई विलम्ब न किया जाये। बैठक में एक्सिस बैंक एवं आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक के अधिकारियों के अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के सी0सी0एल0 से संबंधित प्रकरणों का भी त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

# डायरेक्टर ने बैठक में पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी जानकारी



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन द्वारा जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन के डायरेक्टर शान्तनु चारी ने फाउंडेशन द्वारा जनपद में किये गये कार्यों तथा परिषदीय विद्यालयों में इनके माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के विषय में पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा पी0टी0एम0 से पूर्व संबंधित विद्यालयों से फोन द्वारा वार्ता कराने से पी0टी0एम0 की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इसके साथ ही निरीक्षण के संबंध में ए0आर0पी0 को दिये गये प्रशिक्षण से निरीक्षण की गुणवत्ता भी सुधरी है। उन्होंने बताया कि जनपद में निपुण लक्ष्य, विभिन्न कार्यशालाओं और कॉल सेंटर के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।जिलाधिकारी अपेक्षा की कि विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। उन्होंने नए चयनित होने वाले ए0आर0पी0 का भी प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये। इसके साथ ही अन्य इण्डीकेटर्स में सुधार हेतु भी आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किये जाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय स्तर की समस्याओं का अध्ययन कर इनके निवारण हेतु प्रभावी प्रबंध भी किये जायें। उन्होंने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा हर सम्भव सहयोग प्रदान किया जायेगा। बैठक के दौरान सभी विकास खण्डों में फाउंडेशन द्वारा तैनात समन्वयक भी उपस्थित रहे।

# सीतापुर के चर्चित सीएमओ हरपाल सिंह की शिकायत पहुंची प्रधानमंत्री कार्यालय

## सरकारी आवास पर एक महीना 6 दिन से कब्जा किए बैठे पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**सीतापुर ।** पूर्व चिकित्सा अधिकारी पर लगे आरोप अब प्रधान मंत्री कार्यालय तक पहुंच गए है।सीएमओ हरपाल सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा गया। निवर्तमान मुख्यचिकित्सा अधिकारी हरिपाल सिंह के द्वारा संविदा आयुष चिकित्सको की नियुक्ति में शासन प्रशासन के नियमो को ताख पर रख पर धन वसूली करके की गई नियुक्ति की जाँच करवा कर विभागीय कार्यवाही करवाए जाने के सम्बन्ध में जहाँ उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को लेकर सजग है वही जिला सीतापुर में मुख्याचिकित्साधिकारी द्वारा जारी 29 नवम्बर 2024 पत्रांक अनुसार मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सख्या 669ध्एसपीएमयूध्एनएचएमध्आयुष 2024-25ध्4933, 28 अक्टूबर 2024 के अनुसार रिक्त पदों पर डी0वी0पी0 साक्षात्कार के अनुसार संविदा आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति में शासन प्रशासन के नियमो को ताख पर रखकर निवर्तमान मुख्या चिकित्साधिकारी हरिपाल सिंह के द्वारा संविदा चिकित्सको की नियुक्ति करने के नाम पर प्रति पद 15 लाख से 20 लाख की धन उगासी करके संविदा आयुष चिकित्सको की नियुक्ति की गई है। गुप्त सूत्रों से यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि 15 लोगो की नियुक्ति केवल जिला बरेली के रहने वाले लोगों की नियुक्ति गई है। यही नहीं 24 के बजाए 26 लोगो की नियुक्ति कर दी गयी इस नियुक्ति में निवर्तमान मुख्या चिकित्साधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार करके मनमाने तरीके से धन उगासी करके नियुक्ति की गई है। जो सरासर अवैध व फर्जी है। उक्त नियुक्ति पर प्रतिबन्ध लगते हुए जाँच करके निवर्तमान मुख्या चिकित्साधिकारी हरिपाल सिंह के भ्रष्टाचार को उजागर कर कार्यवाही हो।संबंधित मामले में सीएमओ की सीतापुर में खूब किरकिरी हुई थी आरोप तो यह भी है कि अभी तक सीएमओ शाहब सीतापुर के अमोघ छिड़ नहीं पाए है और अपने सरकारी बंगले पर अभी भी काबिज है।अब शासन से पूर्व सीतापुर सीएमओ पर क्या कार्यवाही होती है ये आने वाला समय बताएगा लेकिन इतना जरूर है कि सीएमओ अपनी कार्य प्रणाली के चलते सीतापुर में सुर्खियों में आज भी बने हुए है। वही इस संबंध मे वर्तमान मुख्यचिकत्सा अधिकारी डॉ अनूप श्रीवास्तव से बात की गयी तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया फिल हाल सभी अधिकारों का पूर्व मुख्यचिकत्सा अधिकारी हनन कर रहे हैं।




# पवन मिश्रा बने संघ के प्रदेश अध्यक्ष



**सीतापुर।** वरिष्ठ पत्रकार पवन मिश्रा निवासी पंतौजा मिश्रा को राष्ट्रीय ब्राहम्ण एकता संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पवन मिश्रा को यह जिम्मेदारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सौपी है। इस मौके पर पवन मिश्रा ने कहा कि आज मुझ पर विश्वास जताते हुए राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अभिषेक दीक्षित के द्वारा मुझे राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है आप सभी का आशीर्वाद मुझे मिलता रहे और मैं संगठन को आगे बढ़ाता रहूं आप सभी से मै यही आशा करता हू। उन्होने कहा कि हाईकमान ने मुझ पर जो जिम्मेदारी डाली है वह आपके सहयोग बिना पूरी नही की जा सकती है इस कारण आपसे मै अपेक्षा करता हूं कि आप सभी मेरा साथ कंधे से कंधा मिलाकर दे तभी मै इतनी बड़ी जिम्मेदारी को पूरा कर सकता हूं।

# चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह पर 30000 मंथली रंगदारी वसूलने के आरोप

## न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के कोतवाली टांडा थाना अलीगंज अन्तर्गत पुलिस चौकी मेडिकल कालेज सदरपुर के चौकी इंचार्ज सब इन्स्पेक्टर जितेन्द्र सिंह जिनकी पुलिस चौकी की सीमा के अंकित पांडे की कताई मिल द्वारा पुत्र अम्बिका पांडेय निवासी ममरेजपुर है, सदरपुर चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह काफी दिनों से साप्ताहित धन वसूली हेतु धमकिया दी जा रही थी। 18/12/2014 यह कि उक्त साप्ताहिक वसूली हेतु अंकित पांडे के दबाव बनाते हुये धमकियां व गाली गलौज दी जा रही थी, कि यदि मेरे द्वारा

उन्हें 30,000/- (तीस हजार) रूपया साप्ताहिक नहीं दिया जायेगा, तो मिल मेरे चौकी के अन्तर्गत है, किसी न किसी मुकदमें में फंसाकर तुम्हे बर्बाद कर दूंगा।, पीड़ित द्वारा चौकी प्रभारी के कृत्यों की जानकारी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दी गयी, लेकिन मामला पुलिस विभाग का होने व सबइस्पेक्टर के रसूखदार होने के नाते उनके विरूद्ध कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं की गयी, जिससे चौकी इंचार्ज का हौसला बुलन्द होता गया और अपने गुर्गो को भेजकर पीड़ित को धमकवाया जाता रहा कि जाकर चौकी इन्चार्ज से मिल जो, अन्यथा परिणाम बुरा होगा। पीड़ित किसी भी कीमत पर चौकी इन्चार्ज को अनैतिक वसूली देने को तैयार नहीं हुआ, तो दिनांक-28.10.2024 को दिन में लगभग 12:30 बजे उक्त चौकी इन्चार्ज अपने हमराहियों के साथ पीड़ित की कताई मिल के कार्यालय में पहुंचकर कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों को गाली गलौज देते हुये डराये धमकाये तथा कहे कि हम दूसरी मिट्टी के बने हैं, हमारा भाई थाना कोतवाली टाण्डा का कोतवाल है, अपने निदेशक से कहो कि आकर मुझसे मिले और मांग पूरी करे, अन्यथा ऐसे मुकदमें में फंसाउंगा, कि मिल और निदेशक दोनों बर्बाद हो जायेंगे। उक्त सब इंस्पेक्टर की करतूत सी0सी0टी0वी0 फुटेज में आज भी मौजूद है,

पीड़ित द्वारा पुनः पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर को मामले की जानकारी स्वयं दी थी, जानकारी के मुताबिक क्षेत्राधिकारी टांडा के द्वारा जांच के दौरान उक्त सब इन्सपेक्टर को दोषी पाया गया, लेकिन आज तक उनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी, पीड़ित द्वारा थाना अलीगंज में भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

अंकित पांडे सम्भ्रांत व मानिन्द व्यक्ति है, तथा बड़े कारोबारियों में अंकित पांडेय का नाम है, उक्त चौकी इन्चार्ज के दबंगई के कारण पीड़ित के कताई मिल पर भी बुरा प्रभाव पड़ा है तथा डर की वजह से कामगार भी मिल में आकर काम करने से कतरा रहे है. जिससे पीड़ित आज भी सदमा में है कि यदि उक्त चौकी इन्चार्ज के विरुद्ध कार्यवाही नहीं हुई, तो कभी भी पीड़ित को फर्जी मुकदमे में फंसा सकते हैं,पीड़ित द्वारा उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुये पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर को भी डाक के जरिए दिनाक 03.12.2024 को सूचना दी गयी, लेकिन फिर भी पीड़ित की रिपोर्ट आज तक दर्ज नहीं हुई।

अंबेडकर नगर के न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दबंग चौकी इंचार्ज सदरपुर पर नकेल कस न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अंकित पांडेय की सुनी फरियाद सुनवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। आवेदक द्वारा अपने कथनों के समर्थन में शपथ-पत्र, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने हेतु प्रेषित प्रार्थना पत्र की प्रति आदि दाखिल किये गये हैं। प्रार्थना पत्र में उल्लिखित तथ्यों, प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्यों तथा उक्त प्रारम्भिक जाँच आख्या से प्रथमदृष्ट्या संज्ञेय प्रकृति का अपराध बनता प्रतीत होता है। आधार विवेचना पर्याप्त है।

**आदेश :-**

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। क्षेत्राधिकारी टाण्डा, जनपद-अम्बेडकर नगर को आदेशित किया जाता है कि प्रकरण में यदि मुकदमा पंजीकृत न हो तो आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र में किये गये कथनों के आधार पर उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार निष्पक्ष विवेचना कराया जाना सुनिश्चित करें तथा माननीय उच्च न्यायालय के सर्कुलर पत्र संख्या-8/2009 (एडमिन.) जी ।। दिनांकित 07.04.2009 के अनुपालन में प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर एक सप्ताह के अन्दर न्यायालय प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

# कक्षा छह की छात्रा के साथ चार पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज, गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक की फटकार के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**सुलतानपुर।** जिले के कोतवाली नगर पुलिस ने कक्षा छह की छात्रा के साथ गैंगरेप का मुकदमा घटना के 15 दिन बाद पुलिस अधीक्षक की फटकार के बाद दर्ज कर लिया। आरोप है कि चार युवकों ने हथियार के बल पर गैंगरेप किया। पीड़िता की मां 15 दिनों तक कोतवाली के चक्कर काटती रही, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सोशल साइट पर घटना प्रकाश में आने पर एसपी ने मामले को संज्ञान में लिया।

कोतवाली नगर क्षेत्र की पीड़ित छात्रा 21 जनवरी की रात अपने घर से अचानक गायब हो गई। मिशान नामक आरोपी ने अपने तीन साथियों - रंगबाज, साहिल और अज्जू के साथ मिलकर छात्रा को सफेद रंग की कार में जबरन उठा लिया। आरोपियों ने शहर के गभड़िया क्षेत्र में एक सुनसान जगह पर ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद मिशान अपने घर चला गया, जबकि अन्य तीन आरोपी बेहोश पीड़िता को लखनऊ के चारबाग स्टेशन तक ले गए। पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी बेटी के फोन में एक संदिग्ध नंबर मिला, जो बाद में ब्लैक लिस्ट में चला गया। पुलिस में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में पता चला कि पीड़िता को लखनऊ के नारी निकेतन में रखा गया है, जहां से 23 जनवरी को उसे बरामद किया।

पीड़ित छात्रा के बरामद होने के बाद उसकी मां लगातार पुलिस कोतवाली मुकदमा दर्ज कराने के लिए भागदौड़ करती रही। मगर पुलिस ने मुकदम दर्ज नहीं किया। मामला सोशल साइट पर आने के बाद एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस को फटकार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेया दिया। फिर 15 दिन बाद मुकदमा दर्ज हो सका। मामले में नगर क्षेत्राधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी हुई। लेकिन कितने लोगों को गिरफ्तार किया इसकी जानकारी नहीं दी।

# बाबा पलटू साहब की मनाई गई जयंती, भव्य निकाली शोभायात्रा



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर
तहसील संतोष कुमार

**अम्बेडकर नगर।** संत पलटू साहब की जयंती के अवसर पर जलालपुर नगर प्रसिद्ध पलटू साहब मंदिर से महंत रामप्रसाद दास के निर्देशन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भव्य झांकी और डीजे पर बजा रहे भजन के साथ भगवा वस्त्र धारण किए संत और श्रद्धालु नजर आए। जय बाबा पलटू साहब जयघोष करते हुए व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रहरि,जिला महामंत्री आदित्य गोयल,जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र,मंत्री शंभु गुप्ता समेत श्रद्धालु चल रहे थे। जगह-जगह शोभायात्रा को देखने के लिए नगरवासियों की भीड़ उमड़ी। इसके बाद शोभायात्रा वापस बाबा पलटू साहब मंदिर छाछू पहुंची। महंत रामप्रसाद दास ने बताया कि आज पलटू साहब की जयंती उत्साह के साथ विधिवत पूजा अर्चन कर मनाई गई। बाबा की कृपा और आशीर्वाद आप श्रद्धालुओं पर हमेशा बरसती रहे। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि,भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद,व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सोनी,महामंत्री शरद जायसवाल, व्यापारी मनीष सोनी,रामलीला समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी,सुक्खू ,सोनू गुप्ता,बबलू गौड़,विवेक सोनी,पंचम परदेशी आदि मौजूद रहे। श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण भी किया गया। सुरक्षा के दृष्टि से कोतवाल संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में रोहित सिंह, अशोक बिंद समेत पुलिस प्रशासन के लोग उपस्थित रहे।

## हनुमानगढ़ी परिसर में पुलिस ने प्रसाद विक्रेता को पीटा आरोप

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** जिले के हनुमानगढ़ी इलाके में शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे प्रसाद विक्रेताओं व पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस ने प्रसाद बेच रहे एक व्यापारी अभय गुप्ता उर्फ हनी को लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसका सिर फट गया। घटना के बाद व्यापारी दुकान बंद कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सूचना पर एसपी सिटी मधुबन सिंह, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे व व्यापारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन व्यापारी आरोपी पुलिस अधिकारी व कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग पर पड़े हुए हैं।

# सामाजिक संस्था आई एम होप फाउंडेशन ने अनाथ बच्चों को दिया अनुदान, इंडियन रेलवे टीम कैप्टन प्रथम सिंह ने किया वितरण

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर
तहसील संतोष कुमार



**अम्बेडकर नगर।** सामाजिक संस्था आई एम होप फाउंडेशन जलालपुर ने प्रति माह की तरह अनाथ बच्चों को दो हजार रुपये की दर से शिक्षा अनुदान देकर एक बार फिर मासूम चेहरों पर मुस्कान बिखेरने का कार्य किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन रेलवे टीम कैप्टन और आईपीएल प्लेयर प्रथम सिंह ने अपने हाथों से बच्चों को अनुदान का लिफाफा सौंपते हुए कहा कि अनाथ बच्चों का सहयोग करना बहुत ही पुण्य की बात है। उन्होंने कहा कि अगर मेहनत करने के लिए युवा तैयार है। कहीं भी पहुंच सकते हैं किसी फील्ड आगे बढ़ सकते हैं। इस संस्था द्वारा किया जा रहा सहयोग अनुकरणीय व सराहनीय है। मुख्य अतिथि के संग संस्था के संस्थापक अबूतोराब व अध्यक्ष फैजान मेंहदी,अरुण सिंह ने लगभग 70 बच्चों को दो -दो हजार रुपये का वितरण किया ।कार्यक्रम का संचालन नियाज़ सिद्दीकी ने किया। इस अवसर पर सहयोग फाउंडेशन अध्यक्ष आशुतोष सिंह,मास्टर जानिसार, भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद,हमदर्द काबिल फाउंडेशन उपाध्यक्ष मोहम्मद ओसामा समेत मौजूद रहे। इससे पहले नगर आगमन पर आशुतोष सिंह के निज आवास पर केयर इंडिया फाउंडेशन अध्यक्ष इशहाक अंसारी और व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल के द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। प्रमुख रूप से जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र,सप्रिय गोयल आदित्य गोयल,राजीव सिंह,संतोष पाठक,डॉ कमर जावेद समेत मौजूद रहे।

## विद्युत उपकेंद्र आलापुर में 9 फरवरी को प्रातः11बजे से 12 बजकर 30 मिनट तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जिले के 132 के. बी. विद्युत उपकेंद्र आलापुर में आगामी 9 फरवरी दिन रविवार को प्रातः 11बजे से 12 बजकर 30 मिनट तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश कुमार यादव की सूचना के अनुसार जिले के 132 के. बी. विद्युत उपकेंद्र आलापुर में आगामी 9 फरवरी दिन रविवार को मेन बेस पर अतिआवश्यक अनुरक्षण कार्य कराए जाने के कारण आलापुर उपकेंद्र से निर्गत 33 के. बी. आलापुर तहसील, 33 के.बी. रामनगर, 33 के.बी. तेंदुआई कला,33 के.बी. न्यौरी फीडरों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 11 बजे से 12 बजकर 30 मिनट तक बाधित रहेगी। उक्त सभी संबंधित फीडरों को रोस्टिंग अवधि में कटौती मुक्त रखा जाएगा। सम्मानित उपभोक्ताओं की असुविधा के लिए खेद है।

# अवध विवि ने रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट के तहत विभागों से मांगे प्रस्ताव

## विवि के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभागों में होंगे राष्ट्रीय-अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विभिन्न विभागों में शैक्षणिक आयोजन होगा। इसके लिए विभागों से राष्टीय-अन्तरराष्टीय सम्मेलन के लिए प्रस्ताव 28 फरवरी तक मांगे गए है। विभागों ने सम्मेलन कराये जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने शुरू कर दिए है। शीघ्र ही विभाग निर्धारित प्रारूप को पूरित कर जमा करेंगे। विवि की कुलपति प्रो0 गोयल के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय के रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट पॉलिसी-2024 के अन्तर्गत राष्टीय-अन्तरराष्टीय सम्मेलन के लिए विभागों को आर्थिक मदद दी जायेगी। कुलपति ने बताया कि परिसर में गुणवत्तापरक शोध के लिए आर एण्ड डी को प्रभावी कर दिया गया है। इससे विभागों के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राष्टीय-अन्तरराष्टीय सम्मेलन आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त शिक्षकों एवं शोधार्थियों को रिसर्च करने में मदद मिलेगी जिससे इनका शैणक्षिक विकास होगा। अच्छे शोध कार्य के लिए शोधार्थियों एवं शिक्षकों को प्रात्सोहित किया जायेगा। इन सभी कार्य के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। विवि रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट पॉलिसी के डायरेक्टर प्रो0 एसके रायजादा ने बताया कि आर एण्ड डी पॉलिसी के अन्तर्गत राष्टीय-अन्तरराष्टीय सम्मेलन के लिए विभागों से 28 फरवरी तक प्रस्ताव मांगे गए है। इन्हें निर्धारित प्रारूप पर प्रस्ताव को जमा करना होगा। उन्हें इस आयोजन के लिए वित्तीय मदद की जायेगी। इसका खाका खीचा जा चुका है। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि इस संबंध में समस्त विभागाध्यक्षों, निदेशक एवं समन्वयक को सूचित किया जा चुका है।

# तीन संकलन केंद्रों में जमा होंगी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाएं

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च तक होनी हैं। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर, नरेंद्र इंटर कॉलेज जलालपुर, राजकीय इंटर कॉलेज आलापुर में जमा कराया जाएगा ।इस बार जिले में 113 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें छह राजकीय, 50 सहायता प्राप्त और 57 वित्तविहीन शामिल हैं। इसमें 378 विद्यालयों में 10वीं और 12वीं के 71,368 छात्र-छात्राएं परीक्षा देने के लिए पंजीकृत हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश सिंह ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। संकलन के लिए केंद्र निर्धारित किए जा चुके हैं। परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिकाएं भेजी जा रही हैं। शिक्षक व कर्मचारियों के अलावा परीक्षार्थियों का मोबाइल परीक्षा केंद्र के बाहर सुरक्षित रखने के लिए भी संकलन केंद्र बनवाने का निर्देश दिया है ।जांच व निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र व कक्ष में मोबाइल फोन मिलने की स्थिति में जिम्मेदारों के साथ केंद्र व्यवस्थापकों के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा। विद्यार्थियों के अपार आईडी न बन पाने के कारण उन्हें सहूलियत प्रदान की जाएगी। परिचयपत्र या आधार कार्ड से प्रवेश मिल जाएगा ।उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण के लिए बीएन इंटर कॉलेज को अकबरपुर को केंद्र बनाया गया है। अब तक 36 परीक्षा केंद्रों को उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण हो चुका है ।बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन संपन्न करवाने के लिए डीएम अवनीश सिंह व एसपी केशव कुमार की अध्यक्षता में परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक होगी। इस बैठक में नामित सेक्टर, स्टैटिक व जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, मॉनीटरिंग सेल व कंट्रोल रूम प्रभारी संग एआरएम परिवहन मौजूद रहेंगे। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने की रणनीति तैयार की जाएगी।

# एक अपने छः बच्चों को पालकर बड़ा किया अब छः बच्चे नही कर पा रहे मां की देख रेख

सिधौली सीतापुर। ईश्वर के बाद अगर कोई पुजनीय है तो वह है माता पिता परन्तु इस कलयुग में आधा दर्जन से अधिक फलां फुला परिवार के मुखिया माता पिता की लाखों की चल अचल संपत्ति को अवैधानिक रुप से हथिया कर दर दर की ठोकरें खाने पर कर दिया मजबूर सब कुछ होते हुए भी दस- दस दिन की बारी पर विवाहिता पुत्रियों के यहां अपने जीवन के अन्तिम दिनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं अपनी जीविका चलाने के लिए थाना दिवस के अवसर पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिलाए जाने की मांग की है। सतयुग के श्रवण कुमार और थे जो माता पिता को कन्धे पर लादकर सभी तीर्थ कराते थे इस कलयुग में माता पिता का कलयुगी सपूतों का मामला उस समय प्रकाश में आया जब गांव बाड़ी निवासी माया चैरसिया ने कोतवाली में समाधान दिवस पर तहरीर देते हुए बताया है कि माया चैरसिया पुत्री शान्ती कान्ती चैरसिया पति ईस्वरदीन चैरसिया ने दो शादी की थी जो पहले पत्नी स्व शान्ती चैरसिया से कन्हैया चैरसिया, शिवलाल चैरसिया,मुन्नी ,तीन सन्तानें है और दुसरी पत्नी कान्ती देवी जिनके माया चैरसिया,कमला चैरसिया,आरती चैरसिया,तीनों पुत्रियां विवाहित हैं पहली पत्नी शान्ती के दोनो पुत्रों ने आपस में आधा आधा घर व खेत बांट लिया व बुढ़े मां बाप को दुसरी मां की विवाहिता पुत्री के सहारे मरने के लिए छोड़ दिया दस दिन एक पुत्री के साथ व दस दिन दुसरी पुत्री के साथ रहकर अपने जीवन के अन्तिम दिनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं इतनी सम्पत्ति होने के बावजूद भी कोई एक एक रोटी के लिए मुहताज है कहा है कि मां के जीवित रहते किसी का अधिकार नहीं हो सकता मां व बाप के साथ न्याय दिलाए जाने के साथ साथ कार्रवाई किए जानेकी मांग की है उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## केक काटकर मनाया गया एपीओं नितिन का जन्मदिन

**सीतापुर।** खैराबाद ब्लाक में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी नितिन गुप्ता का जन्मदिन उनके साथियों द्वारा केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व अग्रवाल उर्फ कालू भईया सहित अन्य ब्लाक कर्मचारियों की मौजूदगी में केट काटकर श्री गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। उपस्थित सभी लोगों ने नीतिन गुप्ता को उपहार के साथ ही लम्बी आयु की कामना करते हुए खुशी का इजहार किया तो वहीं अपूर्व अग्रवाल ने कहा कि आज एपीओ नितिन गुप्ता का जन्मदिन है हम लोगों के लिये खुशी की बात है और हम भगवान से प्रार्थना करेंगे कि श्री गुप्ता के जीवन पर भगवान अपार खुशिया भर दे कभी भी उनका मुकाबला दुखों से न पड़ने पाये।

# भ्रष्टाचारी पर प्रशासन मेहरबान, तहसील का चक्कर काट रही आवाम

## अकबरपुर तहसील में तैनात लेखपाल अश्वनी उपाध्याय की मनमानी से लोगों में आक्रोश

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**अम्बेडकर नगर।** अकबरपुर तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात अश्वनी उपाध्याय पर तहसील प्रशासन की खूब कृपा बरस रही है....गांवों में तैनाती के बजाय उन्हें तहसील में कम्प्यूटर आपरेटर का काम करने में ज्यादा आनंद आता है। कारण यह की दाखिल खारिज, अधिकारियों के आदेशों को कंप्यूटर पर ऑनलाइन दर्ज करने सहित कंप्यूटर से जुड़े अन्य सभी कार्यों का जिम्मा तहसील प्रशासन ने इसे ही दे रखा है... कार्यों को कराने के लिए आम लोगों से खूब धन उगाही की जाती है... इसकी मनमानी के चलते अक्सर तहसील में हंगामे की भी स्थिति उत्पन्न होती रहती है इसके बावजूद उच्चाधिकारी न तो उस पर कोई कार्यवाही कर रहे हैं और न ही उसके कार्य क्षेत्र में बदलाव। इसका खामियाजा आए दिन आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है.. भगवानपट्टी निवासी राम प्रसाद काफी दिनों से तहसील का चक्कर काट रहे हैं.. उनकी खतौनी को बंधक मुक्त करने का आदेश हो चुका है... लेकिन इसके बावजूद उसे कंप्यूटर पर अपलोड नहीं किया जा रहा है... आरोप है कि इसके लिए 250 रुपए भी ले लिए गए हैं... इसके बावजूद भी मनमानी जारी है... इसी तरह तहसील में प्रतिदिन लोग अश्वनी उपाध्याय के मनमानेपूर्ण रवैया के चलते भटकते नजर आते हैं... लेकिन तहसील प्रशासन की मेहरबानी के चलते उस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है....

# छात्रों की आई कार्ड को लेकर वित्त विहीन प्रधानाचार्य और प्रधानाध्यापकों में आक्रोश

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

**बाराबंकी।** छात्रों की अपार आईडी को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग के नोडल व उच्च शिक्षा अधिकारी बेसिक विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य व बेसिक विभाग के निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों आईडी न बनने के कारण मान्यता प्रत्याहारन की धमकी देते हैं। जिससे सभी प्रधानाचार्य में आक्रोश व्याप्त है वित्तविहीन शिक्षक महासभा भी छात्रों की अपार आईडी बनने के पक्षधर है लेकिन छात्रों के विद्यालय अभिलेख अनुसार एवं आधार कार्ड में भिन्नता के कारण कुछ छात्रों की अपार आईडी कार्ड नहीं बन पा रही है। यह जानकारी वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने कहा यदि शिक्षा विभाग की अधिकारी प्रधानाध्यापकों और प्रधानाचार्य को नाजायज उत्पीड़न करेंगे तो शिक्षक महासभा इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मर्यादा का उल्लंघन न करें अन्यथा की स्थिति वित्तविहीन शिक्षक महासभा भी मर्यादा का उल्लंघन करने के लिए बाध्य होगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नहीं मालूम की नेटवर्किंग व्यवस्था फेल होने के कारण छात्रों का आधार कार्ड में माता-पिता का नाम तथा छात्र की जन्मतिथि और पता गलत होने के कारण बैंकों में भीड़ हो रही है छात्र और अभिभावक दोनों परेशान होने के कारण तथा तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण छात्रों की अपार आईडी नहीं बन पा रही है।अधिकारियों को यथार्थ की भी जानकारी होनी चाहिए।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने कोर्ट के मामले की खुलेआम धज्जिया उड़ाई

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**




**पीलीभीत**– बरखेड़ा। कस्बे मे वार्ड नंबर पाच मे हाइवे किनारे सड़क निर्माण कार्य के चलते रोड पर बनी दुकाने फोर लाइन की चपेट मे आने से ध्वज हो गयी थी। वही कस्बे की दुकान स्वामी बिलकीस ने जगह का बैनामा बताते हुए नगर पंचायत को पार्टी बनाते हुए कोर्ट की शरण ली कोर्ट ने मामला संज्ञान मे लेते हुए नगर पंचायत को नोटिस जारी करते हुए अपना पक्ष रखने के लिए नगर पंचायत को तलब किया जबकि कोर्ट मे मामला बिचाराधीन है। उसके बावजूद भी नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम विहारी भोजवाल शुक्रवार को विवादित जगह पर हैंडपंप लगाने की कोशिश कर रहे थे। जबकि पीड़ित परिवार नगर पंचायत अध्यक्ष से कोर्ट मे बिचालाधीन मामले होने की बात कर रहे थे। उसके बावजूद भी नगर पंचायत अध्यक्ष कोर्ट के बिचाराधीन मामले की अवेहलना करते हुए दिखायी दिए और विवादित जगह पर नगर पंचायत अध्यक्ष हैंडपंप लगवा चाह रहे है। और कोर्ट के मामले की धज्जिया उडा रहा है। आखिरकार नगर पंचायत अध्यक्ष सर्वोच्चपरि न्याय के फैसले से पहले स्वयं फैसला करने पर ऊतारू दिखाई दिए अगर आम आदमी न्याय के आदेश का पालन करने की आस लगाये रहता है। और नगर पंचायत चेयरमैन है। जो कोर्ट के आदेश को मानने को तैयार नही है। लेकिन बरखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष तो न्यायालय के फैसले से पहले ही फैसला कर दिया की यह जमीन नगर पंचायत की है। अगर न्यायालय सर्वोपरि है। तो नगर पंचायत अध्यक्ष क्या न्यायालय से ऊपर है। जो कोर्ट मे बिचालाधीन मामले मे टाग अडा रहे है। फिलहाल नगर पंचायत अध्यक्ष कोर्ट की खुलेआम धज्जिया उड़ाते हुए नजर आये वही पीड़ित परिवार कोर्ट मे बिचालाधीन मामले का हवाला देते हुए गुहार लगाते हुए नजर दिखाई दिया।

# दरियाबाद चीनी मस्जिद पर समाजसेवी रिज़वान रशीद अंसारी का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

बाराबंकी दरियाबाद खबर उत्तर प्रदेश बाराबंकी जिले के आदर्श नगर पंचायत दरियाबाद से आ रही है जहां शुक्रवार को रिज़वान रशीद अंसारी का दरियाबाद आदर्श नगर पंचायत चीनी मस्जिद पर उनकी टीम ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया।उन्होंने अपनी टीम को दिल से शुक्रिया अदा किया वही इस मौके पर मौजूद रिज़वान रशीद अंसारी, एजाज अहमद इदरीसी, जावेदअहमद, खुर्शीद अहमद,मफ़ूज आलम, महमूद आलम, महबूब आलम, शालू अंसारी,मुफीद खान, इम्तियाज़ खान,फैसल अंसारी, नसीर अहमद,सीबू मकसूद, कुरैशी अहमद,समद आदि लोग मौजूद रहे

# देर रात फुटपाथ किनारे सो रही महिला को युवक ने लगाई आग महिला बुरी तरह आग से झुलसी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से**

**राधेश्याम गुप्ता**



महिला की फुटपाथ पर थी गुटखा पान मसाले की दुकान महिला की दुकान की जमीन पर कब्जा करने की नियत से युवक ने लगाई आग महिला ने लगाया आरोप आरोपी युवक फुटपाथ पर महिला की दुकान के पास ही बाटी चोखा की लगाता था दुकान महिला ने बताया रात के दो बजे सड़क किनारे मच्छरदानी लगाकर सो रही थी तभी युवक ने मच्छरदानी में लगाई आग आरोपी युवक अक्सर शराब के नशे में करता था महिला दुकानदार को गाली गलौच सूचना पर मौके पर पहुंची 100 डॉयल ने महिला को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में किया भर्ती मामला शहर कोतवाली के सिविल लाइन चौकी के इलाके का

# तीन नाबालिगों की शादी रोकी गई परिजनों को दी समझाईश

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




**बलौदाबाजार।** नाबालिग बच्चों की शादी कराए जाने की सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शादी रुकवाई गई। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टी.जाटवर के मार्गदर्शन में तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित की गई। इस टीम में जिला बाल संरक्षण इकाई एकीकृत बाल विकास परियोजना पलारी और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे। टीम ने पलारी विकासखंड के ग्राम ओडान मुडपार और कोसमंदी में जाकर तीन नाबालिग बच्चों की शादी रुकवाई ।ग्राम ओडान में 19 वर्षीय लड़के का विवाह होने वाला था जिसे समय रहते रोका गया। मुडपार गांव में 20 वर्षीय नाबालिग लड़के की शादी हो रही थी जिसे प्रशासन ने रोक दिया। वही तीसरा मामला ग्राम कोसमंदी का था जहां एक लड़की की उम्र 17 वर्ष 9 माह पाई गई जो वैधानिक विवाह की न्यूनतम उम्र से कम थी।

**परिजनों को दी गई समझाईश:** महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने सभी नाबालिग बच्चों और उनके माता-पिता को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया। टीम ने उन्हें समझाया कि लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष की उम्र से पहले विवाह कानूनी रूप से अपराध है जो बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। स्थानीय लोगों की उपस्थिति में माता पिता को घोषणा पत्र और राजीनामा पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए जिसमें उन्होंने नाबालिग उम्र में विवाह न कराने का वचन दिया। इस कार्रवाई में संरक्षण अधिकारी दीपक राय सामाजिक कार्यकर्ता शाहनवाज आउटरीच वर्कर प्रभा जांगड़े सुपरवाईजर स्वाति जायसवाल चाइल्ड हेल्पलाइन से मीरा साहू और थाना पलारी की पुलिस टीम शामिल रही।

# कलेक्टर दीपक सोनी ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के प्रयासों की समीक्षा

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए किये जा रहे प्रयास क़ी विस्तृत समीक्षा क़ी। उन्होंने प्री बोर्ड एक्जाम में औसत प्रदर्शन या फेल होने वाले छात्रों के लिए रिमेडियल क्लास लगाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही 10 वीं एवं 12 बोर्ड परीक्षा में परिणाम बेहतर हो इसके लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियो क़ो उपयुक्त रणनीति बनाने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा में दसवीं कक्षा के परिणाम संतोषजनक नहीं है इसमें सुधार की नितांत आवश्यकता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने ब्लॉक के स्कूलों क़ी स्थिति क़ी समीक्षा करें और जिन स्कूलों के विद्यार्थी असफल हुए हैं उन स्कूलों का दौरा करें और कारण क़ी जानकारी लें। इसके साथ ही बीआरसी व सीआरसी क़ी बैठक लेकर रिमेडियल क्लास हेतु कार्यक्रम तैयार करें। जिन विषयो पर बच्चे असफल हुए हैं उन विषयों के पूर्व वर्षो के प्रश्न पत्र हल करने अभ्यास कराएं।इसके साथ ही पालक शिक्षक़ बैठक का आयोजन करें जिसमें प्री बोर्ड में बच्चों के प्रदर्शन क़ी जानकारी देते हुए स्थिति में सुधार लाने बच्चों क़ो पढ़ाई में ध्यान देने प्रोत्साहित करने चर्चा करें। उन्होने कहा कि इस बार 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने सभी प्रयास करें।

बताया गया कि बोर्ड परीक्षा क़ी तैयरी के लिए विद्यार्थियों के लिए प्रश्न बैंक तैयार कर वितरण कराया गया है तथा उसका अभ्यास भी कराया जा रहा है। छात्रों क़ी शांकाओं का समाधान किया जा रहा है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल डिप्टी कलेक्टर अतुल शेट्टे डीईओ हिमांशु भारतीय सहित सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# महिला पंचायत सहायकों से खेतों में कॉर्प सर्वे न कराने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दिलीप तिवारी**

बाराबंकी ।सिद्धौर ब्लॉक के पंचायत सहायकों ने डिजिटल कॉर्प सर्वे महिला पंचायत सहायकों से न करवाने व सभी पं0स0 को हैवी स्टोरेज मोबाइल दिए जाने को लेकर आज ज्ञापन सौंपा जिससे कि सर्वे का काम सुचारू रूप से चल सके।ज्ञात हो कि डिजिटल कॉर्प सर्वे के तहत किसानों के खेत का विवरण तैयार किया जा रहा है. किस इलाके में किसान कौन सी फसल लगा रहे हैं, इसका ब्योरा तैयार किया जा रहा है. कितने क्षेत्रफल में फसल लगायी गयी, इसका विवरण तैयार हो रहा है।जिसमें कृषि विभाग कर्मी के अलावा महिला पंचायत सहायकों की भी डयूटी लगाई गई है जिसमें इनके घरवालों को काफी चिंता रहती है पंचायत सहायकों का कहना है कि अकेले जंगलों में सर्वे करने में डर लगता है ज्ञापन पंचायत सहायक कल्याण समिति उत्तर प्रदेश की ओर से दिया गया है

# 18 फरवरी को होगी दस्तावेजों की जांच, 19 फरवरी को तीन बजे तक लिए जा सकते हैं नामांकन वापस

**सभी 16 वार्डों में कुल 17 हजार 360 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग**




**नूंह ( तावडू ),** – नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) तावडू संजीव कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर से जारी की गई अधिसूचना अनुसार जिला नूंह के अधीन आने वाली नगर पालिका तावडू के चुनाव रविवार 2 मार्च को होंगे। नगर पालिका चुनाव की घोषणा के साथ ही नगर पालिका तावडू में आदर्श चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है, जिसकी सभी को अनुपालना करनी होगी।

नपा चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) तावडू ने बताया कि चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्ति मंगलवार 11 फरवरी से सोमवार 17 फरवरी तक प्रातः 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में अपना नामांकन-पत्र दाखिल कर सकते हैं। मंगलवार 18 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार बुधवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद बुधवार 19 फरवरी को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों व मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। रविवार 2 मार्च को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान के उपरांत बुधवार 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और मतगणना पूरी होने के उपरांत चुनाव नतीजे घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नपा तावडू में सभी 16 वार्डों में कुल 17 हजार 360 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 9 हजार 10 पुरुष मतदाता है व 8 हजार 350 महिला मतदाता शामिल हैं।

# बुलंदशहर प्रशासन ने करोड़ों की सरकारी जमीन कराई कब्जामुक्त

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
विक्रम बाली ब्यूरो



बुलंदशहर में प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए समाजवादी पार्टी के नेताओं से करोड़ों की सरकारी कीमती जमीन को कब्जा मुक्त कराया है

औरंगाबाद क्षेत्र में कई दशकों से सपा नेताओं द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ा की गई इस जमीन पर अब नगर पंचायत औरंगाबाद ने अपना बोर्ड लगा दिया है।प्रशासन द्वारा मुख्य रूप से शुगर मिल रोड, मुड़ी रोड, स्याना रोड, जहांगीराबाद रोड और टिकरी रोड के आसपास करीब 110 बीघा कृषि भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और थाना औरंगाबाद के सामने लगभग 12 बीघा जमीन भी कब्जा मुक्त कराई गई है नगर पंचायत के अधिकारियों के अनुसार सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष और उनके परिवार का इस जमीन पर कब्जा था एसडीएम सदर नवीन कुमार ने बताया कि कब्जा मुक्त कराई गई जमीन का सदुपयोग किया जाएगा।

इस जमीन पर पहले ही ट्यूबवेल लगाया जा चुका है अब इसका उपयोग गौशाला में पाले जा रहे गोवंशों के लिए हरे- चारे के उत्पादन में किया जाएगा। एसडीएम सदर नवीन कुमार ने बताया कि कब्जा मुक्त कराकर जमीनों पर नगर पंचायत और तहसील के बोर्ड लगवा दिए गए हैं अब तक ढाई सौ करोड रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया जा चुका है। सरकार की एक-एक इंच जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा चाहे जो जितना ताकतवर

# जेएमएस कंपनी के द्वारा स्थानीय कर्मचारी की सैलरी इंक्रीमेंट अंडरग्राउंड अलाउंस पीएफ छुट्टी एवं अन्य सुविधाओं से वंचित हो रहे कर्मचारी

**अनूपपुर ब्यूरो दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से विकास कुमार की रिपोर्ट**



अनूपपुर ग्राम बसखला में जे एम एस कंपनी उतरन नार्थन कोल माइंस परियोजना पिछले डेढ़ साल से विस्थापित की है जिसमें भू स्वामियों को स्थाई व स्थानीय नौकरी प्रदान की है लेकिन कंपनी द्वारा उनके साथ जै,एम, एस, कंपनी व कोल अधिनियम का जो भी नियम व सुविधा है उससे वंचित करके रखा है जे,एम,एस,कंपनी बाहर के कर्मचारियों को संपूर्ण सुविधा प्रदान कर रही है और स्थानीय कर्मचारियों को संपूर्ण सुविधाव से वंचित करके रखा है जिससे स्थानीय कर्मचारियों में असमानता बनी हुई है और कई बार कंपनी को लिखित में आवेदन दिया गया लेकिन कंपनी द्वारा नजर अंदाज कर दिया गया

**मुख्य रूप से मांगे गए मांग** : इंक्रीमेंट, अंडरग्राउंड अलाउंस, पीएफ राशि, छुट्टियां, समान कार्य समान वेतन, डिग्नेशन की मांग रखी और उनके द्वारा यह भी बताया गया की यदि 20/2/2025 तक कंपनी द्वारा हमारी मांगों को पूर्ण नहीं किया जाता है तो 22/2/2025 को हम समस्त स्थानीय खदान कर्मचारी संपूर्ण कार्य को बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे

# संसाधन केंद्र कोटवा सड़क में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम हुआ संपन्न

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता**



**रामसनेही घाट बाराबंकी** । शिक्षा क्षेत्र ब्लॉक संसाधन केंद्र कोटवा सड़क में शुक्रवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम बीईओ संजय कुमार राय के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख उर्मिला वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीपीओ निधि सिंह रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया गया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम देश भगती गीत,प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के तहत प्री प्राइमरी ब्लॉक एजुकेटर अतुल कुमार ने कार्यक्रम का विस्तृत स्वरूप प्रस्तुत किया। हिंदी ऐ आरपी अरुण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच बच्चे कक्षा एक , और दो के निपुण 60 बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पढ़ाई की सामग्री देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर प्री प्राइमरी ब्लॉक एजुकेटर नोडल शिक्षक एवम् आरपी अतुल कुमार गुप्ता, इंद्र कुमार , राजेश सिंह , सोम प्रकाश मिश्रा , मृगंग शेखर मिश्रा, दिग्विजय पांडे, रवींद्र शुक्ला , अरविंद कुमार मिश्रा शिक्षक शिक्षिकाएं सहित बच्चे मौजूद रहे ।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई नगर विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता**



**बाराबंकी।** शुक्रवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में नगर विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने नगर पालिका नवाबगंज व जिले की 13 नगर पंचायतों के विकास कार्यों, सड़क, नाली, जलापूर्ति, पार्क, टैक्सी स्टैंड, व स्कूलों के कायाकल्प के कार्यों की अद्यावधि समीक्षा करते हुए निर्धारित समय में सभी अवशेष कार्यो को शीघ्रता के साथ पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। उससे अधिक समय लगाने वाले व कार्यो के प्रति लापरवाह ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाई जाए। इसके उपरांत कार्य न पूरा करने वाले ठेकेदारों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। नगर पालिका व नगर पंचायतों द्वारा क्रय किये जाने वाले समान, स्ट्रीट लाइटें, वाटर कूलर व मोबाइल टॉयलेट आदि सहित जो भी समान क्रय किया जाए उसकी गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कूड़े को एकत्र करने व उसके निस्तारण के लिये डम्पिंगयार्ड आदि स्थानों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए साथ ही कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन कराया जाए। मत्स्य पालन व अन्य कार्यों हेतु तालाबों की नीलामी सुनिश्चित कराई जाए। नगरपालिका और नगर पंचायतों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बैठक में एडीएम श्री इन्द्रसेन, एसडीएम फतेहपुर श्री राजेश विश्कर्मा, ईओ नगर पालिका नवाबगंज सहित समस्त नगर पंचायतों के ईओ व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शनिवार 8 फरवरी 2025 खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# गुजरात के सीएम बोले- कुंभ क्षेत्र में की गई है अद्भुत व्यवस्था, त्रिवेणी संगम में स्नान मेरे लिए सौभाग्य की बात

**मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में की पूजा अर्चना, गुजरात पवेलियन का भी किया अवलोकन**

**गुजरात के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीएम भूपेंद्र पटेल ने गुजरात पवेलियन में 400 बेड की डॉरमेट्री का किया शुभारंभ**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज

शनि कुमार यादव

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में उमड़ रहे आस्था के जनसमुद्र के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी श्रद्धा की डुबकी लगाने पहुंचे। संगम त्रिवेणी में स्नान करने के बाद उन्होंने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुम्भ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम में स्नान मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और फिर सेक्टर 7 स्थित गुजरात पवेलियन का भी अवलोकन किया।

**पावन स्नान के साथ किया पूजन अर्चना:** त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कुम्भ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। भूपेंद्र पटेल ने कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं अद्भुत हैं। स्वच्छता से लेकर हर सुविधा तक, सब कुछ बहुत ही अच्छा है। गुजरात सीएम ने कहा, हमें पवित्र स्नान करने का अवसर मिला, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। त्रिवेणी संगम, जो भारत की आस्था का केंद्र है, वहां स्नान करने के बाद हर व्यक्ति स्वयं को भाग्यशाली मानता है। मोटरबोट से पूरी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री त्रिवेणी संगम पहुंचे और यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य भी दिया। उनके साथ औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी पावन डुबकी लगाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गंगा पूजन और गंगा आरती भी की।



**400 बेड की डॉरमेट्री का किया शुभारंभ :** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शुक्रवार सुबह 9 बजे स्टेट एयरक्राफ्ट से प्रयागराज पहुंचे। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनका स्वागत किया। यहां से वह सीधे बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन अर्चन किया और आरती उतारी। मंदिर के महंत और बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि जी महाराज की ओर से मुख्यमंत्री को लेटे हनुमान मंदिर की प्रतिकृति भेंट की गई। बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन और पूजन के बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सेक्टर 7 स्थित गुजरात पवेलियन पहुंचे। यहां उन्होंने पवेलियन का अवलोकन किया। गुजरात पवेलियन में उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, साबरमती आश्रम और सूर्य मंदिर की प्रतिकृतियों का निरीक्षण किया, जबकि मेडिकल कैंप, लिट्रेचर स्टॉल और अन्य गैलरी का भी मुआयना किया। यहां वो गुजरात के उत्पादों की प्रदर्शनी में भी गए और सभी व्यवस्थाओं को सराहा। गुजरात से भारी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उन्होंने यहां 400 बेड की एक डॉरमेट्री का भी शुभारंभ किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शो पीस बने आधुनिक जांच उपकरण


दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव



**शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में स्वस्थ विभाग की तरफ से जांच के लिए साल भर पहले कई आधुनिक उपकरण भेजे गए थे लेकिन जांच बिल्डिंग के निर्माण में देरी और हैंड ओवर न होने के कारण सभी उपकरण शो पीस बन कर रह गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कई उपकरण कराने के बाद भी मरीजों को इसका लाभ मिलता नज़र नही आ रहा है। यहां कई अत्याधुनिक उपकरण रखे हुए हैं जिनसे खून संबंधी, शरीर में मौजूद सभी प्रकार के अवयव आदि की जांच का प्रावधान है। लेकिन लगभग एक वर्ष से भी अधिक समय से बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है। सरकार की तरफ से उपलब्ध कराई गई मशीनों के बावजूद सरकार की मंशा पर पानी फेरने के लिए कार्यदाई संस्था की लापरवाही साफ उजागर हो रही है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जैसे ही बिल्डिंग हैंड ओवर हो जायेगी हम सभी मशीनें वहां स्थापित करके जांच प्रारंभ कर देंगे।

## सोशल मीडिया वायरल विधायक के पी.ए की सोलर प्लान्ट पर दंबगई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से मुस्तफा अली



सुसनेर सोशल मीडिया वायरल सच की आवाज फेसबुक आईडी पर की गई एक पोस्ट जिसमें क्षेत्र के विधायक श्री भैरव सिंह परिहार (बापू) के पी.ए. यशपाल सिंह एव उनके मित्र प्रेरित पिता नवलसिंह सोलरप्लान्ट पर बिना वहा काम किए अपनी हाजरी डेली रजिस्टार में दर्ज कराए हुए हैं। व अपनी दंबगई से हर महीने तन्खा भी ले रहे है जबकि छेत्र के युवा बेरोजगारी से झुंज रहे है ये साब दोनो ओर से तन्खा बटोर रहे जब यह बात विधायक जी के पी.ए यशपाल सिंह से पूछी गई तो उनका कहना है कोई फर्जी आईडी बनकर मेरा ओर मेरे मित्र प्रेरित का नाम बदनाम कर रहा है पर वायरल हुई पोस्ट को कुछ और ही बता रही है।

## लाठी डंडों से युवक को पीटा - केस दर्ज

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ - कौशाम्बी -केसरिया हिंदुस्तान

कौशाम्बी। जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के रशीदमई गांव के रहने वाले सलीम उ?द्दीन पुत्र जमील उ?द्दीन ने इलाकाई थाना में शिकायती पत्र देते हुए बताया की उसका लड़का उजैर अपने घर के सामने काम कर कर रहा था। चार दिन पूर्व गांव के ही रहने वाले मुस्तकीम पुत्र नसीम उ?द्दीन ने गाली देने की बात पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडे से जमकर पीट दिया।बीच बचाव करने पर वह मुझे भी मारा पीटा है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है।

## कुनबे ने घेरकर युवक को पीटा - केस दर्ज

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के नासिरपुर गांव के रहने वाले राम कृपाल पुत्र छोटे लाल भारतीय ने इलाकाई थाना में शिकायती पत्र देते हुए बताया की दो दिन पूर्व देर शाम अपने भतीजे नब्बा के लिए घर से खाना लेके जा रहा था।वापस लौटते समय रमेश के घर के पास पहुंचा तभी परिवार के ही समुन्द्र उर्फ कुल्लू पुत्र दुखी लाल शराब पीये मुझे वेवजह गाली देने लगा।विरोध करने पर लपट गया और रोहित ,संजय, मोहित व कुनबे की महिलाओं ने लाठी डण्डा से जमकर पीट दिए। मारपीट से सर में गम्भीर चोटे आयी हैं। शोर शराबा सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया।तहरीर मिलते ही पिपरी पुलिस ने उसे चिकित्सकीय परीक्षण को भेजते हुए केस दर्ज कर लिया है।साथ ही जांच पड़ताल में जुट गई है।

## 10 से 02 बजे तक सभी फीडर रहेगा बंद

**कौशाम्बी,**सदर ब्लाक के करारी क्षेत्र स्थित नया पुरवा पावर के सभी फीडर शनिवार की सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक बंद रहेगा।यह जानकारी नया पुरवा पावर हाउस के अवर अभियंता अमर सिंह ने दिया है।उन्होंने बताया की राजापुर ओसा मार्ग स्थित बन रहे राम वन गमन मार्ग के नीचे से अंडर ग्राउंड वायर पड़कर कनेक्शन होना है। जिसके कारण शनिवार को 5 घंटे बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।जिन उपभोक्ताओं का बिजली संबंधित जो भी कार्य हो वह उसे कल शनिवार की सुबह 10 बजे तक पूर्ण करले।

## ग्राम पंचायत गैलाना के सरपंच ने किया लाखों का भ्रष्टाचार, जांच से बौखलाए शिकायतकर्ता को धमकी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से मुस्तफा अली

**सुसनेर** – जिला आगर मालवा की जनपद सुसनेर के ग्राम गैलाना में सरपंच, सचिव ने मिलकर लाखों के कार्यों का भ्रष्टाचार किया है, जिसमें सामुदायिक कूप निर्माण कार्य, नाली निर्माण, वृक्षारोपण कार्य, स्टाफ डेम, तलाई निर्माण, सामुदायिक शौचालय, व हितग्राही के नाम से कोई भूमि नहीं होने के बाद भी लाखों की तलाई निर्माण करवाई। जिसकी शिकायत जनपद सीईओ को भी की गई थी ,कोई कार्यवाही नहीं हुई। इन सब कार्यों की शिकायत बालूसिंग यादव ने जिला पंचायत आगर को भी की गई थी जिसकी जांच चल रहीं है। लेकिन जांच से कार्यवाही के डर से बौखलाए सरपंच ने शिकायत कर्ता को किसी महिला से छेड़छाड़, चोरी, अमानक पदार्थ में फसाने की धमकी दे रहे हैं। शिकायत कर्ता ने सरपंच के कारनामों की थाना प्रभारी सुसनेर को लिखित में आवेदन पूर्व से ही दे रखा है जो समय पर कम आवे। पंचायत के कार्यों की



कार्यालय जिला पंचायत आगर मालवा

//आदेश//

(हरसिमरनप्रीत कौर) IAS
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत आगर-मालवा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत आगर-मालवा

जांच दल में डॉ, मनोज शर्मा दल प्रमुख, श्री पीयूष जायसवाल सदस्य, श्री मुन्नुसिंह हटिला सदस्य शामिल हैं। जांच 30 जनवरी से 7 दिवस में संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

## 12 फरवरी को भव्य जलयात्रा के साथ शुरू होगा कुरैठा सांस्कृतिक महोत्सव





दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी

दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के सेवा प्रकल्पों को समर्पित कुरैठा सांस्कृतिक महोत्सव एवं श्री मद्भागवत कथा का आयोजन श्री श्री 1008 श्री नावली सरकार धाम कुरैठा में 12 फरवरी से 20 फरवरी 2025 तक किया जाएगा।कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर जगदीश सिंह चौहान पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा व सह संयोजक केशव सिंह परिहार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बामौर ने आज नावली सरकार मंदिर प्रांगण में आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नावली सरकार मंदिर कुरैठा में 12 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ कुरैठा सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम में श्री विष्णु महायज्ञ, श्री मद्भागवत कथा एवं रामलीला का आयोजन किया जाएगा।श्री विष्णु महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित ज्ञानेंद्र शास्त्री अयोध्या धाम होंगे। वही दोपहर 2 बजे से देश के विख्यात कथा वाचक डॉक्टर श्याम सुंदर पारासर जी महाराज वृंदावन धाम के मुखारविंद से संगीतमय श्री मद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा साथ ही रात्रि में सुंदर कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। इस दौरान डॉक्टर चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की।पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने सभी पत्रकारों व क्षेत्रवासियों को आमंत्रित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में। सम्मिलित होने का आग्रह किया।इस मौके पर चंद्रभान सिंह ब्लॉक प्रमुख बामौर, पूर्व प्रधान अनिल तिवारी जखौरा, गोविंद प्रताप सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष बामोर, बद्री प्रसाद त्रिपाठी, हरपाल सिंह परमार, दीपू अस्ता, मानबहादुर सिंह प्रधान गोकुलपारा, पुष्पेंद्र सिंह परिहार प्रधान ठर्रो,मृगेंद्र सिंह वरगांय सहित क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिक एवं पत्रकार मौजूद रहे

## पुलिस कप्तान ने जनसुनवाई के दौरान पीड़ितों को दिया न्याय का भरोसा

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**औरैया।** आज पुलिस अधीक्षक औरैया श्री अभिजित आर. शंकर द्वारा पुलिस मुख्यालय ककोर में आये हुए पीडित फरियादियों की समस्याओं को जनसुनवाई के दौरान विस्तारपूर्वक सुना गया तथा पीडितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने हेतु सर्व-सम्बन्धित अधि0/कर्म0गणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



**जुम्मा की नमाज सकुशल सम्पन्न :** पुलिस अधीक्षक औरैया श्री अभिजित आर.शंकर के निर्देशन में जनपद औरैया मे शांति व्यव्यस्था हेतु थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत जुम्मा की नमाज पर मस्जिदों के पास शांति व्यवस्था ड्यूटी चैकिंग व निरंतर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को पूर्णरुप से सतर्क एवं मुस्तैद रहकर सकुशल संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ फुट पेट्रोलिंग करते हुए शांति व्यवस्था और सुरक्षा का एहसास कराते हुए, शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

**बैंक चेकिंग अभियान :** पुलिस अधीक्षक औरैया श्री अभिजित आर.शंकर के निर्देशन में जनपद औरैया के समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा टीम बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में बैंक/एटीएम चेकिंग की गयी,चैकिंग के दौरान ष्टष्टञ्जङ्क कैमरा,अलार्म, बैंक गार्ड व बैंक के अन्दर/बाहर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी।

**मिशन शक्ति फेज 5:** पुलिस अधीक्षक औरैया श्री अभिजित आर.शंकर के निर्देशन मे मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों की एन्टीरोमियो टीमों द्वारा प्रमुख स्कूलों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, भीड़-भाड़ वाले स्थानों,पार्क आदि पर चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तथा महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नं0-1090,1076,112 तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया ।

## 7 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ - कौशाम्बी - केसरिया हिंदुस्तान

कौशाम्बी में भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर प्रशासन को अपनी मांगों से अवगत कराया। किसानों ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बैंकिंग सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, सिंचाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, गौशाला और अवैध कब्जों से जुड़ी समस्या सहित प्रमुख मांगे किया।

किसानों की पहली मांग है कि चायल स्थित भारतीय स्टेट बैंक में ट्रेजरी चालान जमा करने की सुविधा दी जाए, जिससे लोगों को 40 किलोमीटर दूर मंझनपुर न जाना पड़े। दूसरी मांग में जर्जर चायल यूनानी अस्पताल के नए भवन का निर्माण शामिल है। तीसरी मांग गांधी नगर में तालाब और ग्राम सभा की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को हटाने की है।बड़ा पिपरहाटा गांव में सरकारी नलकूप की स्थापना और 800 मीटर कच्चे रास्ते को पक्का करने की मांग भी प्रमुख है। इसके अलावा, हरदुआ खास गांव में जल जीवन मिशन के तहत खुदाई के बाद रास्तों की मरम्मत और बिदनपुर काकोढ़ा गांव में प्रस्तावित गौशाला के लिए भूमि चिन्हित कर निर्माण की मांग की गई है।भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि वे लंबे समय से इन समस्याओं का समाधान चाहते हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है। उन्होंने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे और सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे।

## संवैधानिक यात्रा लेकर एटा पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का राजू आर्य ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर किया भव्य स्वागत

केसरिया हिन्दुस्तान
मोहित यादव लव

**एटा।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक संजय निषाद शुक्रवार को अपनी संवैधानिक यात्रा लेकर एटा जिले में पहुंचे।मंत्री संजय निषाद संवैधानिक यात्रा के दौरान एटा के प्रसिद्ध हिंदूवादी नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू के आवास पर भी पहुंचे जहां राजू आर्य ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मंत्री संजय निषाद का जोरदार स्वागत सम्मान किया, राजू आर्य के स्वागत सम्मान से मंत्री संजय निषाद गदगद दिखाई दिए। हिंदूवादी नेता राजू आर्य के आवास पर मंत्री संजय निषाद ने पत्रकारों से भी बातचीत की, संजय निषाद ने लोकसभा चुनाव को लेकर



कहा कि %भाजपा के नेता ही लोकसभा चुनाव में विभीषण% बने हुए थे। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रयागराज एक पवित्र भूमि है, निषाद राज की पवित्र भूमि है, जहां भगवान राम पधारे थे और निषाद राज ने उनकी सेवा की थी,अपनी संवैधानिक यात्रा को लेकर कहा कि कमजोर वर्ग को मजबूत करना और संविधान के अनुच्छेद 341 में प्रावधान है, 1994 में जो जातियां अनुसूचित जाति में थीं, उन्हें ओबीसी में डाल दिया गया, उन जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र मिलना चाहिए।

इसके अलावा कुंभ में हुई मौतों को लेकर हुए सवाल पर संजय निषाद ने कहा कि विपक्ष लाशों पर राजनीति कर रहा है, लाशों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, विपक्ष जांच का आंकड़ा मांग रहा है जबकि सरकार द्वारा टीम गठित करके जांच कराई जा रही है।

## बुजुर्गों का शुभाषीश, सुख, समृद्धि व शांति का मूल है : आचार्य सुशील बलूनी

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो
पीलीभीत

पीलीभीत- बरखेड़ा। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल बरखेड़ा में चल रहे पांच वें दिन स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान यज्ञ के मौके पर बोलते हुए आचार्य सुशील बलूनी ने कहा कि परिवार के सभी सदस्य प्रतिदिन प्रात: काल उठने के साथ ही वृद्ध माता-पिता, दादा-दादी तथा अपने से बड़ों के चरण स्पर्श करते हुए नमन करना चाहिए। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलने से सुख -शांति का वातावरण बना रहता है। संतसंग में जाने से पुण्य की प्राप्ति तथा ज्ञान चक्षु खुलते है।साथ ही भगवान श्रीराम की लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए आचार्य जी ने कहा कि भगवान श्रीराम के चरित्र का अनुसरण प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य करना चाहिए। कर्म पर निष्ठा में ही किसी भी फल की प्राप्ति छुपी होती है। हनुमान जी पर चर्चा करते हुए आचार्य बलुनी जी ने बताया कि सही गुरु अथवा देव प्राप्ति होने पर राम दूत हनुमान जी के समान समर्पित पूर्ण होकर पूरी ऊर्जा के साथ सच्चे मन से सेवा कार्य में जुटना चाहिये। ऐसा करने से ही हम सही मायने में राम दूत बन संसार में ख्याति व कल्याणकारी बनने की योग्यता प्राप्त कर सकते हैं।



आचार्य जी ने वास्तु शास्त्र की नियमों का विस्तार से उल्लेख करते हुए चौंसठ पद वास्तु, वास्तु पद विन्याश को विस्तार से समझाया। साथ ही घर के कोणों और दिशाओं में किन ग्रहों व देवों का वास है पर प्रकाश डाला गया। ब्रह्म स्थान- स्थान स्वामी-पृथ्वी के नाभिक तथा मनुष्य के नाभिक का संतुलन बनाने की विधि पर आचार्य सुशील जी ने विस्तार से व्याख्या की।

भोजन-श्वसन-जल पीने व निद्रा की आयुर्वेदिक शैली पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

कथा श्रवण करने निकटवर्ती ग्रामों से जानता जनार्दन की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बजाज पब्लिक स्कूल व कालोनी के छात्र छात्र-छात्राओं में देवांश रजक, आयुष्मान सिंह, अदिति, दीपाली,शिवान्या, गर्विता ने मिलकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पुत्र लव -कुश का मंचन कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया।इस अवसर पर बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा, सभी विभागाध्यक्ष तथा क्षेत्रीय किसान कमलेश शर्मा, सुभाष गंगवार, योगराज सिंह, देवेन्द्र गंगवार, हरिओम गंगवार, हेमंत गंगवार गोपाल गंगवार उपस्थित रहे।